फाल्गुन कृष्ण पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -187, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल 16

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज 2

बैजबॉल धराशायी, भारत ने सीरीज कब्जाई

3-1 से आगे है भारतीय टीम अंतिम टेस्ट 7 मार्च से

17 वीं शृंखला लगातार मेजबान के तौर पर भारत ने जीती

रांची। टेस्ट में बैजबॉल से प्रहार करने वाली इंग्लैंड की टीम को भारत ने अपने घर में एक बार फिर धूल चटाई है। भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने यह भ्रम भी तोड़ दिया कि अनुभव ही सर्वोपरि है। पांच मैचों की शृंखला में भारत ने इंग्लैंड को 3-1 से हराकर सीरीज अपने कब्जे में ली। भारतीय टीम की अपनी सरजमीं पर लगातार 17वीं शृंखला जीती हैं। भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 रन से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। उसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। अब शृंखला का अंतिम मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कानपुर के डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

यूपी अब देश के विकास में 'ब्रेक थ्रू', रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में जुटा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज यूपी, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यहां स्थापित डिफेंस कॉरिडोर के सभी छह नोड्स भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब पहली इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। यूपी में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स बन रहे हैं। आज कानपुर में अडाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस ने काम शुरू कर दिया है। समारोह में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के सीईओ करण अडाणी ने स्वागत किया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान आदि मौजूद थे।

अडाणी एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, अडाणी ग्रुप के सीईओ आशीष राजवंशी। ● अमृत विचार

- 500 एकड़ में बना दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा आयुध कॉम्प्लेक्स

चार हजार प्रत्यक्ष, 20 हजार परोक्ष रोजगार

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अडाणी ने बताया कि 15 महीने में पांच हजार एकड़ में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स तैयार हुआ है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें, हैंड ग्रेनेड निर्मित किए जाएंगे।

आईआईटी कानपुर, बीएचयू सेंटर फॉर एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री ने बताया कि डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सीलेंस नामित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में साझेदारी दिखाई है। उद्देश्य है कि भारत डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की जरूरत की पूर्ति करे।

एक नजर

पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से हटे विजय शेखर

नई दिल्ली। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने निदेशक मंडल को पुनर्गठित किया है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को 15 मार्च के बाद ग्राहकों से कोई भी नई जमा राशि या टॉप अप स्वीकार करने से रोक दिया है। बैंक ने सोमवार को कहा कि श्रीनिवासन श्रीधर, देबेंद्रनाथ सारंगी, अशोक गर्ग और रजनी सेखरी सिब्बल की नियुक्ति के साथ निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया है।

ट्रू-कॉलर की एआई-कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू

नई दिल्ली। कॉल करने वाले की पहचान से संबंधित एप 'ट्रूकॉलर' ने सोमवार को भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इस सुविधा में कॉल का सारांश एवं ब्योरा भी मिलेगा। कंपनी ने कहा कि एआई-आधारित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा के लिए शुल्क लगेगा और यह प्रीमियम सदस्यता के साथ उपलब्ध होगी। यह एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग प्रणालियों वाले मोबाइल फोन पर काम करेगी। इस सुविधा के तहत उपयोगकर्ताओं को सीधे ट्रूकॉलर ऐप के भीतर इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल रिकॉर्ड करने की क्षमता होगी। यह महत्वपूर्ण बातचीत को दर्ज करने और उनके प्रबंधन का एक सुविधाजनक एवं कुशल तरीका मुहैया कराता है।

कठुआ स्टेशन मास्टर सहित छह निलंबित

चंडीगढ़। जम्मू के कठुआ से रविवार को एक चालक रहित 53 वैगन वाली मालगाड़ी चलने के मामले में फिरोजपुर के डीआरएम संजय साहू ने उच्चस्तरीय की जांच के आदेश के बाद कठुआ स्टेशन के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें स्टेशन अधीक्षक, लोको पायलट, सहायक पायलट, प्वाइंट्समैन और टीआरआई शामिल हैं। साहू ने कहा कि जम्मू से पंजाब के लिए चिप पत्थर लेकर जा रही मालगाड़ी लोको पायलट बदलने के लिए कठुआ में रुकी थी। कुछ मिनटों के बाद, यह जम्मू-जालंधर ट्रैक पर ढलान सरकने लगी, जबकि नए पायलट और सह-पायलट अभी तक ट्रेन में नहीं पहुंचे थे।

नया भारत बड़े सपने देखता है और उसे दिन रात एक कर पूरा भी करता है : मोदी

प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया दो हजार से अधिक रेल प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रेलवे के कायाकल्प अभियान शुरू हो चुका है और उनके तीसरे कार्यकाल में रेलवे के विकास का स्केल एवं स्पीड अभूतपूर्व होगी। मोदी ने सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार से ज़्यादा रेल परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड (रफ्तार), अभूतपूर्व स्केल (कौशल) से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल पर काम होना शुरू हो गया है, जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने जम्मू से एक साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे दर्जनों बड़े शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया। कल ही मैंने राजकोट से एक साथ पांच एम्स और अनेक मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण किया। अब आज का ये कार्यक्रम है, आज 27 राज्यों के, करीब 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।

उत्तर प्रदेश के जिस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा 1500 से ज्यादा रोड ओवरब्रिज, अंडरपास की परियोजनाएं भी शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं। कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था। अब ये कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है।

● बोले-रेल परियोजनाओं की अभूतपूर्व रफ्तार और कौशल हैरत में डालने वाली

उप्र को मिले 74 स्टेशन, 267 आरओबी व अंडरपास

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के भी 74 रेलवे स्टेशन और 267 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) व अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें वे परियोजनाएं शामिल हैं जिनका पुनर्विकास एवं निर्माण किया गया है। उप्र. में जिन 74 स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया उनमें मेरठ नगर जं., मऊ जं., मानिकपुर जं., श्रीकृष्णा नगर, ऊंचाहार जं., मानकनगर, चुनार जं., गढ़मुक्तेश्वर, गोंडा जं., जौनपुर सिटी, ललितपुर जं, मल्हार, चित्रकूट धाम कर्वी, खुर्जा जं., लखीमपुर, कानपुर अनवरगंज, भटनी, हैदरगढ़, मैलानी जं., अकबरपुर ज., मिर्जापुर, गोविंदपुरी, भरतकुंड, सलेमपुर ज., महोबा जं., पीलीभीत जं., कन्नौज, स्वामी नारायन छपिया, सोनभद्र, लम्भुआ, मड़ियाहूँ, ईदगाह आगरा जं., तुलसीपुर, शिकोहाबाद जं., निहालगढ़, आंवला, आनंद नगर जं., बाबतपुर, लखनऊ सिटी, बरेली सिटी, पुखरायां, मोहनलालगंज, गोमती नगर, कानपुर पुल बाया, खोरासन रोड, बांदा, बढ़नी, बालामऊ जं., शिवपुर, गौरीगंज, सिद्धार्थनगर, व्यासनगर, किनारा, डालीगंज, कप्तानगंज जं., स्योहारा, बलरामपुर, फिरोजाबाद, उरई, लालगंज, खलीलाबाद, रामघाट हॉल्ट, गुरसहायगंज, गाजीपुर सिटी, फाफामऊ जं., मुजफ्फरनगर, बेल्थरा रोड, बुलन्दशहर, लोहता, राजा की मंडी, चिलबिला, कुंडा हरनामगंज, बादशाहपुर, तकिया और मैनपुरी जं. हैं। उधर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली जुड़े। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान है। उन्होंने लिखा, आमजन के जीवन को सुगम बनाती इन सौगातों के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!।

● भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान : योगी

ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा करने पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति की अपील खारिज करते हुए जिला जज के आदेशानुसार व्यास तहखाना (ज्ञानवापी मस्जिद का दक्षिणी तहखाना) में पूजा जारी रखने की अनुमति दे दी है। मालूम हो कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने 11 दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधक) ने 1 फरवरी को हाईकोर्ट के समक्ष वाराणसी के जिला जज के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए अपील दाखिल की थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद स्थित तलघर में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने व्यास जी का तहखाना में पूजा की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार किया था।

दरअसल, मस्जिद समिति का मानना है कि व्यास तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा होने के कारण उनके कब्जे में है और व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाने के अंदर पूजा-पाठ करने का कोई अधिकार नहीं है। समिति का यह भी तर्क था कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों के बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है और यथास्थिति बदल रहा है तो इस फैसले के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। यह भी प्रस्तुत किया गया कि व्यास तहखाना कभी भी हिंदू वादी के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दों के तैयार होने के बाद ही तय किया जा सकता है। दूसरी ओर हिंदू पक्षकारों का लगातार यह तर्क था कि तहखाने के अंदर पूजा-पाठ कभी नहीं रुका और यह वर्ष 1993 के बाद भी जारी रहा, जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया था।

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति की खारिज
- जिला जज वाराणसी कोर्ट ने 31 जनवरी को दी थी अनुमति

मतदान आज, भाजपा का साथ देंगे राजा भैया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राज्यसभा चुनाव

- जनसत्ता दल के दो विधायकों का साथ लेने की सपा की मुहिम को झटका

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की दस सीट के लिए होने वाले चुनाव में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पार्टी के विधायक विनोद सोनकर भाजपा के उम्मीदवार को वोट देंगे। राजा भैया के इस फैसले से समाजवादी पार्टी की उम्मीद खत्म हो गई है। अब राज्यसभा के लिए मंगलवार को होने वाला चुनाव राजनीतिक उठापटक और दांवपेच वाला होगा। इस बीच एक-एक वोट का महत्व समझाकर सोमवार को भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों को मतदान का प्रशिक्षण दिया।

उप्र. में राज्यसभा की दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। आठ प्रत्याशी भाजपा ने खड़े किए हैं, जबकि तीन प्रत्याशी सपा से हैं। सपा के तीनों उम्मीदवारों को जीतने के लिए कुल 111 वोट की जरूरत है। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं।

अगर कोर्ट आदेश देगी तो ईडी के समक्ष पेश होउंगा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह ईडी के समक्ष पेश होंगे। यह सातवीं बार है, जब केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री को सातवां समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने पर सोमवार को राजघाट पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये समन उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक औजार है।

● ईडी के 7वें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

नहीं रहे प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास

मुंबई, एजेंसी

- लंबी बीमारी के बाद 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

दिल की रगों को चीरते दर्द, इश्क में डूबी उदास शामों और मुहब्बत की रूबाइयों को अपनी मखमली, लरजती आवाज का सहारा देने वाले मशहर गजल गायक पंकज उधास (72) सोमवार को अपने लाखों चाहने वालों को छोड़कर चले गए। चांदी जैसा रंग है तेरा, इक तरफ उसका घर, चिट्ठी आई है, आहिस्ता कीजिए बातें और जीएं तो जीएं कैसे जैसे लोकप्रिय फिल्मी गीतों तथा मशहूर गजलों से अपने चाहने वालों के दिलों में उतरने वाले पंकज उधास का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। यह जानकारी उनकी बेटी नयाब ने दी।

पंकज उधास ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम सांस ली। उधास ने दयावान, नाम, साजन और मोहरा सहित कई हिंदी फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई थी। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा। उनके परिवार में पत्नी फरीदा और बेटियां रेवा तथा नयाब हैं।

सीआईएससीई 12वीं रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। भारतीय विद्यालयीय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने सोमवार को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा 21 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। सीआईएससीई की उप सचिव संगीता भाटिया ने स्कूल प्राचार्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि सोमवार, 26 फरवरी 2024 को होने वाली आईएससी वर्ष 2024 रसायन विज्ञान पेपर 1 (थ्योरी) परीक्षा को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा गुरुवार, 21 मार्च, दोपहर दो बजे पुनर्निर्धारित की गई है। परीक्षा स्थगित करने के सटीक कारणों के बारे में पूछे गए सवालों पर बोर्ड की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। लेकिन सीआईएससीई से जुड़े कुछ सूत्रों ने दावा किया कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न-पत्र कथित तौर पर सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुई थीं।

- अब 21 मार्च को दोपहर दो बजे होगी आयोजित

किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, टोल पर प्रदर्शन

होशियारपुर/सिरसा, एजेंसी

- सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़े करके जताया डब्ल्यूटीओ का विरोध

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले किसानों ने सोमवार को 'डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) छोड़ो दिवस' मनाया, ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। डब्ल्यूटीओ का पुतला भी फूंका। जालंधर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले भर में कई स्थानों पर सड़क के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े करके विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का उद्देश्य केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना था, जिसमें उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी, ऋण माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन और अन्य मांगों को वापस लेना शामिल था।

हरियाणा के सिरसा में किसानों ने जिलेभर में शांतिपूर्वक तरीके से ट्रैक्टर परेड मार्च किया और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -नौ पर खैरेकां गांव के पास लगे नाके पर डब्ल्यूटीओ के पुतले फूंके। भाकियू के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला जिससे प्रमुख सड़कों पर यातायात बाधित हो गया।

सेना में चयनित दो लाख युवाओं से अन्याय : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया। दावा किया कि सरकार द्वारा भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई, जिससे युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कहा कि मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं।

इनसे सीखें यूपी में पहले स्वच्छता मिशन में गांव को बनाया अग्रणी, फिर परिवारों को दिए रोजगार के अवसर

कूड़े से पैदा किए रोजगार के अवसर, बने ब्रॉड एम्बेसडर

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में जहां एक तरफ कूड़े के ढेर के निस्तारण को लेकर लंबे-चौड़े बजट का सहारा लिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इस तामझाम से दूर एक युवक ने ऐसा कुछ कर दिखाया कि वो प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी नजीर बन गया। दरअसल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके मेरठ के मोहिद्दीनपुर निवासी ने लोगों को जागरूक कर गांव से निकले कूड़े-कचरे से बिजली तैयार कराई, फिर इसे बेचकर गांव की सूरत बदल दी। हाल-फिलहाल लघु उद्यम के सहारे गांव वालों को रोजगार मिले हैं। स्वच्छता मिशन की इस अलख को कई प्रदेशों में सम्मान भी मिल चुका है।

मेरठ निवासी विजय नामदेव बताते हैं कि वो कई साल पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर गांव मोहिद्दीनपुर लौटे तो देखा, समस्या रोजगार और कूड़े के निस्तारण को लेकर थी। ऐसे में उन्होंने लोगों को जागरूक किया, फिर युवाओं की एक टीम तैयार की। सूखे और गीले कूड़े को अलग कर बेचा और निजी कंपनी की मदद से बिजली तैयार कराई, ऐसे में कई गांव रोशन हुए। बताते हैं कि गांव की स्वच्छता को प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन सम्मान के अलावा स्वच्छता ग्रामीण सम्मान भी मिल चुका है। पंजाब के मोहाली में हुए राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उद्यमता को भी पुरस्कृत किया जा चुका है।

लखनऊ में हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में गांव के मॉडल की जानकारी देते विजय नामदेव।

मोहिद्दीनपुर गांव के बच्चों ने प्रधानमंत्री से की मन की बात

मोहिद्दीनपुर गांव को मॉडल बनने में कई हाथ जुड़े हैं। विकास यहीं पर खत्म नहीं हुआ। विजय ने स्मार्टक्लास (आधार शिला) के सहारे बच्चों को प्रशिक्षित कराया। ऐसे में विद्यालय के छात्रों ने जब बुलेट ट्रेन और रोबोट तैयार किए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मन की बात के सहारे बच्चों से बात किए बिना नहीं रह सके।

गांव के बजट से युवाओं को मिला रोजगार

विजय बताते हैं कि ग्राम प्रधान विमला देवी की मदद से सफाई के नाम पर घरों से दो रुपया और दुकानदारों से पांच रुपया वसूल किया गया। कूड़े से बेचे गए रुपयों के सहारे चंद माह में करीब पांच लाख का राजस्व इकट्ठा हुआ। इससे बेरोजगार पुरुषों और महिलाओं को रोजगार देने में मदद मिली।

जिन्हें भूख है, हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे : रोहित

सरफराज, ध्रुव, यशस्वी और आकाशदीप ने जीत में अहम भूमिका निभाई

रांची, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मेहनत किए बिना राष्ट्रीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का सपना देख रहे दावेदारों से कहा कि मौका केवल उन्हीं को दिया जाएगा तो 'सबसे कड़े' प्रारूप में 'सफलता की भूख' दिखाएंगे। भारत ने सोमवार को चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला जीती। सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई जिससे रोहित खुश दिखे। रोहित ने कहा कि जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर भूख नहीं है तो उनको खिलाने का मतलब नहीं है। रोहित की यह प्रतिक्रिया बीसीसीआई के उस आदेश के बाद आई जिसमें इशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी मुकाबलों में खेलने को कहा गया था लेकिन इन दोनों ने इसे नजरअंदाज किया था। भारतीय कप्तान ने कहा हि मैंने टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं। लेकिन टेस्ट में बहुत कम मौके मिलते हैं। अगर आप उनका फायदा नहीं उठाते तो वह चले जाते हैं। इशान झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले, लेकिन आईपीएल के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया। रोहित ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है। यदि आप इस प्रारूप में उत्कृष्टता और सफलता हासिल करना चाहते हैं तो आपको भूख दिखानी होगी।

युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए माहौल देना जरूरी

रांची। युवा ब्रिगेड के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को टेस्ट श्रृंखला में हराने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टीम में आए युवाओं को सलाह की जरूरत नहीं है बल्कि अच्छे प्रदर्शन के लिए सहयोगी माहौल चाहिए। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल, आकाश दीप और सरफराज खान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने कहा कि यह काफी कठिन श्रृंखला है और जीतने के बाद अच्छा लग रहा है। ये युवा खिलाड़ी घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब क्रिकेट से यहां आए हैं। यह बड़ी चुनौती थी लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें अनुकूल माहौल देना होगा। प्रमुख खिलाड़ियों का नहीं होना अच्छा नहीं होता लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता।

सेना से निर्भीक तेवर मिले जुरेल को: रैना

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सेना की पृष्ठभूमि के कारण निर्भीक तेवर मिले और यहां तक पहुंचने के लिये उसने काफी मेहनत की है। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाकर भारत की 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।

रैना ने कहा कि मैं जुरेल की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हूं। उसने काफी मेहनत की है। उसके पिता सेना में थे लिहाजा उसमें वह हार नहीं मानने का निर्भीक तेवर है। जुरेल की पारी की सुनील गावस्कर ने भी तारीफ की जिन्होंने उसे अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। रैना ने कहा कि जुरेल शानदार खिलाड़ी है। मैने उसके साथ उत्तर प्रदेश के लिए कुछ मैच खेले हैं। रोहित शर्मा बधाई के पात्र हैं जिस तरह से उन्होंने पहले सरफराज खान को और फिर जुरेल को मौका दिया। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके लगातार अर्धशतक बनाना आसान नहीं है खासकर इतने महत्वपूर्ण मैच में जहां विकेट टर्न ले रहा हो। चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे रैना ने कहा कि वह चाहते हैं कि विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इस बार आईपीएल खिताब जीते। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि विराट कोहली और आरसीबी खिताब जीते। लंबा इंतजार हो गया। चेन्नई ने पिछली बार जीता था लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि इस बार वह टीम जीते जिसने अब तक ट्रॉफी नहीं जीती है। विराट मेहनत कर रहा है और जीत का हकदार है।

खेल डायरी

दक्षिण अफ्रीका में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने हमें मजबूत बनाया: हरमनप्रीत

राउरकेला, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया। भारत ने चार देशों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था। भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने रविवार की जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं। हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए। मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया।

आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाए का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल की मेजबानी करनी है। गहलोत ने कहा कि आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगाया गया। मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल पैदा किया जा रहा है। मैं राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों को बचाने के लिए स्वेच्छा से आरसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

अलान्या (तुर्की), एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तुर्की महिला कप में अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में जब कोसोवो से भिड़ेगी तो उसकी नजरें दक्षिण एशिया के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने पर होंगी। भारतीय टीम को खिताब के लिए मंगलवार को हर हाल में कोसोवा को हराना होगा। भारतीय टीम अभी लीग तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है। दोनों टीम के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर से कोसोवो शीर्ष पर है। 4 टीम की राउंड रोबिन लीग में भारतीय टीम ने एस्टोनिया (4-3) और हांगकांग (2-0) के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं। कोसोवो ने भी हांगकांग और एस्टोनिया के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं लेकिन भारत के प्लस 3 के मुकाबले उसका गोल अंतर प्लस चार है जिससे वह शीर्ष पर चल रहा है।

भारत ने सैफ अंडर 16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएंगे। **भारतीय टीम : गोलकीपर :** केटी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी **डिफेंडर :** अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी **मिडफील्डर :** अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के **फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस।

नहीं चला बैजबॉल, श्रृंखला भारत के नाम

इंग्लैंड को चौथा टेस्ट 5 विकेट से हराकर भारत ने लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीती

रांची, एजेंसी

अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली।

जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर पर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (44 गेंद में 37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (81 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए, लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली जबकि पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012-13 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम से हारी थी। उसके बाद से अपनी मेजबानी में भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं। इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया। पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है। भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर विराट कोहली और चोटिल केएल राहुल के बिना भारत ने श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लगातार 3 जीत दर्ज की। भारत के युवा खिलाड़ियों सरफराज खान, जुरेल और तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके को बखूबी भुनाया। जुरेल ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। चौथे दिन सोमवार को रोहित ने (81 गेंद में 55 रन) ने यशस्वी जायसवाल के साथ 84 रन की बड़ी साझेदारी की। जायसवाल ने 44 गेंद में 37 रन जोड़े। आफ स्पिनर जो रूट ने जायसवाल को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टल ने रोहित का विकेट लिया। स्पिनर शोएब बशीर ने रजत पाटीदार (0) को पवेलियन भेजा। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलते हुए भारत ने शुरूआत की। रोहित ने जेम्स एंडरसन की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर बशीर ने गेंद संभाली। रोहित और जायसवाल ने सहज होकर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को रन बनाए। रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9000 रन भी पूरे कर लिए। दोनों को आसानी से खेलते देख बेन स्टोक्स ने जो रूट को गेंद सौंपी, जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए जायसवाल को आउट किया।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- भारत ने 3-1 की विजयी बढ़त बनाई, पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में होगा
- श्रृंखला से बाहर विराट और चोटिल राहुल के बिना भारत ने लगातार 3 जीत की दर्ज

50 में से 39 टेस्ट मैच भारत ने देख में जीते

09 हजार रन रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किए पूरे

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी-353) (दूसरी पारी-145)

भारत (पहली पारी-307) दूसरी पारी 192/5 (61 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा का फोक्स बो हार्टली	55	81	5/1
यशस्वी जायसवाल का एंडरसन बो रूट	37	44	5/0
शुभमन गिल नाबाद	52	124	0/2
रजत पाटीदार का पोप बो बशीर	00	06	0/0
रविंद्र जडेजा का बेयरस्टो बो बशीर	04	33	0/0
सरफराज खान का पोप बो बशीर	00	01	0/0
ध्रुव जुरेल नाबाद	39	77	2/0

अतिरिक्त : 05, **विकेट पतन :** 1-84, 2-99, 3-100, 4-120, 5-120, **गेंदबाजी :** रूट 7-0-26-1, हार्टली 25-2-70-1, बशीर 26-4-79-3, एंडरसन 3-1-12-0

जीत पर टीम को कोहली ने दी बधाई

नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा' टीम के धैर्य, दृढ़ता और लचीलेपन की तारीफ की। निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर होने के बाद अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढ़ता और लचीलापन दिखाया। कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, भारत ने दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है। आकाशदीप ने टेस्ट में शानदार स्पेल डाला। ध्रुव ने दोनों पारियों में गेंद की लैंथ को भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। दूसरी पारी में कुलदीप का स्पेल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया।

हार्दिक ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में की वापसी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने चोट से लंबे ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए सोमवार को डीवाई पाटिल टी-20 कप में दो विकेट लिए। डीवाई पाटिल क्रिकेट अकादमी में भारत पेट्रोलियम निगम के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में रिलायंस वन की 2 विकेट से जीत में हार्दिक ने 3 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट लिए। अक्टूबर में पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप मैच के दौरान टखने में चोट लगने से पंड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर थे। वह आईपीएल में 5 बार की विजेता मुंबई इंडियन्स के नए कप्तान के रूप में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। रिलायंस वन टीम में तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, आकाश मधवाल, नमन धीर और पीयूष चावला जैसे मुंबई इंडियन्स के अन्य खिलाड़ी भी हैं। इस साल जून में कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए हार्दिक की जगह रोहित शर्मा को भारतीय कप्तान बनाया गया है। डीवाई पाटिल टी-20 कप एक कारपोरेट टूर्नामेंट है जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत की मजबूत स्थिति

दुबई, एजेंसी

भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 5 विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रोहित शर्मा की टीम ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है।

भारत का अंक 59.52% से बढ़कर 64.58% हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55%) और बांग्लादेश (50%) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44% अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 8 टेस्ट खेले हैं जिनमें से 5 में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि 1 ड्रॉ रहा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है। टीम ने 9 में केवल 3 मैच जीते हैं जबकि 5 में हार और 1 ड्रॉ रहा। न्यूजीलैंड 75% अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसने अब तक केवल 4 टेस्ट खेले हैं। टेस्ट मैच जीतने पर 12, टाई पर 6 और ड्रॉ के लिए 4 अंक दिए जाते हैं। प्रतिशत अनुसार टीमों को स्थान दिया जाता है। शीर्ष दो टीमें 2025 में लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में खेलेंगी। डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद से भारत अब तक दोनों बार फाइनल में पहुंचा है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

स्थान	टीम	मैच	जीते	हारे	ड्रॉ	अंक	अंक%
1	न्यूजीलैंड	4	3	1	0	36	75.00
2	भारत	8	5	2	1	62	64.58
3	ऑस्ट्रेलिया	10	6	3	1	66	55.00
4	बांग्लादेश	2	1	1	0	12	50.00
5	पाकिस्तान	5	2	3	0	22	36.66
6	वेस्टइंडीज	4	1	2	1	16	33.33
7	दक्षिण अफ्रीका	4	1	3	0	12	25.00
8	इंग्लैंड	9	3	5	1	21	19.44
9	श्रीलंका	2	0	2	0	0	0.00



बॉलीवुड हलचल

एटली ने की शाहरूख खान की तारीफ

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली ने वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान के परफॉर्मेंस की तारीफ की है। वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने परफॉर्म किया। इस अवसर पर शाहरुख खान ने भी अपनी परफॉर्मेंस दी। शाहरुख खान ने पठान के गाने पर डांस किया। शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बना चुके एटली ने शाहरुख खान की परफॉर्मेंस की एक फोटो के साथ स्टोरी शेयर की। स्टोरी शेयर करते हुए एटली ने लिखा, 'बॉस मैन इन मॉस मोड'। इसके बाद शाहरुख खान के फैन पेज ने ट्वीट करते हुए उनकी स्टोरी शेयर की और लिखा, 'एटली कभी भी शाहरुख के चार्म से उबर नहीं पाते और हम भी'। शाहरुख खान ने एटली कुमार की स्टोरी पर रिप्लाई देते हुए लिखा कि, सर आपसे ही सीखा है।

देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर जारी

मुंबई, एजेंसी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवा' के निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने शाहिद कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मेरे सबसे प्यारे भाई शाहिद कपूर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। ...हंसी...मस्ती... आप उन बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है और मेरे देवा के रूप में आपको निर्देशित करना मेरे लिए सम्मान की बात है! बहुत सारे प्यार और सम्मान के साथ मैं आपको एक शानदार वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं! शाहिद कपूर ने जवाब में लिखा, धन्यवाद, रोशन। 'देवा' के सेट पर वापस आने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। 'देवा' रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत, अभिनेत्री पायस पंडित और डिंपल सिंह की भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमला फिल्म्स क्रिएशन्स, डिजिटेक प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर ईगल होम एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म में उनका किरदार स्वच्छंद भ्रमण करने वाले लड़के की है। फिल्म में एक गुंजा नाम की लड़की गांव में रहती हैं, जहां उसके माँ बाप की बचपन में मृत्यु हो जाती हैं और वो अपने काका काकी के घर पर रहती हैं, जहाँ उसकी काकी उससे घर का हर काम कराती हैं और उसे ताना मारती हैं, वही काका काकी की बेटी नीलम शहर से गांव आती हैं। फिल्म के निर्माता गौतम कुमार, मनु भाई शाह और लोकेश मिश्रा हैं, जबकि निर्देशक मनोज ओझा हैं। गीतकार प्रकाश बारूद हैं। संगीतकार सर्विन्द मल्हार हैं। छायांकन फ़िरोज़ खान का है। संकलन गोविन्द दुबे और कोरियोग्राफी कानु मुखर्जी का है। कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत, पायस पंडित, डिंपल सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, जय प्रकाश, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, प्रिया, अंकुश कहार, आरती निगम, प्राची सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर फिल्म 'चमकीला'

मुंबई, एजेंसी। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'चमकीला' 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगीद्य। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की आने फिल्म चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

'झलक दिखला जा' को मिले 5 फाइनलिस्टस

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। एफएएम तिकड़ी - फराह खान, अरशद वारसी और मलाइका अरोड़ा द्वारा प्रेरित और जज किए गए शो झलक दिखा जा को अपने टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। इनमें कोरियोग्राफर अनुराधा अयंगर के साथ शोएब इब्राहिम, कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ सेलिब्रिटी टीन एक्टर अद्रिजा सिन्हा, कोरियोग्राफर सोनाली कर के साथ श्रीराम चंद्रा, कोरियोग्राफर आशुतोष पवार के साथ मनीषा रानी और कोरियोग्राफर सागर बोरा के साथ डॉक्टर एवं एक्टर धनश्री वर्मा हैं। शोएब ने कहा, झलक दिखला जा एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है, जो मुझे अपनी सीमाओं से आगे ले गया और एक डांसर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने की चुनौती दी। हर परफॉर्मेंस आत्म-खोज का सफर रहा है, जिससे मुझे खुद को उन तरीकों से अभिव्यक्त करने की इजाजत मिली है जिनके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। फाइनल में जीतना या हारना मेरे लिए अंतिम लक्ष्य नहीं है। श्रीराम ने साझा किया, गायन पृष्ठभूमि से आने से डांस फ्लोर पर कदम रखना मेरे लिए कठिन काम था। चुनौतियों, सीखने के अनुभवों और यादगार पलों से भरा यह सफर किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं है। अद्रिजा सिन्हा ने कहा, झलक दिखला जा के टॉप 5 में रहना एक सपना था जो हकीकत बन गया है! मेरे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन के साथ, जो मेरी ताकत बनाकर मेरे साथ रहे हैं, हर परफॉर्मेंस सीखने का एक खास अनुभव रहा है, जिसने मुझे खुद को चुनौती देने और एक डांसर के रूप में विकसित होने के लिए प्रेरित किया है।

काजल का रोमांटिक गाना डोली जब कमरिया रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता कुणाल तिवारी और अभिनेत्री काजल यादव का भोजपुरी गाना 'डोली जब कमरिया' रिलीज हो गया है। डोली जब कमरिया गाने को विजय चौहान और अलका झा ने गाया है। इस गाने में कुणाल तिवारी रोमांटिक मूड में काजल से कहते हैं कि धड़के करेजा रानी धक धक, अइसन सिंगार पर लागेलु कड़क, करेला मन धरी दाबी अकवरिया तब काजल यादव कहती हैं कि मूड में जब आईब हम डोले जे कमरिया, तबे नु आईब हम तोहरा पजरिया यह रोमांटिक गाना भोजपुरी फिल्म 'पपुआ के पप्पी' का है। मधु मंजुल आर्ट्स एंड गीता तिवारी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र कुमार झा एवं कुणाल कुमार तिवारी हैं। निर्देशक धीरेंद्र कुमार झा हैं। मुख्य कलाकार कुणाल तिवारी, विराज भट्ट, काजल यादव, ऋचा दीक्षित, अमित शुक्ला, प्रकाश जैस, प्रियांशु सिंह, अनूप अरोरा, साहिल शेख हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

पुखरायां स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का सौंपा ज्ञापन

पुखरायां। सोमवार को पुखरायां स्टेशन के नवीनीकरण के वर्चुअल उदघाटन के दौरान लोगों ने कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अमित आनंद से पुखरायां में नई मेमो व सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज कराने की मांग की गई। लोगों ने बताया कि महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव न होने से नगर वासियों व व्यापारियों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पुखराया स्टेशन से होकर दो नई मेमो ट्रेनें चलाई जाएं। साथ ही उद्योगनगरी एक्सप्रेस, उद्योग कर्मी व छपरा एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। ज्ञापन देने में नगर के गोविन्द मिश्रा, संदीप बंसल, पूर्व सदस्य रेलवे सलाहकार समिति शेख मोहम्मद, स्वतंत्र पासवान, विमल सचान व संजय कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

लापरवाही में सट्टी विद्युत उपकेंद्र का जेई निलंबित

कानपुर देहात। लापरवाही व मनमानी पर सट्टी विद्युत उपकेंद्र में तैनात जेई को निलंबित कर दिया गया है। पुखरायां विद्युत वितरण खंड के सट्टी उपकेंद्र में तैनात जेई अरविंद कुमार पर आरोप है कि वह अपने दायित्वों का सही तरीके से निवर्हन नहीं कर रहे थे। पूर्व में संविदा लाइनमैन रोहित सिंह की करंट से मौत के मामले में उन्हें जांच में दोषी ठहराया गया था। वहीं समीक्षा के दौरान अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक जेई की प्रगति भी काफी खराब मिली। इसके अलावा उपभोक्ता से अभद्रता, सहायक अभियंता परीक्षण खंड से दुर्व्यवहार व बिना सूचना दिए मुख्यालय छोड़ने समेत अन्य शिकायतें पाई गई थी। जिसपर अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह ने जेई अरविंद कुमार को निलंबित करते हुए एक्सईएन पुखरायां कार्यालय में संबद्ध कर दिया है।

सफाई महोत्सव

रसूलाबाद। सोमवार को करकरापुर गांव में आरएसपीएल के रूरा डिस्ट्रिब्यूटर जगदीश एंड कंपनी की ओर से कपड़ों की सफाई महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्टेट हेड कपिल गुप्ता ने बताया कि कंपनी की क्वालिटी बेहतर है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान सोनू तिवारी ने एक सैकड़ा वरिष्ठ जनों को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कंपनी के प्रोपराइटर अंकुर गुप्ता ने बताया कि आसपास क्षेत्र में कंपनी द्वारा घड़ी डिटर्जेंट का व्यापक स्तर पर प्रचार किया जा रहा है। इस मौके पर झींझक ब्लाक के बचीत भरथू ग्राम प्रधान अभिषेक भदौरिया सोलू सिंह ने स्वच्छता पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रशांत राज सिंह, प्रभात यादव, अरुण तिवारी, आशीष पांडेय, अंकुर गुप्ता, विकास मिश्रा, विजय मिश्रा आदि रहे।

स्टेशन का पुनर्विकास और मिला नया अंडरपास

पुखरायां व रूरा को मिला तोहफा : दोनों का पीएम मोदी ने किया वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास

संवाददाता पुखरायां/रूरा

अमृत विचार। रेलवे की अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित पुखरायां स्टेशन के नवीनीकरण व रूरा में करीब आठ करोड़ रुपये से बनने वाले नए अंडरपास का प्रधानमंत्री ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से उदघाटन किया। पुखरायां स्टेशन पर लोगों ने कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ मंडल प्रबंधक से नई मेमो व सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज कराने की मांग रखी।

पुखरायां कस्बा के रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 12 करोड़ रुपये की लागत से प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर टीनशेड का निर्माण, पुरुष व महिलाओं के लिए अलग-अलग एसी वेटिंग रूम, शौचालय सहित स्टेशन परिसर मैदान का सुंदरीकरण किया जा रहा है। जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से शिलान्यास व उद्घाटन रेलवे मैदान में किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने देश भक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताकर जागरूक किया गया। कहा कि पुखरायां रेलवे स्टेशन मुख्यालय है। क्योंकि आसपास दो सौ ग्रामीणों के लोग आकर ट्रेन से सफर करते हैं। वहीं जुनेदपुर के पास अंडरपास का उद्घाटन किया गया। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में झांसी मंडल सीनियर डीसीएम अमित आनंद, एएसटीई उमाकांत कुशवाहा, मुख्य वरिष्ठ निरीक्षक अनूप सक्सेना, कार्यालय अधीक्षक प्रवीण कुमार, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भानु प्रताप वर्मा के प्रतिनिधि श्याम सिंह सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष राहुल देव अग्निहोत्री, मलासा ब्लाक प्रमुख स्वतंत्र पासवान, पालिकाध्यक्ष पूनम दिवाकर, प्रतिनिधि करुणाशंकर दिवाकर, मुकुल पांडेय, गोविंद मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। इसी तरह रूरा थाना ग्राउंड में कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से रूरा कस्बे में करीब आठ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए अंडर पास का शिलान्यास किया किया। बताते चलें की रूरा कस्बे में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। जिस कारण अक्तूबर 2023 से रेलवे क्रासिंग बंद है। वैकल्पिक मार्ग के तौर पर कस्बे में रेलवे की पुरानी पुलिया को आवागमन के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है। मार्ग संकरा होने के कारण रोज घंटों जाम लगता है। इसलिए कस्बा व क्षेत्र वासी काफी समय से नए अंडरपास की लगातार मांग कर रहे थे। नया अंडरपास बन जाने से कस्बे में जाम की समस्या से निदान मिल जायेगा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी, जिला पंचायत अध्यक्ष पति राजेंद्र सिंह राजू, रूरा चेयरमैन रामजी गुप्ता, रूरा रेलवे स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार, आरपीएफ प्रभारी खजाना सिंह, अशोक यादव, रामबाबू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

शिलान्यास के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

पुखरायां स्टेशन के पुनर्विकास के शिलापट का पर्दा हटाते मंत्री राकेश सचान।

रूरा में वर्चुअल माध्यम से अंडरपास का शिलान्यास करते पीएम मोदी।

वेलनेस सेंटरों में ताला, रोका वेतन

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र के हेल्थ वेलनेस सेंटरों में तैनात सीएचओ के लापरवाही बरतने के मामले सामने आने पर राजपुर पीएचसी प्रभारी ने बीहड़ पट्टी के सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो सेंटरों में ताला लटकता मिला। जबकि एक सेंटर पर गंदगी मिली। जिसपर तीनों सेटरों के सीएचओ वेतन रोककर स्पष्टीकरण तलब करते हुए रिपोर्ट सीएमओ को भेजी गई है।

सोमवार को राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने सबसे पहले खोजाफूल के हेल्थ वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचओ ज्योति शुक्ला मौजूद मिली। हालांकि सेंटर में साफ-सफाई न मिलने पर पीएचसी प्रभारी ने नाराजगी जताते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए। मरीजों का ब्योरा आनलाइन सुरक्षित न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। उसके बाद पीएचसी प्रभारी ने मिरगांव सेंटर का निरीक्षण किया तो तालाबंदी मिली और सीएचओ आकांक्षा कटियार नदारद मिली। उन्होंने गांव के लोगों से सेंटर में होने वाले उपचार की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि सेंटर में तैनात सीएचओ अक्सर नदारद रहती हैं और सप्ताह में दो से तीन दिन ही खुलता है। सीएचओ अक्सर 12 बजे सीएचओ सेंटर पहुंचती और समय से पहले ताला बंद कर दिया जाता है। उसके बाद बीहड़ पट्टी के बैजामऊ बांगर गांव में किराये के भवन में संचालित हेल्थ वेलनेस सेंटर का निरीक्षण करने पर वहां भी ताला लटकता मिला। सेंटर में तैनात सीएचओ अदिति बाजपेयी बगैर सूचना के नदारद मिली।

- **राजपुर पीएचसी प्रभारी के औचक निरीक्षण में खुली पोल, सीएमओ को भेजी रिपोर्ट**

खोजाफूल सेंटर में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते पीएचसी प्रभारी।

रिश्वत लेने में पकड़ा गया लेखपाल निलंबित

फॉलोअप

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। जमीन बंटवारे में रिपोर्ट लगाने के एवज में किसान से रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल व मारपीट करने वाले उसके भाई को एंटी करप्शन टीम द्वारा जेल भेजे जाने के बाद निलंबित कर दिया गया है। हल्के की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक को दी गई है।

बता दें कि सिकंदरा तहसील में तैनात लेखपाल संजीव कुमार सचान को शनिवार दोपहर राजपुर थाने के पास से एंटी करप्शन की टीम ने दमनपुर गांव निवासी किसान मन्ना सिंह की शिकायत पर 18 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया था।

अकबरपुर कोतवाली ले जाने के बाद एंटी करप्शन टीम प्रभारी सुशील कुमार पाराशर की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वहीं एंटी करप्शन टीम के सिपाही से मारपीट पर आरोपी लेखपाल के भाई राजीव सचान के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था। जिसके बाद सिकंदरा एसडीएम शिखा संखवार ने आरोपी लेखपाल को निलंबित कर दिया है। सिकंदरा तहसीलदार संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी लेखपाल के पास दमनपुर, खोजारामपुर की जिम्मेदारी थी। जबकि रमऊ गांव की अतिरिक्त में तैनाती थी।

आरोपित लेखपाल के जेल जाने के बाद अब दमनपुर व खोजारामपुर में हल्के की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक प्रमोद कुमार को दी गई है। जबकि रमऊ गांव में राजस्व निरीक्षक विश्वनाथ को जिम्मेदारी दी गई है।

सार-संक्षेप

नहर पर नया पुल बनवाने की मांग

रूरा। रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 92 पर स्थित नहर पर नया पुल बनाने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने अकबरपुर सांसद के भाई को ज्ञापन दिया। रेलवे द्वारा स्टेशन के पूर्वी ओर स्थित गांव के हजारों ग्रामीणों के लिए निकलने वाले आम रास्ते को बंद कर दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को रूरा कस्बा आने के लिए डेढ़ किलोमाटर की जगह करीब आठ किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसे में स्कूल जाने वाले छात्र, मरीज, महिलाओं समेत अन्य लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। जिसपर सोमवार को दर्जनो गांवों के सैकड़ों ग्रामीण नहर भुलनईपुरवा की ओर नया पुल बनाने की मांग लेकर थाना ग्राउंड में हो रहे पीएम के वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान एकत्रित हुए और अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले को संबोधित ज्ञापन उनके भाई जिला पंचायत अध्यक्ष पति राजेंद्र सिंह राजू को सौंपा। अध्यक्ष पति ने बताया कि सांसद को ज्ञापन के विषय मे जानकारी दी गई है। जल्द ही रेलवे अधिकारियो से मिलकर समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

अवैध पटाखा व बारुद का भंडारण पर होगी कार्रवाई

मूसानगर। आगामी त्योहारों व ज्ञानवापी मामले को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान लोगों से सौहार्द्रपूर्ण व मिल-जुलकर रहने की अपील की गई। सोमवार को थाना परिसर में एसओ अमरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संभ्रांत लोगों के साथ बैठक हुई। बैठक में मस्जिद व मंदिरों में अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के लिए कहा गया। साथ ही अवैध पटाखा, बारुद का भंडारण एवं बिक्री करते पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि कहीं भी अराजक तत्व या संदिग्ध नजर आता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। किसी प्रकार का भ्रम व भ्रांति न फैलाएं। सभी लोग आपसी सहयोग और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रहे। बैठक में सभासद अर्जुन सिंह निषाद, नौशाद अली, सूरज सिंह चौहान, अकरम खां, नसरुद्दीन पूर्व प्रधान, बाबू राईन, नसीम कुरैशी, राशिद हाफिज, मुन्ना टेलर, मोहम्मद हारून अली, मोहम्मद अहमद अली आदि लोग मौजूद रहे।

दिल्ली जा रहे भाकियू नेता को किया गया नजरबंद

रूरा। किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता को भटौली स्थित उनकी दुकान से निकलने पहले ही चौकी इंचार्ज रूरा ने हाउस अरेस्ट कर लिया। भाकियू के जिला प्रवक्ता कृपाल सिंह ने बताया कि संगठन के आवाहन पर सोमवार को सांकेतिक तौर पर ट्रैक्टर मार्च दिल्ली की तरफ मुंह कर सरकार को यह संदेश देना था कि किसानों की मांग पूरी की जाए। अन्यथा किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों से दिल्ली की ओर कूच करेंगे। कस्बा चौकी प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर किसान नेता को उनकी दुकान पर ही निगराने में रखा गया है।

नेहरू युवा केंद्र की ओर से हुई प्रतियोगिता

शिवली। विकासखंड मैथा में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू युवा केंद्र की ओर से लालपुर शिवराजपुर में स्वयंसेवक राकेश कुमार व जिला युवा अधिकारी प्रिया तिवारी के निर्देशन में कराया गया। इस दौरान खो-खो, रस्सा खींच, कबड्डी व रिले रेस हुई। खो-खो में लक्ष्मीबाई टीम विजयी रही। कप्तान शिप्रा को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बलराम सिंह, विनीत मिश्रा, हीरा सिंह आदि रहे।

डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

कानपुर देहात। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत सोमवार को डीएम आलोक सिंह ने माती स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम, वीवीपैट के रखरखाव को देखा और सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने कहा कि ईवीएम वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था 24 घंटे रहे। इसमे किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। साथ ही सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरस्त रहे। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

सड़क हादसे में घायल मां-बेटे ने अस्पताल में तोड़ा दम

रसूलाबाद, कानपुर देहात। ओमनी वैन की टक्कर से बाइक सवार मां और बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। घायल मां-बेटा को उपचार हेतु कानपुर में निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान मां- बेटा ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मां-बेटा की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया। शनिवार को सिठऊपुरवा का मजरा केशीपुर निवासी अंकित(19) अपनी मां पुष्पा देवी (46) को बाइक से लेकर शिवली दवा लेने जा रहा था । इस दौरान रसूलाबाद शिवली मार्ग पर कहिंजरी बिजली घर के समीप सामने से आ रही ओमनी वैन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी, जिससे मां और बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें उपचार के लिए कानपुर ले गए थे । जहां उपचार के दौरान बेटे अंकित ने शाम को ही दम तोड़ दिया था वही मां पुष्पा की रविवार सुबह मौत हो गई। मां और बेटे की अकस्मात हुई मौत से घर में कोहराम मच गया। पत्नी और जवान बेटे की मौत से पति पप्पू ,पुत्र अमित व बड़ी विवाहित पुत्री सुमन सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

स्मार्ट फोन के साथ महाविद्यालय के छात्र। अमृत विचार

संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों को मिले स्मार्ट फोन

मूसानगर। कस्बा स्थित श्रीकृष्णा आयुर्वेदिक संस्कृत महाविद्यालय में सोमवार को छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। जिसके पाते ही छात्रों के चेहरे खिल उठे। महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश शुक्ल ने बताया कि 2021-22 सत्र के शास्त्री द्वितीय व तृतीय वर्ष के नौ छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन दिए गए हैं। बालाजी धाम के महंत ओमप्रकाश शर्मा ने छात्र अभिषेक, स्वाती, आदित्य कुमार, जावेद अली, रुकसार, सुशील आदि को स्मार्ट फोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि इस दौर में आधुनिक शिक्षा के लिए स्मार्ट फोन बहुउपयोगी है, जो हर समय छात्रों को नई जानकारियों से परिपूर्ण रखेगा। इस मौके पर हृदय नारायण शुक्ल पूर्व प्राचार्य, कमलेश कुमार द्विवेदी, ब्रजकिशोर, रामबाबू, आदि रहे।

हाईवे किनारे मृत मिला युवक औरैया का

संवाददाता सिकंदरा

अमृत विचार। खोजाफूल गांव के पास बीती 13 फरवरी को मिले अज्ञात युवक के शव की पिता ने शिनाख्त कर ली है। मृतक जनपद औरैया का रहने वाला था। परिजनों ने बेटे की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के खोजाफूल गांव के पास बीती 13 फरवरी को कानपुर से इटावा की ओर जाने वाले हाईवे की सर्विस रोड से करीब बीस फीट दूर गड्ढे में एक युवक का शव मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया था। लेकिन पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने मामले को दुर्घटना बताकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। वहीं समय पूरा होने के बाद भी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। सोमवार को सिकंदरा थाना पहुंचे रामलाल ने मृतक की पहचान अपने बेटे चंद्रभान उर्फ रवि (30) निवासी महाराजपुर हैदरपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया के रूप में की।

- **13 फरवरी को खोजाफूल के पास मिला था शव, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका**

कथा के माध्यम से जीवन में सुधार लाने का संदेश

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। अकबरपुर क्षेत्र के श्रीरामजानकी आश्रम गौरियापुर में चल रहे श्रीहरिहरात्मक पंचकुंडीय महायज्ञ के अंतर्गत दूसरे दिन भागवत व्यास पीठ के विद्वान आचार्यों ने भगवान की रसमई कथाओं का वर्णन किया।

राजस्थान के कोटा से आए भागवत व्यास पंडित राजेश मिश्रा प्रशांत जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की पावन कथा सतचित और आनंद को प्रदान करने वाली है। भगवान की पुनीत कथाओं का यह उद्देश्य होता है कि श्रोताजन ये पौराणिक कथाएं सुनकर अपने जीवन के दोषों का अनुभव कर सकें। फिर उन कथाओं का आश्रय लेकर अपने जीवन में उत्तरोत्तर सुधार और सदाचार की अभिवृद्धि करते रहें। इस दौरान पंडित श्याम किशोर द्विवेदी व पंडित सतगुरु साहब पांडेय ने भी श्रीमद्भागवत पुराण की मनोहरी कथाओं का सुंदर वर्णन किया। पंडित रामकुमार शुक्ला ने महाभारत की संगीतमयी कथा से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उधर यज्ञ शाला में यज्ञाचार्य पंडित राज नारायण त्रिपाठी ने अपने सहयोगी आचार्य पंकज अग्निहोत्री, पंकज शुक्ला, दीपक तिवारी, रतन तिवारी, गौरव शुक्ला आदि के साथ यज्ञ यजमानों को मंडप प्रवेश कराया। यज्ञ संयोजक देवनारायण दास जी के पास भक्तों का तांता लग रहा। इस मौके पर परीक्षित प्रमोद अवस्थी, उमा अवस्थी, सुरेश अग्निहोत्री, राम नरेश त्रिपाठी, राजेश शुक्ला, योगेश्वर नाथ अवस्थी, गणेश गर्ग, रामबालक तिवारी, सोनू पांडेय, सुनील पांडेय, सरवन तिवारी, राहुल त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण कश्यप, मोतीलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

- **श्रीरामजानकी गौरियापुर आश्रम में दूसरे दिन आचार्यों ने सुनाई कथा**

श्रीमद् भागवत कथा सुनाते आचार्य।

श्रीमदभागवत कथा सुनाते लोग। अमृत विचार

बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 डिलौलिया वि0ख0 अमरौधा तहसील– भोगनीपुर कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक– 28/02/2024 को ग्राम सभा डिलौलिया के पंचायत भवन परिसर में समय 12:00 बजे प्रस्तावित की गयी। जिसमें इच्छुक मछुआ समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनायें।

मुख्य प्रवर्तक

बैठक सूचना

दिनांक 22/02/2024 को प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति भुपैयापुर वि.ख. राजपुर तहसील सिकन्द्रा का.दे. के गठन हेतु उपविधिया प्राप्त हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी का.दे. से अनुरोध किया गया था। जिसके फलस्वरूप उपनिदेशक सहकारिता कृते निदेशक उ.प्र. लखनऊ कार्यालय पत्रांक– 963/सह.शा./निबन्धन/2023–24 दिनांक 21/02/2024 को उपविधियां समिति गठन हेतु प्राप्त हो गई। अतः प्रस्तावित समिति से समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27/02/2024 को अपरान्ह 3 बजे प्राथमिक विद्यालय सिहुरा के प्रांगण में एक बैठक प्रस्तावित की गई है। जिसमें सभी सदस्यों को उपविधियां पढ़कर सुनाई जायेगी। कृपया समस्त सदस्यगण सूचना प्राप्त कर बैठक में नियम समय व स्थान पर प्रतिभाग करें।

मुख्य प्रवर्तक
अवनीश कुमार
मत्स्यजीवी सहकारी समिति भुपैयापुर
सिकन्द्रा कानपुर देहात

व्यवस्था परिषदीय स्कूल की 16 मार्च से वार्षिक परीक्षा, 1.54 लाख बच्चे होंगे शामिल

अभिभावकों को दिखाई जाएंगी बच्चों की कॉपियां

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाएं इस बार पैरेंट्स को दिखाई जाएंगी। परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होंगी। जिसमें इस बार जिले के करीब 1.54 लाख बच्चे परीक्षा देंगे और 31 मार्च को परिणाम जारी होगा।

प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कक्षा एक से आठ की वार्षिक परीक्षाएं 16 से 21 मार्च के बीच होंगी। परीक्षा दो पालियों में सुबह 09:15 से 11:45 बजे तक तथा दोपहर में 12:15 से 02:45 बजे तक कराई जाएगी। पूरी परीक्षा 50 नंबर की होगी। इसके लिए जिला स्तर पर डायट के माध्यम से पेपर तैयार किए जाएंगे। पेपर में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। शासन ने इसके लिए मॉडल पेपर भी जारी किया है। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा सिर्फ मौखिक होगी। कक्षा दो व तीन में मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसके अंक 50-50 फीसदी होंगे। कक्षा चार-पांच में मौखिक व लिखित परीक्षा होगी। इसके अंक 30-70 फीसदी होंगे। कक्षा छह से आठ की परीक्षा लिखित ही होगी। इसमें पूरे नंबर लिखित परीक्षा के ही दिए जाएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी प्रश्न पत्र 14 मार्च तक विद्यालयों को उपलब्ध कराएंगे। कक्षा आठ की कॉपियों का मूल्यांकन विकासखंड स्तर से होगा। लिखित परीक्षा ढाई घंटे की होगी। जबकि मौखिक परीक्षा की अवधि प्रधानाध्यापक आवश्यकतानुसार तय करेंगे। कक्षा सात तक की वार्षिक परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन विद्यालय के ही शिक्षक करेंगे। कक्षा पांच की वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन संकुल स्तर पर व कक्षा आठ की कॉपियों का मूल्यांकन विकासखंड स्तर पर कराया जाएगा।

कक्षा एक से आठ तक कोई छात्र नहीं होगा फेल

कक्षा एक से आठ के किसी भी विद्यार्थी को फेल नहीं किया जाएगा। वार्षिक परीक्षाफल जारी करने के समय छात्र-अभिभावकों की बैठक की जाएगी। इसमें उन्हें मूल्यांकन की गई कॉपियां दिखाई जाएंगी और इसके बाद उन्हें रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। शुचितापूर्ण वार्षिक परीक्षा के लिए प्रधानाध्यापक, बीईओ व बीएसए जिम्मेदार होंगे। वहीं परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाओं के समय को भी आधा घंटा बढ़ा दिया गया है, जो पेपर पहले दो घंटे में हल करने थे। उसके लिए उन्हें 2.30 घंटे समय दिया गया है। इस तरह अब परीक्षा पूर्व निर्धारित समय से 15 मिनट पहले शुरू होकर 15 मिनट बाद तक चलेगी।

> वार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर कक्षा एक से आठ तक किसी भी छात्र-छात्रा की कक्षोन्नति नहीं रोकी जाएगी। परीक्षाफल घोषित करने के दिन छात्र-अभिभावक के साथ बैठक आयोजित कर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को दिखाया जाएगा और रिजल्ट कार्ड भी दिया जाएगा।
>
> -रिद्धी पांडेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी

दुकान में घुसी सवारियों से भरी मैजिक

संवाददाता सिकंदरा

अमृत विचार। महमूदपुर बुजुर्ग में एक ढाबा के पहले नेशनल हाईवे पर कानपुर से औरैया ओर जा रही तेज रफ्तार सवारी से भरी मैजिक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर ऑटो इलेक्ट्रिशियन की दुकान के अंदर जा घुसी। जिससे सवारियों में कोहराम मच गया। दुकानदारों ने सवारियों को सकुशल मैजिक से बाहर निकाला गया।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के महमूदपुर बुजुर्ग में न्यू इंडिया ढाबा मंदिर के पहले नेशनल हाईवे पर कानपुर से औरैया की ओर चालक कौशल कुमार बर्रा कानपुर निवासी तेज रफ्तार सवारी से भरी मैजिक लेकर जा रहा था। इसी दौरान वह मैजिक को ट्रक से ओवरटेक करने लगा। तभी मैजिक अनियंत्रित हो गई और हाईवे किनारे स्थित चौरसिया ऑटो इलेक्ट्रिशियन की दुकान के अंदर जा घुसी। जिससे मैजिक में सवारियों में चीख-पुकान मच गई। आसपास के दुकानदारों व राहगीरों ने आनन-फानन सवारियों को सुरक्षित मैजिक से बाहर निकाला गया। गनीमत रही हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। सभी सवारियां दूसरे वाहन से औरैया की ओर चली गई। सिकंदरा थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

- **ट्रक को ओवरटेक करने पर हादसा, सवारियों को मैजिक से निकाला**

अनियंत्रित होकर दुकान में घुसी मैजिक। अमृत विचार

पुलिया से टकराया डंपर

रसूलाबाद। चावल लाद जा रहा डंपर अनियंत्रित होकर सियारी नाला की पुलिया से टकरा गया। जनपद हरदोई के बिलग्राम निवासी अमर सिंह अपने साथी छोटू के साथ रविवार देर रात डंपर में चावल लाद कर हरदोई से महाराष्ट्र जा रहा था। इस दौरान दशहरा गांव के समीप झींझक-रसूलाबाद मार्ग पर डंपर अनियंत्रित होकर सियारी नाला की पुलिया से टकरा गया। पुलिस ने चालक अमर सिंह व परिचालक छोटू को डंपर से बाहर निकाला। हादसे में दोनों बाल-बाल बच गए।

एक नजर

नशे में छत से कूदकर युवक ने दी जान

कानपुर। रावतपुर थानाक्षेत्र में कन्नौज तिर्वा के रहने वाले राकेश के 22 वर्षीय पुत्र विवेक ने नशे में छत से कूदकर जान दे दी। पिता ने बताया कि रविवार रात विवेक नशे की हालत में घर आया और भाई ईलू से झगड़ा करने लगा। जिसपर उन्होंने विवेक को डांट फटकार दिया। इसके बाद वह छत पर चला गया और नीचे कूद गया। वह घायल बेटे को सीएचसी कल्याणपुर ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने परिजनों ने घटना की जानकारी ली।

पत्नी से झगड़कर वृद्ध ने लगाई फांसी

कानपुर। कानपुर देहात रूरा निवासी 60 वर्षीय छोटेलाल संखवार ने पत्नी से झगड़कर फांसी लगाकर जान दे दी। वह रतनपुर में अश्वनी कुमार त्रिवेदी के प्लॉट पर केयरटेकर के रूप में पत्नी रामरानी के साथ तीन माह से रह रहे थे। अश्वनी ने पुलिस को बताया कि रविवार देर रात शराब के नशे में छोटेलाल ने गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी। प्लॉट मालिक की सूचना पर पहुंची रावतपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

साइबर ठग ने युवक से 27 हजार रुपये ठगे

कानपुर। गोविंद नगर राम आसरे नगर निवासी राहुल प्राइवेट नौकरी करते हैं। राहुल ने बताया कि उनके पास साइबर ठग ने फोन कर ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित मे खाते में रुपये ज्यादा चले जाने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने तीन बार में 27 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर सेल व गोविंद नगर थाने में की है।

दो स्टेशनों पर एसी वेटिंग रूम, लिफ्ट, एस्क्लेटर लगेंगे

आधुनिक होंगे अनवरगंज और गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन ❍ प्रधानमंत्री ने दोनों स्टेशनों का किया वर्चुअल शिलान्यास

अमृत भारत योजना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अमृत भारत योजना के तहत अनवरगंज और गोविंदपुरी स्टेशन को आधुनिक रूप देने के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल शिलान्यास किया। नगर में एक आरयूबी का लोकार्पण भी किया गया। स्टेशनों पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। निबंध व कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

अमृत योजना के तहत पुराने ढांचे पर चल रहे स्टेशनों को अत्याधुनिक बनाया जाना है। इस योजना के तहत चयनित शहर के अनवरगंज और गोविंदपुरी स्टेशन पर सोमवार को शिलान्यास कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई। अनवरगंज स्टेशन पर आक्सफोर्स मॉडल कॉन्वेंट स्कूल की बालिकाओं ने भारत नाट्यम नृत्य किया। इसके बाद छात्रा खुशी चौधरी ने देश भक्ति गीत गाकर मौजूद लोगों में जोश भरा। वहीं गोविंदपुरी स्टेशन पर भी वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर और ओंकारेश्वर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। जनप्रतिनिधियों व रेलवे अधिकारियों ने स्टेशनों पर होने वाले कामों के बारे में जानकारी दी। दोपहर 12:46 बजे प्रधानमंत्री ने वर्चुअल शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद स्कूल के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद सत्यदेव पचौरी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, जिला अध्यक्ष उत्तर दीपू पांडेय, कौशल किशोर दीक्षित, मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, जगदीश तिवारी, अंकित बाजपेई व रेलवे सीटीएम आशुतोष सिंह व एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी, डीईएन आयुष कुमार सिंह, एडीईएन एके गुप्ता, निशा ब्याडवाल, एसएस अनवरगंज मनोज कुमार झा, सीआईटी दिवाकर तिवारी, सीडीओ नितीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

गोविंदपुरी स्टेशन पर संबोधित करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। अमृत विचार

ये सुविधाएं होंगी स्टेशनों पर

रेलवे अमृत भारत योजना के तहत स्टेशनों को आधुनिक बनाने के लिए बड़े स्तर पर कई काम करा रहा है। एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया स्टेशन पर एयर कंडिशनर प्रतिक्षालय, लिफ्ट, प्लेटफॉर्म शेड, पेयजल, स्वचलित सीढ़ियां, अंडरपास की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। इसके अलावा बच्चों के खेलने के लिए स्थान, कैफेटेरिया, वाईफाई, पार्किंग समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से स्टेशन परिपूर्ण होंगे। इस दिशा में दोनों स्टेशनों पर काम चालू है।

नवीनीकरण की डेडलाइन घोषित

रेलवे की तरफ से गोविंदपुरी व अनवरगंज स्टेशन के विकास कार्यों की डेडलाइन घोषित की गई है। रेलवे सीटीएम आशुतोष सिंह ने बताया गोविंदपुरी का काम सितंबर तक पूरा होना है, जबकि अनवरगंज स्टेशन की डेडलाइन दिसंबर माह तक रखी गई है। दोनों स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। जिसमें भवन, प्लेटफार्म, टीटीई कार्यालय, वेटिंग रूम आदि शामिल हैं। इसके साथ ही वॉशिंग लाइन का निर्माण भी हो रहा है।

करबिगवां में विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

करबिगवां रेल ओवरब्रिज और दो अंडरपास का लोकार्पण

सरसौल। दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर सोमवार को सरसौल ब्लाक के करबिगवां रेल ओवरब्रिज के अलावा हाथीगांव और हाथीपुर अंडरपास का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली लोकार्पण किया। इस दौरान करबिगवां रेल ओवरब्रिज के शिलापट पर लगे पर्दे को भाजपा नेता विनय मिश्रा ने हटाया। यहां स्टेशन अधीक्षक अवध नारायण के साथ रेलवे के अधिकारी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

पीएम के नेतृत्व में हवा बदल रही: पचौरी

कानपुर। वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि अकेले अमृत भारत स्टेशन योजना ही नहीं, मोदी के नेतृत्व में देश की हवा बदल रही है। इससे पहले जनता का दर्द किसी ने समझने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा कि ये स्टेशन अंग्रेजों के जमाने के बने हैं। जो मौजूदा समय में पर्याप्त नहीं हैं। मगर इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। सिर्फ रेलवे स्टेशन ही नहीं, सड़क, एयरपोर्ट समेत सभी चीजों का विस्तार हो रहा है। पुराना जीटी रोड किस हालत में था, सभी लोग जानते हैं, मगर किसी ने सुध नहीं ली। अब देखें वहीं जीटी रोड छह लेन हो गया है। सरपट वाहन भाग रहे हैं।

रास्ता बंद होने से परेशान हुए यात्री

अनवरगंज स्टेशन पर वर्चुअल शिलान्यास का कार्यक्रम स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग पर ही आयोजित किया गया। ऐसे में स्टेशन जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। जीटी रोड से सिर पर बैग व अटैची लादे यात्री करीब एक किमी पैदल रास्ता तय दूसरी तरफ से स्टेशन पहुंचे। जिससे यात्री पसीने से भीग गए। गनीमत रही कि यात्री समय से आधा घंटा पहले ही स्टेशन आ गए थे, इसलिए उनकी ट्रेन नहीं छूटी।

अनवरगंज में शिलान्यास करते सांसद सत्यदेव पचौरी। अमृत विचार

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यक्रम में बीएन सिंह का स्वागत किया गया। अमृत विचार

कर्मचारियों की समस्याएं दूर करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 58वां स्थापना दिवस मनाया

अमृत विचार। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का 58वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार को राजकीय पॉलीटेक्निक सभागार में अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी के निर्देशन में आयोजित हुआ। परिषद के बीएन सिंह व पीएन शुक्ला का माल्यार्पण किया गया। कर्मचारियों, शिक्षकों की समस्याओं के निवारण के लिए लोगों ने अपनी मांग रखी।

स्थापना दिवस समारोह में पुरानी पेंशन बहाली, आठवां वेतन आयोग का गठन, ग्रामीण पंचायत में सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाने, बेसिक शिक्षा परिषद के कर्मचारियों व शिक्षकों को राज्य कर्मियों की तरह कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, फील्ड कर्मियों को बाइक भत्ता देने, वेतन विसंगतियों को समाप्त करने, पदोन्नति, नई नियुक्ति कराने आदि मांगों को कर्मचारियों ने पदाधिकारियों के सामने रखा। समारोह का संचालन परिषद के अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी, जिला मंत्री कोमल सिंह ने किया। इस मौके पर एएन द्विवेदी, रणधीर सिंह, साहब सरताज, पंकज मिश्रा, सुरेश चंद, अरुण मिश्रा, अजय कुमार द्विवेदी, राम कुमार त्रिपाठी, पारसनाथ, अमित पांडेय, श्याम सुंदर यादव, विनोद दीक्षित, रामजी श्रीवास्तव, सुनील निगम, सत्य प्रकाश, अटल पाल, बृजेश कटियार, भानु प्रताप, अजय गुप्ता, ब्रजभार आदि रहे।

मेरी बातें नहीं मानोगी तो बेटी को उठा ले जाऊंगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में एक युवक महिला को फोन करके अश्लील बातें करता है। महिला के विरोध करने पर वह उसकी बेटी को उठा ले जाने की धमकी देता है। महिला ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

बाबूपुरवा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनके फोन पर कुछ दिनों से रिंकू वर्मा नाम का युवक अलग-अलग नंबरों से बदल-बदल फोन करता रहता है। अश्लील बातें करने लगता है। बताया कि जब उसका नंबर को ब्लॉक कर दिया तो वह दूसरे नंबर से फोन कर अश्लील बातें करने लगा। महिला का आरोप है कि युवक ने कहा कि अगर मेरी बातें नहीं मानोगी तो उसकी बेटी को उठा ले जाऊंगा। वह पांच अलग-अलग नंबरों से बात कर चुका है। उन्होंने सारे नंबर ब्लाक कर दिए हैं। इस संबंध में बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी रिंकू वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

राशन वितरण में हेरफेर पर कोटेदार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अनवरगंज क्षेत्र की राशन दुकान का मामला

अमृत विचार। पूर्ति निरीक्षक और उनकी टीम ने अनवरगंज क्षेत्र के सरकारी खाद्य वितरण केन्द्र के कोटेदार के खिलाफ अनाज बांटने में घपलेबाजी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अनवरगंज क्षेत्र के खाद्य पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार के अनुसार एमआईएस की जांच पर पता चला कि अनवरगंज खाद्य क्षेत्र में वीरेन्द्र अग्निहोत्री की संचालित दुकान से मात्र 67.28 प्रतिशत राशनकार्डों पर ही अनाज वितरण किया गया है। जिस पर वह टीम के साथ 20 फरवरी को दुकान पर पहुंचे तो उसे बंद पाया। दुकान के बाहर लगे नोटिस बोर्ड पर बंद होने की कोई जानकारी अंकित नहीं थी। वह अगले दिन 21 फरवरी को दुकान पर पहुंचे और स्टॉक चेक किया तो रिपोर्ट के हिसाब से दुकान में अवशेष से ज्यादा माल मिला। जबकि दुकानदार ने लिखित में दिया था कि दुकान में स्टॉक शून्य है। इससे यह सिद्ध होता है कि दुकानदार आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी करता है। जिसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार ने दुकानदार वीरेन्द्र अग्निहोत्री के खिलाफ रायपुरवा थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 37 में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रिहा बंदी करेंगे व्यापार, परिवार को पालेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जुर्माने की सजा काट रहे तीन बंदी रिहा, समाजसेवी संस्था ने जुर्माना जमा किया

अमृत विचार। जिला कारागार में अपनी मूल सजा पूरी करने के बाद जुर्माना जमा न होने की सजा काट रहे तीन सिद्धदोष बंदियों को सामाजिक संस्था कुछ कोशिशें चैरिटेबल एसोसिएशन ने जुर्माना जमा कराकर कारागार से रिहा कराया। रिहा बंदियों ने प्रण लिया कि वह छोटा-मोटा व्यापार करके परिवार का पालन पोषण करेंगे। अब अपराध से दूर रहेंगे।

कारागार अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय ने बताया कि जिला कारागार में तीन ऐसे सिद्धदोष बंदी थे, जिन पर अन्य कोई मामला लंबित नहीं था और ये सभी जुर्माना जमा न करने की सजा काट रहे थे। सामाजिक संस्था कुछ कोशिशें चैरिटेबल एसोसिएशन' की ओर से तीनों बंदियों का जुर्माना कोषागार में जमा कराकर उन्हें जेल से रिहा कराया गया। रिहा होने वाले बंदियों में बब्लू उर्फ भख्खर निवासी कुली बाजार, हर्ष गौतम उर्फ राज निवासी रामबाग, दीपक वर्मा निवासी शक्करमील खलवा हैं। चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने रिहा होने वाले बंदियों से पूछा कि रिहा होने के बाद वह अपना जीवन-यापन कैसे करेंगे। इस पर बंदी हर्ष गौतम ने बताया कि वह बैट्री रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करेगा। बंदी दीपक ने बताया कि दिल्ली के होटल में तन्दूर लगाकर परिवार को पालेगा। बंदी बब्लू उर्फ भख्खर ने बताया कि वह सब्जी का ठेला लगाकर जीवन यापन करेगा। जिस पर संस्था ने उसे ठेले की व्यवस्था करा दी। इस अवसर पर प्रशिक्षु जेल अधीक्षक अंकेक्षिता श्रीवास्तव, जेलर अनिल कुमार पांडेय व राजेश कुमार, डिप्टी जेलर राजेश कुमार मौर्य व अनिल कुमार उपस्थित रहे।

जेल से रिहा बंदी। साथ में जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय व संस्था के पदाधिकारी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मैं कु0 उषा पत्नी रामसरन निवासी नगला मदारे, डडौना जनपद कन्नौज की रहने वाली हूँ। मेरा हाईस्कूल वर्ष 1998 अनुक्रमांक 0810313, क्रमांक 3425740 व जन्मतिथि 01-05-1982 अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम राम निवास पुत्र सुंदरलाल गलत अंकित हो गया है। जबकि वास्तिविक नाम रामजीवन है। अतः ड्राइविंग लाइसेंस में राम निवास के स्थान पर रामजीवन अंकित किया जाए। **रामजीवन पुत्र श्री सुंदरलाल निवासी ग्राम रत्तेपुरवा मजरा कुतुवापुर, परगना कछनदऊ ,तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई।**

सूचना

मैं सूचित करता हूं कि छिटई पुत्र श्रीनाथ निवासी पूरे चरिहा मजरे गोड़वा हसनपुर थाना सलोन जिला रायबरेली अपने छोटे पुत्र अखिलेश यादव को गलत आचरण, व्यवहार और नशेड़ी प्रवृत्ति से त्रस्त हूं। वह आए दिन गालीगलौज और मारने पीटने दौड़ता है। मैं छोटे पुत्र अखिलेश यादव को अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में छोटे पुत्र के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना नहीं है।

सूचना

मैंने अपना नाम ASLAM IQBAL KHAN से बदलकर AQBAL AHMAD रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o- ABDUL MABOOD, निवासी- Ward no- 01 Ambedkarnagar Post Barhni ps DHEBARUWA Distt Siddharthanagar**

सूचना

सूचित हो कि हरिश्चंद्र के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 217430255, 28/12/2007 से संचालित है। आधार कार्ड और पासबुक पर नाम राज कुंवर अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। दोनों नाम से क्षेत्र में जाना और पहचाना जाता है। **हरिश्चंद्र उर्फ राज कुंवर पुत्र राम छबीले ग्राम देवनपुर लक्खारामपुर तहसील पयागपुर, बहराइच।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि दिलजानी उर्फ जमुना पत्नी वृषराम एक ही महिला का नाम है। सहारा पॉलिसी में इनका नाम जमुना अंकित है। दोनों नाम की एक ही महिला हैं। **दिलजानी उर्फ जमुना निवासी ग्राम पंचायत झाला थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच।**

कार्यवाही आठ करोड़ रुपये की गाड़ियां चढ़ीं भ्रष्टाचार की भेंट, उच्च स्तरीय जांच के साथ कानूनी कार्यवाही का प्रस्ताव

नगर निगम सदन में उठेगा कूड़ा गाड़ियों का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर निगम की ओर से कुछ महीने पहले खरीदी गईं घटिया कूड़ा गाड़ियों (रिक्शा व हाथ कूड़ा गाड़ी) का मुद्दा सदन में उठेगा। चंद महीनों में ही कूड़ा रिक्शों की हालत खराब होने के मामले में जूही की पार्षद शालू कनौजिया ने सदन में प्रस्ताव लगाया है। मामले की उच्च स्तरीय जांच के साथ कानूनी कार्यवाही करने के प्रस्ताव को पास करने की मांग की है। महापौर कार्यालय ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार महीने के अंत में सदन हो सकता है।

नगर निगम को स्वच्छ भारत मिशन के तहत 32 करोड़ रुपये मिले थे, जिसमें से आठ कारोड़ रुपये से अधिकारियों ने 1800 कूड़ा ढ़ोने के लिए रिक्शा और 2500 हाथ कूड़ा गाड़ियों को खरीदा। आरोप है कि कूड़ा रिक्शा की गुणवत्ता खराब होने के बावजूद गाड़ियों को खरीदा गया, यही नहीं बिना जांच कराए ही इन्हें वार्डों में भी भेज दिया गया। अधिकारियों की मिलीभगत की वजह से रिक्शे खरीदे गए। जिसके रिम, टायर और बॉडी की गुणवत्ता खराब है। पिछले वर्ष जुलाई में वार्डों में भेजी गईं कूड़ा रिक्शा गाड़ियों के रिम और टॉयर चोरी हो रहे हैं। घटिया रिक्शा गाड़ियां डंप पर खड़ी कर दी गईं। इनका सामान चोरी हो रहा है। ऐसी ही कई गाड़ियां सेंटर पार्क के पिछले हिस्से में पड़ी हैं जो न तो कूड़ा ढ़ोने के काम आ रही हैं, और न ही उन्हें सुरक्षित रखा जा पा रहा है। वहीं, शहर के अन्य वार्डों में भी कूड़ा गाड़ियों के यही हाल हैं। महज छह महीने में ही गाड़ियों की यह दुर्दशा आम जनता के पैसों की बर्बादी के साथ भ्रष्टाचार की गवाही भी दे रही है।

कूड़ा रिक्शा की ये हालत है। अमृत विचार

06 महीने में ही कंडम होने लगीं कूड़ा गाड़ियां

1800 कूड़ा ढोने के लिए रिक्शा खरीदे गए

08 करोड़ रुपये लगभग खर्च किए गए

2500 कूड़ा गाड़ियों को खरीदा गया

पार्षद ने कहा, नगर निगम की छवि हुई धूमिल

वार्ड 14 किदवई नगर सब्जी मंडी की पार्षद शालू कनौजिया ने महापौर कार्यालय को प्रस्ताव देकर कहा है कि छह महीने पहले आई कूड़ा गाड़ियां खुद कूड़ा हो रही हैं। गाड़ियों के पार्ट्स पुर्जे तक चोरी हो रहे हैं। जिससे नगर निगम की छवि धूमिल होने के साथ ही आर्थिक हानि भी हो रही है। जिसकी उच्चस्तरीय जांच के साथ ही कानूनी कार्यवाही का प्रस्ताव पास करें।

कानपुर नगर

शहर के कूड़ा रिक्शों पर घोटाला सवार, पार्ट्स तक हो गए पार

अमृत विचार ने किया था खुलासा।

महापौर ने भी दिया था जांच का आदेश

नगर निगम में पिछले वर्ष 4 जून को हुई पहली कार्यकारिणी बैठक के बीच में ही सदस्यों ने कूड़ा गाड़ी खरीद में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया था। महापौर प्रमिला पांडेय ने बीच बैठक में ही कूड़ा गाड़ियां मुख्यालय मंगवा ली थीं। नगर निगम अधिकारियों के साथ कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक गुप्ता 'मोनू', पवन गुप्ता ने गुणवत्ता पर सवाल उठाए, अधिकारियों के सामने ही कहा कि गाड़ियों की खरीद में भ्रष्टाचार हुआ है। जिसके बाद जांच बैठा दी गई थी। लेकिन इस मामले में क्या हुआ अभी तक सामने नहीं आया है।

रोडवेज चालक को साथी कर्मियों ने पीटा

कानपुर। रेलबाजार थाना क्षेत्र में कहासुनी में रोडवेज चालक को दूसरी बस के चालक और परिचालक ने सिर पर लोहे की रॉड से वार कर लहूलुहान कर दिया।

जूही परमपुरवा निवासी राधा ने पुलिस को बताया कि उनका भाई संतोष कुमार रोडवेज बस चालक है। वह झकरकटी बस अड्डे से बस लेकर गोरखपुर के लिए निकले थे। जीटी रोड पर दूसरी बस चालक से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर आरोपी चालक और परिचालक ने संतोष को मारापीटा। साथ ही सिर पर लोहे की रॉड मारकर लहूलुहान कर दिया। बहन ने आरोपियों के खिलाफ रेलबाजार थाने में मामला दर्ज कराया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड- II, उ0प्र0, जल निगम (नगरीय), कानपुर

एन0आई0टी0 संख्या- 335/एम-10/18 दिनांकः : 19/2/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से जे.एन.एन.यू.आर.एम. कार्यक्रम के अन्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल सम्बन्धी कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 20.02.2024 से 29.02.2024 तक कार्यालय समय में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड - II, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के.एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में की जाएगी तथा दिनांक 01.03.2024 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड- II, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के. एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में अपरान्ह 3: 00 बजे डाली जायेगी एवं अपरान्ह 3: 30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कार्यो हेतु प्रति निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3000.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 है।

अधिशासी अभियन्ता

हादसों से नहीं ले रहे सबक, ट्रैक्टर्स -ट्राली पर बैठाई जा रही सवारियां

नियमों का नहीं हो रहा पालन, कासगंज हादसे में गई थीं कई लोगों की जानें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बीते दिनों कासगंज हादसे के बाद भी दोआबा के लोग सबक नहीं ले रहे, और खुले आम ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर सफर कर रहे हैं। इन्हें न तो अपनी जान का डर है और न ही दूसरों की। साथ ही एआरटीओ और ट्रैफिक पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही। जिले के मुख्यालय पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली व लोडर में सवारियां ढोने का सिलसिला यातायात नियमों की अनदेखी कर बदस्तूर जारी है।

कानपुर के कासगंज घटना के बाद से ही सीएम के सख्त निर्देश हैं कि कोई भी डग्गामार वाहन या ट्रैक्टर-ट्राली में सफर करता है तो कार्रवाई की जाए, इसके बावजूद जिले में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस गम्भीर नहीं दिख रही है।

ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठकर जाते यात्री। अमृत विचार

ट्रैक्टर ट्राली से कई बार हुए हादसे के बाद भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं और दो दिन पूर्व माघी पूर्णिमा पर मुख्यालय की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्राली व लोडर में यात्रियों को बैठाकर फर्राटा भरते नजर आए। इसके अलावा हर रोज ऐसे वाहन आपकों मार्गो में दिख जाएंगे, जिनसे हादसे होने का खतरा बना रहता है। परिवहन विभाग का कोई अधिकारी ऐसे ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठे लोगों पर कार्रवाई करते हुए नहीं दिखाई दिया। जबकि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की जाए।

असुरक्षित रहती यात्रा

ट्रैक्टर से ट्राली एक हुक के द्वारा जुड़ी रहती है। किसी आयोजन या फिर मेला गंगा घाट जाने के लिए चालक ट्राली में करीब 100 सवारियां तक भर लेते हैं। जरा सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन जाती है। कई बार घटनाएं होने के बाद से प्रदेश सरकार ने ऐसे वाहनों में सवारी ढोने के लिए पूर्णतया प्रतिबंधित किया जा चुका है। बावजूद इसके इन पर रोक नहीं लग पा रही है।

कृषि कार्य के नाम ढोई जाती हैं सवारी

ट्रैक्टर एक ऐसा वाहन है जिसे कृषि कार्य के लिए प्रयोग किया जाता है। लेकिन अब इसे भी लोगों द्वारा कामार्शियल बना दिया गया है। शहरी क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली से ईंट-मोरंग समेत अन्य सामग्रियां ढोई जाती हैं तो ग्रामीणांचलों में इनमें सवारियां भी ढोई जाती हैं।

ट्रक में नहीं बैठा मजदूर तो मार दी टक्कर, मौत

फतेहपुर। नशेबाज ट्रक चालक ने मजदूरों के ट्रक पर नहीं बैठने की खुन्नस में एक मजदूर पर ट्रक से टक्कर मार दी। मजदूर की कानपुर हैलट में मौत हो गई थी। रविवार को परिजनों ने चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज कराया है।

थरियांव थाना क्षेत्र के बीबीहाट गांव निवासी अशोक कुमार (33) मजदूरी करता था। पिता छोटेलाल ने बताया कि सीमेंट उतारने के लिए गुरुवार को डीलर का गांव के कमल के पास फोन आया। कमल गांव से अशोक, सरवन, अखिलेश के साथ सीमेंट उतारने बीबीहाट मोड़ पर सीमेंट लदे ट्रक में बैठकर गए। इस दौरान थरियांव में ट्रक चालक ने शराब पी। हादसे का खतरा भांप कर चारों मजदूर थरियांव से पैदल गांव को चल दिए। इसी खुन्नस में करनपुर मोड़ के पास चालक ने अशोक को टक्कर मार दी। मामले की तहरीर पर पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

मारपीट में घायल किशोरी की मौत

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। एक दिव्यांग किशोरी की घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि हैंडपंप पर पानी भरने के विवाद में दबंगों ने घर पर घुसकर मारपीट की थी। इस पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार के किसी भी सदस्य का मेडिकल नहीं कराया गया। मारपीट से घायल बेटी की मौत हो गई है। पुलिस का कहना कि मारपीट के मामले में 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज है।

राधा नगर थाना क्षेत्र के मलाका गांव के 26 कॉलोनी मदरियापुर के रहने वाले सुनील शर्मा की 15 वर्षीय दिव्यांग पुत्री सरिता देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर मौत हो गई। बेटी की मौत के बाद मां सीता देवी और पिता सुनील ने आरोप लगाते हुए बताया कि 17 फरवरी के दिन हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर गांव के कुछ लोगों से विवाद हो गया था। इसके बाद 10 से 15 लोगों ने लाठी-डंडे से घर में घुसकर मारपीट की थी। चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य लोग पहुंचे तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया गया था। मारपीट में सुजीत, दाया देवी, मखनी, लाजू, रानी देवी सहित कई लोगों चोट लगी थी। इसकी शिकायत थाना पुलिस में करने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिन लोगों ने मारपीट की थी उनको थाना से छोड़ दिया गया था। डीएम से शिकायत करने के बाद एक का मेडिकल कराया था, पैर से दिव्यांग बेटी का मेडिकल नहीं हुआ और मौत हो गई। थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि 17 फरवरी को हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर दो पक्ष में मारपीट की गई थी। पीड़ित सीता देवी पत्नी सुनील के तहरीर पर चांद सिंह, मदन, रवी, गिरिजा शंकर, सूरज सहित करीब 14 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था। परिवार के लोग जिस किशोरी के मौत की बात कह रहे हैं वह लड़की दोनों पैर से दिव्यांग है और तहरीर में परिजनों ने कहीं भी नाम लिखकर नहीं दिया था। परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम करना चाहते हैं तो पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

किशोरी की मौत के बाद घर के बाहर जमा भीड़। अमृत विचार

सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

अमृत विचार। लाखों रुपए खर्च कर ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय बेमकसद साबित हो रहे हैं। ज्यादातर सामुदायिक शौचालयों पर ताला लटक रहा है। इससे ग्रामीण सामुदायिक शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण हाथ में लोटा लेकर जंगल जाने को विवश हैं।

विजयीपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत गुरुवल में करीब तीन वर्ष पूर्व लाखों रुपए की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसका उद्घाटन भी कर दिया गया। लेकिन उद्घाटन के बाद से आज तक सामुदायिक शौचालय पर ताला लटकता रहता है। सामुदायिक शौचालय में ताला बंद रहने की वजह से ग्रामीण सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। सामुदायिक शौचालय की इर्द-गिर्द गंदगी का अम्बार लगा है। सामुदायिक शौचालय पर कराई गई वाल पेंटिंग के भी चिथड़े उड़ गए हैं। लेकिन सामुदायिक शौचालय का ताला नहीं खुल सका। गांव के रहने वाले विक्रम निषाद, सज्जन निषाद, नन्हा निषाद, दीपक, राजू समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा साल भर पूर्व सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। निर्माण होने के बाद सामुदायिक शौचालय पर ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा ताला बंद कर दिया गया। तब से आज तक सामुदायिक शौचालय पर ताला लटकता रहता है। इससे शौचालय का उपयोग नहीं हो रहा।

ग्रामीणों का मुंह चिढ़ाते बंद शौचालय। अमृत विचार

फिर बिगड़ने लगा मौसम, किसानों की धड़कनें बढ़ीं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लगातार हो रहे मौसम में परिवर्तन से किसानों की धड़कनें बढ़ गई हैं। आसमान में बादल देख खेतों में खड़ी फसलें याद आने लगती हैं। सबसे अधिक आलू व सरसों की खेती करने वाले किसान चिंतित हो रहे हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहा।

सुबह आसमान में बादल छाए रहते हैं। घने बादल देख किसानों को खेत में खुदाई के लिए तैयार आलू व कटाई के लिए तैयार सरसों याद आने लगती है। किसान बारिश को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है एक बार ओलावृष्टि एवं बारिश से नुकसान उठा चुके हैं। यदि ऐसे में दोबारा दैवीय आपदा आई तो सरसों समेत अन्य फसल खराब हो जाएंगी। वैसे भी अधिक सर्दी व कोहरे में फसलों को नुकसान हुआ है। पाला से आलू पहले ही खराब हो चुका है। अब यदि बारिश हुई तो वह खेतों में सड़ जाएगा। हालांकि, मौसम वैज्ञानिक बारिश की संभावना नहीं जता रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आसमान में बादल रहेंगे। बारिश व ओला की संभावना नहीं है। जिससे फसलों को नुकसान नहीं होगा। यदि धूप तेज हुई तो किसानों को गेहूं में पानी लगाना पड़ेगा।

सुबह शाम पड़ रही सर्दी

बीते कई दिनों से मौसम खराब होने से तापमान में भी कमी आई है। दिन में भले ही धूप निकल रही हो। लेकिन शाम होते ही लोगों को सर्दी सताने लगती है। डाक्टरों का कहना है कि तेज धूप देखकर लोग लापरवाही कर जाते हैं, सुबह शाम की सर्दी बीमारी का कारण बन जाती है।

धूमधाम से संत गाडगे की जयंती मनाई

फतेहपुर। शहर के पक्का तालाब स्थित निबहरा में स्थित संत गाडगे सामुदायिक मिलन केंद्र में रविवार को स्वच्छता के जनक कहे जाने वाले संत गाडगे की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

संत गाडगे के जीवन एवं उनके कृतित्व पर तमाम लोगों ने प्रकाश डाला। कहा, संत गाडगे जीवन भर समाज को जगाने का कार्य किया। अनपढ़ होते हुए भी शिक्षा के महत्व को जानते थे। वह कहते थे कि कम कीमत के कपड़े पहनों, खाने के बर्तन ना हो तो हाथ में रोटी रखकर खा लो, पत्नी के लिए आभूषण ना खरीदो लेकिन बच्चों को शिक्षा के बिना मत रखो। ऐसे महान समाज सुधारक के संत गाडगे का जन्म महाराष्ट्र के अकोला जिले के गांव में धोबी समाज में हुआ था।

आलू के भाव चढ़ने से किसानों के चेहरे खिले

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अधिक सर्दी और पाला गिरने से पैदावार में आई कमी

अमृत विचार। आलू के भाव में उछाल से किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। थोक मंडियों में आलू का भाव इस समय एक हजार रुपए कुंतल से 1200 रुपए प्रति कुंतल तक पहुंच गया है। इससे आलू भाव से मार खाए किसान के चेहरों पर चमक नजर आ रही है।

जिले में 23 हजार हेक्टेयर में आलू की खेती होती है। आलू की खेती से जिले के तमाम किसान सीधे तौर से जुड़े है। बीते कई वर्षों से आलू का भाव किसानों को नुकसान देता चला आ रहा था। अच्छा भाव न मिलने से किसान परेशान थे। हालात यह हो गए थे कि किसानो पर कर्ज का बोझ भी बढ़ता जा रहा था। लेकिन इस बार आलू के भाव ने किसानों के आंसुओं को पोछने का काम किया है। जिले की मंडी में इस समय छट्टा एक हजार रुपए के आसपास आलू बिक रहा है। अच्छा आलू का भा 1200 रुपये प्रति कुंतल तक बिक रहा है। किसान बताते हैं बीते कई वर्षों से आलू भाव दगा दे रहा था, इसलिए किसानों की कमर ही टूट गई थी। लेकिन अब जो भाव चल रहा है उससे राहत मिलती दिख रही है। किसानों ने बताया कि आलू का भाव कम से कम एक हजार रुपए होना चाहिए तभी कुछ हाथ आता है। इस बार जनवरी माह में विकराल सर्दी और पाला पड़ने के कारण आलू की पैदावार में भी गिरावट आई है।

प्रसूताओं को नहीं मिल रहा जेएसवाई का लाभ

संवाददाता फतेहपुर

- लाभार्थी महिलाएं बैंक और अस्पताल के चक्कर लगाने को हो रही हैं मजबूर

अमृत विचार। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की खामियों के चलते शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नवजात शिशु को जन्म देने के बाद प्रसूताएं प्रोत्साहन राशि के लिए अस्पताल व बैंक शाखाओं का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रसूताओं के लिए केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी जननी सुरक्षा योजना संचालित है। सैकडों प्रसूताओं को अभी तक जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसमे कई प्रसूताएं इस योजना के लाभ से सालों से वंचित हैं। योजना के तहत संस्थागत अस्पताल में प्रसव होने पर ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को 14 सौ तो शहरी क्षेत्र की महिलाओं को एक हजार रुपये लाभार्थी के बैंक खाते में दिए जाते हैं। स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण क्षेत्र की कई प्रसूताओं को कई माह बीतने के बाद भी राशि नहीं मिल पाई है। बच्चों को जन्म देने वाली महिलाएं सीएचसी और बैंक का चक्कर काट रही हैं। महिलाओं का कहना कि प्रोत्साहन राशि से ज्यादा तो किराये और भाग दौड़ में पैसा खर्च हो जा रहा है। आशा वर्करों ने बताया कि प्रसूताएं कई-कई बार कागजात जमा कर चुकी हैं।

संवेदनशील मतदान केंद्रों की शीघ्र पहचान करें

बिंदकी। आगामी लोकसभा 2024 चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं पुलिस और प्रशासन अपनी तैयारी तेज करता जा रहा है।

नगर के कोतवाली परिसर में उप जिलाअधिकारी अनिल कुमार यादव तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार द्विवेदी ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में थाना कल्यानपुर, औंग, बकेवर, बिंदकी, जहानाबाद के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर उसका भौतिक सत्यापन करें। संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सूची तैयार कर जल्द से जल्द बनाने का काम करें।

परीक्षाओं से पहले नए सत्र की किताबें आईं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- परिषदीय विद्यालयों के बच्चों निशुल्क दी जाती हैं पुस्तकें
- एक अप्रैल से शुरू होगा नया सत्र, 16 मार्च से होंगी परीक्षाएं

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों में कक्षा आठ तक की पढ़ाई करने वाले छात्रों को इस साल पाठ्य पुस्तकों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही छात्रों के हाथों में किताबें होंगी। सत्र शुरू होने से दो माह पहले ही किताबें जिला मुख्यालय पहुंच गईं। कक्षा तीन से आठ के लिए पाठ्य पुस्तकों की बड़ी खेप मुख्यालय पहुंच चुकी हैं।

छात्र-छात्राओं को निशुल्क दी जाने वाली किताबों को जिला मुख्यालय पर पहुंचने के बाद सुरक्षित रखा गया है। छात्रों को वितरित करने के लिए जो किताबें पहुंची हैं, उन किताबों का जिले के अधिकारी सत्यापन कर रहे हैं। इस कार्य के लिए डीएम द्वारा नामित अधिकारी ने सत्यापन किया। इस समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, प्रवक्ता डायट भी शामिल हैं। जिला समन्वयक अखिलेश सिंह ने बताया है कि सत्यापन के बाद अब अति शीघ्र आपूर्ति की गई किताबों को बीआरसी के माध्यम से विद्यालयों में पहुंचा दिया जाएगा। किताबें शैक्षिक सत्र 2024-25 के शुभारंभ के पर बच्चों को वितरित की जाएंगी।

पहले जुलाई के बाद आती थीं पाठ्य पुस्तकें

पूर्व के शिक्षासत्रों में यह किताबें काफी देरी से आती थीं। नया शिक्षा सत्र अब अप्रैल से शुरू हो जाता है और फिर जून की छुट्टी के बाद जुलाई में स्कूल खुलते हैं और आमतौर पर जुलाई के बाद किताबें आती हैं और फिर वितरण का कार्य शुरू कराया जाता है। बच्चों की तिमाही परीक्षा तो बिना किताबों या फिर पुरानी किताबों से पढ़कर हो जाती हैं।

16 मार्च से 31 मार्च तक होंगी वार्षिक परीक्षाएं

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं कराई जानी है जो अगले माह की 16 तारीख से शुरू हो रही है। 31 मार्च को इन परीक्षाओं के परीक्षा फल को वितरण कर दिया जाएगा और फिर एक अप्रैल से नयाशिक्षा सत्र शुरू हो जाएगा। इसके बाद ही किताबों का वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

सार-संक्षेप

एसपी ने एसओ को सौंपी जांच

औंग। दहेज प्रताड़ना के एक मामले की जांच एसपी ने एसओ को सौंपी है। पीड़िता ने एसपी से शिकायत की थी। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गांव भाऊपुर निवासी शिमला देवी ने एसपी को की गई शिकायत में बताया कि शादी के बाद बाइक की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित किया जाता रहा है। पीड़ित महिला ने पति धर्मेन्द्र कुमार, ससुर बाबूराम, सास राजरानी, देवर राजेन्द्र कुमार, सौरभ कुमार व नन्हे के खिलाफ दहेज के नाम पर मारपीट कर उत्पीड़न करने, पूरी जेवर छीन लेने, घर पर एक महिला को रखने का गम्भीर आरोप लगाया है। मामले में थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर एसओ ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सांसद आदर्श गांव में चला सफाई अभियान

किशनपुर, फतेहपुर। विजयीपुर विकास खंड के सांसद आदर्श रामपुर में शनिवार और रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। जहां गांव के प्रत्येक नाली और नाला सहित प्रमुख मार्गो को साफ किया गया। ग्रामीणों ने बताया जब से सांसद द्वारा गोद लिया गया है, पहली बार नाला की सफाई की गई है। रामपुर गांव को पहली बार सांसद बनने के बाद सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने गोद लेकर विकास कराने का वादा किया था। लेकिन दस सालों में कुछ खास नहीं हो सका। गांव में गंदगी की काफी सुर्खियां बनी तो शनिवार को सचिव अभिलाष चंद्र मिश्र ने सफाई कर्मियों की टीम लगाकर पूरे गांव के नाली व पुराने कूड़ा से पटे नालो में भरी गंदगी को साफ कराया। गांव के प्रमुख मार्गो में भी सफाई कराई। गांव के हौसला पाल, वीरेंद्र कुमार, धर्मराज सिंह, शिवपूजन सिंह आदि ने बताया कि पिछले साल सफाई अभियान में खानापूर्ति हुई थी। बड़े नालों की सफाई नहीं हुई थी। पहली बार अबकी शनिवार रविवार को टीम ने गांव के सभी नाली एवं नालों की गहराई से सफाई किया है। वहीं सचिव अभिलाष चंद्र मिश्र ने बताया कि अब लगातार रामपुर में सफाई अभियान चलाया जाएगा।

दूधिया पर हमला कर मोबाइल और नगदी छीनी

फतेहपुर। दूध देकर लौट रहे दूधिया पर शनिवार रात बदमाशों ने लोहे की राड से हमला कर दिया। उसे लहूलुहान कर नकदी, मोबाइल छीनकर भाग निकले। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कोरसम निवासी सोनू यादव बाइक से शनिवार रात चौड़गरा-बकेवर मार्ग पर ढाबों में दूध देकर घर जा रहा था। अदमापुर नहर पुल के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने दूधिया को रोका। उसके सिर पर लोहे की राड से हमला किया। लहूलुहान होने से बाइक से दूधिया गिर पड़ा। उसकी जेब से मोबाइल व 750 रुपए बाइक सवार छीनकर भाग निकले। दहशत में दूधिया घर के बजाए पास के ही एक ढाबे में पहुंचा। ढाबा मालिक ओम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दूधिया का क्लीनिक में इलाज कराने के बाद घर भेज दिया।

ग्रामीणों ने किया हंगामा | पुलिस ने पहुंचकर शांत कराया मामला, सीओ ने कहा-पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी सख्त कार्रवाई

निजी अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने तोड़ दिया दम

संवाददाता बकेवर

अमृत विचार। बुखार से पीड़ित एक युवक की सोमवार को एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की जानकारी पर गुस्साए ग्रामीणों व परिजनों ने अस्पताल में पहुंचकर जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतक।

बकेवर थाना क्षेत्र के जवाहरपुर गांव निवासी इंद्रजीत पुत्र जोधा रैदास को बुखार आ रहा था। छोटे भाई समरजीत ने बताया कि सोमवार सुबह हालत बिगड़ने पर उसने भाई को बकेवर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत होने से गुस्साए परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल के बाहर पहुंचे और हंगामा करने लगे। आरोप लगाया कि अस्पताल में इंद्रजीत को एक इंजेक्शन लगाया गया था, उसी के कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर बकेवर थाना पुलिस व सीओ बिंदकी सुशील कुमार मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों व परिजनों को समझा कर मामले को शांत कराया। मृतक की पत्नी देशरानी ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चों को छोड़ गया। छोटी बेटी पूजा 15 वर्ष की व शुभम 11 वर्ष का है। सीओ बिंदकी ने मामले में कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई

निजी अस्पताल के बाहर जमा ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

मानक, नियमों को ठेंगा दिखाकर चल रहे निजी अस्पताल

संवाददाता फतेहपुर

- रजिस्ट्रेशन 70 के, संचालित हो रहे सैकड़ों अस्पताल
- कई सरकारी डाक्टर निजी अस्पतालों में दे रहे सेवाएं

अमृत विचार। जिले में चिकित्सा महकमे की उदासीनता के चलते मानक, नियमों दरकिनार कर कई निजी अस्पतालों का संचालन हो रहा है। यहां तक की कई निजी अस्पतालों में बैक डोर से मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पताल के डॉक्टर्स सेवाएं दे रहे हैं।

जिले में 70 नर्सिंग होम के सीएमओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन हैं। इसके बावजूद कई निजी अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन व रिन्यूअल के चल रहे हैं। इन निजी अस्पताल और नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग भी अंकुश नहीं लगा पा रहा है। जिन नर्सिंग होम में रजिस्ट्रेशन है उनमें से भी कई ऐसे हैं जो ओटी के मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं। उनके यहां सर्जरी के लिए स्पेशलिस्ट सर्जन भी नहीं हैं और ना ही ऑपरेशन के समय बेहोशी वाले डॉक्टर की नियुक्ति है। सबसे बड़ी बात इन नर्सिंग होम में सरकारी अस्पतालों से लेकर मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक बैक डोर से सेवाएं दे रहे हैं। शहर के वीआईपी रोड व जीटी रोड स्थित कई नर्सिंग होम तो बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। उधर खखरेरू क्षेत्र में कई नर्सिंग होम भी बगैर रिन्यूअल के संचालित किए जा रहे हैं।

क्लीनिक की आड़ में भी संचालित हो रहे अस्पताल

जिले के साथ मुख्यालय में ही तमाम क्लीनिक बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल भी चला रहे हैं। इन क्लीनिक में भी हर प्रकार की बीमारियों के इलाज का दावा किया जाता है। स्वास्थ्य महकमा लंबे समय से कोई कार्रवाई न किए जाने से यह बेखौफ हर प्रकार के मरीजों का इलाज करने में जुटे हैं।

> जिले में 70 निजी अस्पताल व नर्सिंग होम ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। अगर कोई निजी अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा है तो टीम को भेज जांच कराई जाएगी। अगर मानको के बगैर बिना रजिस्ट्रेशन नर्सिंग होम है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

कार्यालय ग्राम पंचायत भारतपुर
वि0खण्ड खजुहा फतेहपुर

पत्रांक: 120 सचिव ग्राम पंचायत राज्य वित्त/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन 2023-24 दिनांक: 26.02.2024

निर्माण आपूर्ति हेतु अल्प निविदा सूचना

राज्य वित्त/केन्द्र वित्त/मनरेगा 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भारतपुर विकास खण्ड खजुहा- फतेहपुर की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 26.02.2024 से 29.02.2024 तक अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। निविदा 29.02.2024 को अपरान्ह 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान/ग्राम सचिव/ग्राम समिति के समक्ष खोली जायेगी।

क्र0सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	शिवबरन की दुकान से रामजीवन के खेत तक नाला निर्माण	4 लाख
2	रामदेव की बरिहा से रामचन्द्र के घर तक इ0ला0 व नाला निर्माण	7 लाख

मनोज कुमार
ग्राम प्रधान

दिनेश कुमार श्रीवास्तव
सचिव

ग्राम पंचायत भारतपुर वि0खण्ड खजुहा फतेहपुर

अकीदतमंदों ने रखा रोजा, देश में अमन-चैन की मांगी गईं दुआएं

खुशबू से महक उठे कब्रिस्तान, मुस्लिम समाज ने मनाया शब-ए-बारात पर्व

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में मुस्लिम समुदाय ने शब-ए-बारात का पर्व धूमधाम से मनाया। लोगों ने पूर्वजों की कब्रगाह पर मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर फातिहा पढ़ा। रविवार व सोमवार को दो दिन रोजा रखा। साथ ही कुरआन-ए-पाक की तिलावत और दुआएं की। मस्जिदों और घरों में इबादत कर अपने और पूर्वजों के गुनाहों की माफी मांगी। रविवार को हलवे और मीठे चावल पर पुरखों के नाम से फातिहा भी दिलवाई। शब-ए-बरात पर दोपहर बाद से ही मुस्लिम इलाकों की रौनक देखते बन रही थी।

घरों को झालर आदि से सजाया गया। मस्जिद के पेश इमाम हाफिज ने कहा कि शब-ए-बरात पूरी दुनिया में मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। पिछले साल किए गए कर्मों का लेखा-जोखा तैयार करने एवं आने वाले साल की तकदीर तय करने वाली इस रात को शब-ए-बारात कहा जाता है। इस रात को पूरी तरह इबादत में गुजारने की परंपरा है। बिंदकी इलाके के कुछ मुस्लिम गांवों में शब-ए-बारात पर रविवार व सोमवार को दो दिन अकीदतमंदों ने रोजा रखा और फातिहा पढ़ी। अकीदतमंदों ने गुनाहों से तौबा भी किया।

रविवार रात मजार में रही रौनक, दुआ मांगते समाजजन। अमृत विचार

शब- ए- बारात पर रखा गया रोजा, हुआ इफ्तार

शब- ए-बारात पर रोजा भी रखा जाता है। लोगों ने सोमवार को रोजा रखा। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष रोजा रखते हैं बताया जाता है कि इस एक दिन के रोजे की बड़ी अहमियत होती है। इसलिए शब ए बारात की रात को जाग कर इबादत करते हैं और दिन का रोजा रखा जाता है। शाम को मगरिब की अजान के साथ रोजा इफ्तार किया गया।

- मजारों को विद्युत लरियों से सजाया गया
- कब्रिस्तानों को मोमबत्ती जलाकर किया रोशन

गली-मोहल्लों में रही रौनक, दिन जैसा माहौल

शब- ए- बारात की रात में मुस्लिम इलाकों में मानो दिन जैसा माहौल रहा। लोग इबादतगाहों में पहुंचकर घर आते जाते रहे। महिलाएं घरों में इबादत करती रही। मोहल्लों में खूब रोशनी रही इसलिए चहल पहल बनी रही। मुस्लिम मोहल्लों में दुकानें भी खुली रहीं। बच्चे और युवा भी देर रात तक जागते रहे।

जलसों में पहुंचे लोग, सुनी तकरीरें, पर्व का महत्व समझा

शब-ए-बारात पर जलसों का भी एहतमाम किया गया। जलसों में उलेमाओं ने तकरीर पेश कर शब ए बारात की अहमियत बताई। शब ए बारात पर मस्जिदों को भी रोशन किया गया। ग्रामीण इलाकों के कब्रिस्तानों में लोगों ने मोमबत्ती जलाकर कब्रिस्तानों को रोशन किया।

पे एंड प्ले और कम एंड प्ले, से बढ़ाएं आय

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डीएम ने खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक ली
- स्पोर्टस स्टेडियम में जिम ट्रेनर रखने के निर्देश

अमृत विचार। जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता करते हुए डीएम सी.इंदुमती ने जिला स्तर पर पे एंड प्ले तथा कम एंड प्ले के श्रोतों का क्रियान्वयन कर आय बढ़ाने के निर्देश जिला क्रीड़ा अधिकारी को दिए।

कार्यक्रम में स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिम ट्रेनर के रखने व मानदेय, स्टेडियम में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कराने को कहा। उन्होंने कहा कि अनुसूची 'ख' के अनुसार निजी जिम, तरणताल के संचालकों का रजिस्ट्रेशन कराते हुए निर्धारित शुल्क लिया जाए। वहीं स्टेडियम में आने वाले माननीयों, गणमान्य व्यक्तियों व वरिष्ठ व्यक्तियों को स्टेडियम का लाइफ टाइम मेंबर बनाकर निर्धारित शुल्क लिया जाए। खिलाड़ियों से पूरे वर्ष निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क के अतिरिक्त निर्धारित प्रोत्साहन शुल्क भी लिया जाए। साथ ही जिला आबकारी अधिकारी से प्राप्त लाइसेंस धारकों से निर्धारित प्रोत्साहन धनराशि जमा कराने के निर्देश जिला क्रीड़ा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में बास्केट बॉल कोर्ट, बैटमिंटन कोर्ट, राजकीय इण्टर कॉलेज में माल्टीपर्पज हाल व जिला महिला चिकित्सालय में लेबर रूम के बगल में आईसीयू वार्ड बनाने के लिए अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी से समन्वय बनाते हुए प्रस्ताव, आंगणन तैयार कर संबंधित को भेजने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सदर राजकुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

औंग। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रविवार को हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। औंग और कल्यानपुर में यह हादसे हुए। जिससे उनके परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। औंग थाना क्षेत्र के अभयपुर के मजरे बिन्दकी फार्म निवासी भूरा निषाद पुत्र नागेश्वर निषाद गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि रविवार की देर शाम वह कहीं निकल गए थे। वापस लौटते समय रहसूपुर मोड़ के पास कोई तेज रफ्तार वाहन उन्हें टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे की जानकारी वहीं से गुजर रहे ग्रामीणों ने परिजनों को दी। परिजन हादसे की जानकारी पर मौके पर पहुंचे और हालत गंभीर देख उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसी तरह कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मवइया गांव निवासी अंबिका प्रसाद का पुत्र जितेंद्र बाबू बाइक से बिंदकी एक शादी समारोह में जा रहा था। जैसे ही वह थाने के पहरवापुर के पास पहुंचा तभी चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई।

महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

बिंदकी। एक महिला ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के दरबेसाबाद गांव निवासी खुंचू की पत्नी नीतू देवी ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि महिला ने घरेलू कलह के चलते आत्मघाती कदम उठाया है। वहीं पुलिस परिजनों से पूछताछ कर खुदकुशी हत्या के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है।

यमुना कटरी क्षेत्र में दिनभर दौड़ी पुलिस

असोथर। प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अफसरों के निर्देश पर असोथर पुलिस सरकंडी के जंगलों में दिनभर हांफती रही। पुलिस ने छापेमारी करते हुए दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान मौजूद चार जुआरी भाग गए। पुलिस ने मौके से 1830 रूपये और तलाशी में 240 रूपये, ताश के पत्ते और एक बाइक को कब्जे में लिया है। असोथर थाने के ऊदलपुर और मैकुआपुर नाला के बीच लंबे समय से जुआं की फड़ संचालित हो रही है। जहां जनपद व बांदा समेत आसपास के जुआरी और साहूकारों की भीड़ लगती है। दैनिक अमृत विचार ने सोमवार के अंक में सरकंडी और ऐझी में जुआ संचालित किए जाने की खबर प्रकाशित की थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए सीओ ने थाना प्रभारी को कड़ी कार्रवाई के निर्देश देते हुए धरपकड़ के निर्देश दिए थे। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्या ने बताया कि सरकंडी में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए राजेंद्र कुमार, राजेश निषाद निवासी खाटू का डेरा मजरे सरकंडी से पूछताछ कर अन्य चार मौजूद रहे जुआरी ननकवा गौतम निवासी मैकुआपुर, पिंटू साहू निवासी नगर पंचायत असोथर, सुरेश निषाद, राकेश निषाद निवासी कठौता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नशीला पदार्थ सुंघाकर महिला के जेवरात उतारे

औंग। खेत से लौट रही एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर टप्पेबाज बाइक सवारों ने उसकी जेवरात उतार ले गए। होश में आने के बाद घर वालों को महिला ने जानकारी दी। मामले की तहरीर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी अविनाश पुत्र इंद्रपाल ने पुलिस को दी लिखित तहरीर में बताया कि उसकी चाची रुपा देवी पत्नी रामशंकर खेत से बरसीम काटकर सोमवार को घर आ रही थी। उसी दौरान जूनियर स्कूल के पास सुनसान इलाके में बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने महिला को नशीला पाउडर सुंघाकर कान से सोने के बाले, गले से सोने का मंगलसूत्र उतार ले गए। महिला बेहोशी से जब होश होश में आई तो शोरगुल मचाकर जोर-जोर से रोने लगी। बताया कि जेवरात की कीमत करीब 50 हजार से अधिक बताई जा रही है।

कोटेदार अंगूठा लगवाकर नहीं दे रहा राशन

फतेहपुर। हथगाम विकास खण्ड क्षेत्र के सिठौरा ग्राम सभा के कोटेदार पर ग्रामीणों ने अंगूठा लगवाकर राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों में राजकली, मनोरमा, राम सजीवन और दीपिका ने आरोप लगाते हुए बताया कि कोटेदार के द्वारा खुले आम शासन के फरमानों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कोटेदार गरीबों का निवाला छीन रहा है। कोटेदार के ऊपर कार्रवाई होती है या कोटेदार की धांधली ऐसे ही चलती रहेगी। सप्लाई इंस्पेक्टर खागा भाष्कर मिश्रा ने बताया कि कोटे की दुकान में हो रही धांधली की जानकारी मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आप कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

संवाददाता फतेहपुर

- पुलिस परीक्षा एक महीने के अंदर कराने की मांग

अमृत विचार। आम आदमी पार्टी के प्रांतीय सचिव के नेतृत्व में कार्यकर्ता जुलूस निकालकर कलक्ट्रेट परिसर पहुंचे। यहां पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद एक माह के अंदर परीक्षा कराने सहित चार मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। डीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में आम आदमी पार्टी के नेता ने कहा कि पेपर लीक करने वाले दोषियों पर सरकार कार्रवाई करे। पार्टी के प्रांतीय सचिव श्रीराम पटेल ने ज्ञापन में चार सूत्रीय मांग की। इसमें पुलिस भर्ती का पेपर लीक करने वाले दोषियों को गिरफ्तार करने, पुलिस परीक्षा को छह माह की जगह एक माह के अंदर कराने, भविष्य में कोई पेपर लीक न हो इसकी व्यवस्था करने, समीक्षा अधिकारी के आरओ और एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के बाद जांच हाईकोर्ट की निगरानी में कराए जाने की मांग की। प्रांतीय सचिव श्रीराम पटेल ने कहा कि सरकार ने पहले युवाओं को सपना दिखाया कि हम पुलिस भर्ती की परीक्षा करा रहे हैं और दूसरी ओर सरकार की नाकामी से पेपर लीक हो रहा है। इससे आहत होकर कई युवाओं ने अपनी जान तक दे दी है।

भाकियू ने दी सड़क जाम करने की चेतावनी

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। भाकियू (अराजनैतिक) की ब्लॉक स्तरीय मीटिंग असोथर नगर के एक प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम ने की। ब्लॉक स्तरीय मीटिंग में दिल्ली में एमएसपी की गारंटी व स्वामी नाथन रिपोर्ट व स्थानीय किसानों की दिक्कतों समेत कई अन्य मुद्दों के बारे में 5 मार्च को नगर पंचायत असोथर में होने वाले आंदोलन पर चर्चा कर आगामी रणनीति बनाई गई। सोनू सिंह गौतम ने कहा की किसान लगभग दो महीने से एमएसपी की गारंटी व स्वामी नाथन रिपोर्ट व स्थानीय किसानों की दिक्कतों समेत कई अन्य मुद्दों के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन अभी तक सरकार ने किसानों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसलिए अब स्थानीय तिराहे पर इस आंदोलन को धार दिया जाएगा।

निर्णय लिया गया कि 5 मार्च को जिले भर के किसान असोथर नगर के प्रताप नगर तिराहे के सड़क पर एकत्रित होकर प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय समस्याओं और कई विभागों के रवैए से परेशान किसान अंतिम पायदान तक आंदोलन करते रहेंगे।

भाकियू उपाध्यक्ष रविदेव सिंह गौतम एडवोकेट और महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहाकि आज सोशल मीडिया का दौर है और हमें मज़बूती से सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अपने हकों की आवाज बुलंद करनी चाहिए व ज्यादा से ज़्यादा प्रचार करना चाहिए व इस मामले में उन्होंने युवा पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी तय किया।

बैठक में शामिल किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- किसानों की समस्याओं को लेकर व्यक्त की नाराजगी

यह हैं प्रमुख मुद्दे

पुलिस उत्पीड़न, प्रधानमंत्री आवास में धांधली, अघोषित बिजली कटौती, ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार, जर्जर सड़क, सुजानपुर रजबहा के सभी जर्जर पुल, नगर पंचायत असोथर में अन्ना मवेशी और बंदरों के आतंक से निजात, कोटेदारों की मनमानी पर अंकुश, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन में अनियमितता समेत अन्य मांगे शामिल हैं।

अंक दिलाने में सहायक होंगे ये फॉर्मूले

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से चल रही हैं। हाई स्कूल गणित की परीक्षा 27 व इंटरमीडिएट गणित की परीक्षा 29 फरवरी को होगी। ऐसे में छात्र गणित विषय को लेकर चिंतित हैं। विषय विशेषज्ञ परीक्षार्थियों को टिप्स दे रहे हैं। जिससे उनकी चिंता दूर हो सके। विशेषज्ञों का कहना है कि परीक्षार्थी बिना घबराहट परीक्षा देने जाएं। फॉर्मूलों को अनिवार्य रूप से याद रखें और अति लघु उत्तरीय प्रश्नों पर विशेष ध्यान दें।

गणित प्रवक्ता शेर सिंह ने बताया कि परीक्षार्थी प्रश्न के अंक पर ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे में कम अंक वाले प्रश्न को हल करने में अधिक समय बर्बाद करते हैं। इसलिए प्रश्न के अंक के अनुसार उसे हल करें। एक नंबर व आठ नंबर के प्रश्न को वरीयता के अनुसार हल करें। जो प्रश्न आ रहे हैं, उन्हें पहले हल करें। रफ कार्य कॉपी के पृष्ठ पर एक किनारे करते रहें। ताकि कापी जांचने वाले को आपका रफ कार्य भी स्पष्ट दिखाई दे। वहीं ज्यामितीय के बहुत से प्रश्नों में परीक्षार्थी डायग्राम बनाना उचित नहीं समझते हैं। जबकि कुछ विद्यार्थी पीछे के पन्नों पर रफ कार्य के साथ डायग्राम बना देते हैं। ऐसे में प्रश्न के साथ ही उसका डायग्राम होने से उत्तर की गुणवत्ता स्पष्ट दिखाई देती है। प्रश्न का हल करते समय उत्तर को हाइलाइट रखें। जिससे काफी चेक करने वाले की नजर उस पर पड़े। परीक्षा में समय बर्बाद न करें। इंटरमीडिएट के छात्र प्रश्नों व उदाहरण का निरंतर अभ्यास रखें।

अति लघु उत्तरीय प्रश्नों पर दें पूरा ध्यान

विषय विशेषज्ञ के अनुसार परीक्षार्थियों को बहु विकल्पीय प्रश्न प्राय समुच्चय सिद्धांत, आव्यूह, समाकलन, अवकलन व सदिश विश्लेषण से आते हैं। इसलिए इनके अति लघु उत्तरीय प्रश्नों का भी ध्यान दें। समय से पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और बिना किसी घबराहट के प्रश्नपत्र को अच्छे से पढ़े और उनके उत्तर लिखें।

ओएमआर शीट के लिए शॉर्ट में करें कैलकुलेशन

गणित प्रवक्ता ने बताया कि इस वर्ष हाई स्कूल परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न अधिक आ रहे हैं। जिन्हें ओएमआर शीट पर भरना होगा। ऐसे में परीक्षार्थियों को यदि उनके उत्तर आते हैं। तो उन्हें हल करने में समय नष्ट न करें। सीधा उसे भर दें। अन्य के लिए हल करने का शार्टकट तरीका अपनाएं।

बिजली बिल में मीटर रीडर कर रहे हेरफेर

फतेहपुर। बिजली विभाग के अधिकारियों की अनदेखी से उपभोक्ताओं को बढ़े हुए बिल भेजे जा रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं को विभागीय कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ग्रामीणांचलों के बिजली उपभोक्ता रवी सिंह का कहना हैं कि घर में लोड न होने के बाद भी अनाप-शनाप बिल निकाला जा रहा है। जबकि समय पर हर बिल की अदायगी की जाती है। पिछला बिल 800 रुपये जमा कराए थे। जनवरी-फरवरी का बिल 28 हजार रुपये भेज दिया गया। अधिकतर उपभोक्ताओं के बिल में एरियर लगाकर भेजा, जबकि पिछले माह का बिल जमा हैं। आरोप हैं कि उपखंड कार्यालय में शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही।

निपुण हुए विद्यालयों के शिक्षक होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश
- विद्यालय के अधूरे कायाकल्प के कार्यो को पूरे कराने के निर्देश

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की हकीकत जानने के लिए सोमवार को मध्यान्ह भोजन योजना एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स (निपुण भारत मिशन) की जिलाधिकारी सी.इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जनपद में परिषदीय विद्यालय में जो कार्य कराया जाना है, उसे समय पर पूरा कराया जाए। यदि किसी स्थान पर भूमि विवाद हो तो संबंधित उपजिलाधिकारी से समन्वय बनाते हुए भूमि विवाद निस्तारण कराकर कार्य सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय अधिकारी, विकास खंड स्तरीय अधिकारी जिनका परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण शेष है, उसे जल्द से जल्द पूरा कराएं। जिससे जनपद की रैंकिंग ठीक रहे। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत जो विद्यालय निपुण हो गए है, के अध्यापकों को सम्मानित किया जाए, साथ ही जिन निपुण भारत मिशन में रैंकिंग खराब है पर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए। कहा कि किन कारणों से रैंकिंग खराब है कि रिपोर्ट से अवगत कराएं।

उन्होंने कहा कि जिन परिषदीय विद्यालयों में अभिभावकों के बैंक खाते आधार फीडिंग से छूट गए है कि सूची बनाते हुए जल्द से आधार सीडिंग कराएं। साथ ही जिन बच्चों का आधार कार्ड बनना शेष रह गए है को जल्द से जल्द बनवाए जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यागजन सशक्तिकरण अधिकारी सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी अधिकारी व विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट के सभागार में दिशा निर्देश देती डीएम। अमृत विचार

सौगात | मौहार में हुए कार्यक्रम में पहुंची केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, रेलवे के अफसरों की भी रही मौजूदगी

11 अंडर पास का पीएम ने किया वर्चुअली उद्घाटन

संवाददाता, चौडगरा फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में तीनों तहसील के अंतर्गत 11 अंडर पास का उद्घाटन सोमवार को वर्चुअल रूप मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। एलईडी के माध्यम से इसका सजीव प्रसारण भी हुआ। मलवां ब्लाक के मौहार गांव में रेलवे अंडर पास के उद्घाटन में मुख्य अतिथि जिले की सांसद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति शामिल हुईं। उन्होंने कहा अंडर पास बनने से समय बच रहा है और दुर्घटनाएं भी कम होंगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण के सपने साकार हो रहे हैं। इसके साथ उन्होंने शिला पट्टिका का पर्दा हटा उद्घाटन किया। स्कूली बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों व निबंध एवं चित्रकला में प्रतिभाग किया। जिन्हे मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। अध्यक्षता मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) हिमांशु शुक्ला व संचालन युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने किया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सिंह जीतू, समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र मोना ओमर, उपजिलाधिकारी बिंदकी अनिल यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी बिंदकी सुशील दुबे, मंडल अध्यक्ष भाजपा उदयभान गुप्ता, वाणी एकेडमी प्रबन्धक वीरेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षक संदीप सिंह चौहान, रामशरण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

रेलवे अंडर पास के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करती केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति। अमृत विचार

रेलवे लाइन के आरयूबी का हुआ उद्घाटन

औंग फतेहपुर। हावड़ा दिल्ली रेलवे लाइन स्थित ग्राम गोधरौली बनियन खेड़ा के आरयूबी नम्बर 65 का उद्घाटन भाजपा देवमई मण्डल अध्यक्ष राजा भान सिंह ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय स्कूली बच्चे, ग्रामीण, भाजपा पदाधिकारी तथा रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे। जनपद के जहानाबाद विधानसभा के गोधरौली गांव के (आरयूबी) रेलवे अंडरब्रिज का लाइव लोकार्पण कार्यक्रम के उपलक्ष में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल के रेल प्रबन्धक हिमांशू बडोनी ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश को रेलवे विकास के लिए बजट में 19575 करोड़ रिकॉर्ड आवंटन किया गया है। बजट मद से 157 रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय बनाया जाएगा। गोधरौली गांव के आरयूबी 65 नंबर का चयन प्रमुखता से किया गया है। इस मौके पर सेक्टर प्रमुख देवमई बलबीर सिंह बाबा, उपाध्यक्ष देवमई मण्डल भारत सिंह चौहान, बनियन खेड़ा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आदि लोग उपस्थित रहे। औंग रेलवे स्टेशन मास्टर सुनील, चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर विजय वर्मा, रेलवे सीएमआई एसके मीना कानपुर, एससीसी टीसी अमित पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

नोनारा के शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। विकास खंड अमौली के ग्राम नोनारा में शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार समेत ग्रामीण बुद्धिजीवियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।

नायब तहसीलदार ने कहा कि स्वराजवादियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जिस तरह के भारत की परिकल्पना की थी, उसे साकार करने का दायित्व हम लोगों पर है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को विस्मृति नहीं किया जा सकता, सारा राष्ट्र उनका ऋणी रहेगा। वहीं विभिन्न विद्यालयों के आए हुए छात्र एवं छात्राओं ने नाटकों एवं गीतों से देशभक्ति की प्रेरणा दी। वहीं ग्राम चटिया के प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नोनारा तहसीलदार हत्याकांड एवं ग्रामीण पर हुए जुल्मों सितम की दास्तान को लघु नाटिका द्वारा प्रस्तुत किया। जिससे उस वक्त हुए घटनाक्रम को याद कर लोग सिहर उठे। इस मौके पर नायब तहसीलदार अमरेश सिंह, उपजिला अधिकारी बिंदकी, लोकनाथ पांडेय, देवकांत तिवारी, श्रीपाल पासवान, ग्राम प्रधान राम सिंह उत्तम, देवकांत उत्तम, राजेश उत्तम, मनीष उत्तम समेत अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

शहीद स्थल नोनारा। अमृत विचार

रेलवे स्टेशन पर दिखेगी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत

अमृत भारत स्टेशन योजना में कन्नौज व गुरसहायगंज रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास, स्टेशन पर यात्रियों को मिलेगीं आधुनिक सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। इत्र और इतिहास की नगरी का वैभवशाली अतीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक रेलवे स्टेशन पर दिखेगी। सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जिले के दो रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जाएगा, जहां यात्रियों को हाईटेक सुविधाएं मिलेगीं। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रेलवे स्टेशन को आधार बनाया जाएगा तो यहां के इत्र उद्योग को बुलंदियों पर पहुंचाने के प्रयासों में भी रेलवे भागीदार बनेगा।

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कन्नौज व गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन का वर्चुअल शिलान्यास किया। रेलवे स्टेशन पर सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शिलान्यास पट का अनावरण किया। विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तो रेलवे द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। सांसद ने कहा कि भारतीय रेल को जीवन रेखा कहा जाता है। यह रेल अब हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करेगी तथा प्रधानमंत्री के विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करेगी। स्टेशन परिसर में एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन सुनाया गया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल बरेली के वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रत्नेश कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर विपिन कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार, सहायक मंडल इंजीनियर लोकेश सगरवंशी, मंडल वाणिज्य निरीक्षक राजकुमार वर्मा, स्टेशन अधीक्षक अंजनी प्रसाद, जोनल रेलवे परामर्शदात्री समिति के सदस्य राजेश कुमार शर्मा, मंडल रेलवे परामर्शदात्री समिति के सदस्य सतेंद्र प्रताप सिंह, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कटियार, भाजपा नेता रामसेवक कठेरिया, पीसीएफ के डायरेक्टर आनंद किशोर द्विवेदी उपस्थित थे।

शिलापट से पर्दा हटाते सांसद सुब्रत पाठक, साथ में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला।

रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य लोग। अमृत विचार

..... स्टेशन पर होंगे यह कार्य .....

- परियोजना की लागत 13.50 करोड़ रुपये
- स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियां (एस्केलेटर)
- दोनों तरफ 50 मी. प्लेटफार्म का विस्तार
- एलईडी डिस्प्ले व फसाड लाइटिंग
- अत्याधुनिक शौचालय व स्नानागार
- एलईडी साइनेज स्टेशन का नाम
- वातानुकूलित यात्री प्रतीक्षालय व डॉरमेट्री
- यात्रियों के लिए क्लॉक रूम व सेल्फी प्वाइंट
- एलईडी डिस्प्ले बोर्ड व हाईटेक अनाउंस सिस्टम
- रेल यात्रियों को मुफ्त वाई-फाई की सुविधा
- दोनों तरफ फर्श का टाइलीकरण व टिनशेड
- हरियालीयुक्त पार्किंग, हाईमास्ट लाइट
- सौर ऊर्जा से विद्युत आपूर्ति व लाइटिंग

सात करोड़ से होगा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

गुरसहायगंज, कन्नौज। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई। सात करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल शिलान्यास किया। सोमवार को स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, पालिकाध्यक्ष मुन्नी गुप्ता, पालिकाध्यक्ष छिबरामऊ मनोज दुबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल व रामकुमार पाठक ने शिलान्यास पट का अनावरण किया। रेलवे की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। आकाशवाणी बरेली के रवींद्र मिश्रा के संचालन में हुए कार्यक्रम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक ईश्वर सिंह राणा, एसपी गौतम, आशुतोष मिश्रा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, सुनील वर्मा, आकाश कटियार, हरीओम गुप्ता, राकेश कौशल, संजीव गुप्ता, संजू, अनुराग गुप्ता, विकास गुप्ता, विजय दुबे, अभिमन्यु त्रिपाठी, परशुराम देवल, सुशील दुबे, बृजेश कौशल, सबलू गुप्ता, गौरव वर्मा मौजूद रहे।

शिलान्यास पट का अनावरण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, पालिकाध्यक्ष मुन्नी गुप्ता व अन्य।

बेटे ने माता-पिता को घर में बंदकर लगा दी आग

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- गृहस्थी का सामान सहित बाइक व कार जली
- घटना को अंजाम देने के साथ बेटा-बहू हुए फरार

अमृत विचार। एक बेटे ने संपत्ति के लिए बुजुर्ग माता-पिता को घर में बंद करके आग लगा दी और पत्नी के साथ फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने बचाया लेकिन घटना में गृहस्थी के सामान समेत बाइक आदि जलकर राख हो गए। पीड़ित पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी रिटायर शाखा प्रबंधक प्रकाश नारायण चतुर्वेदी का कहना है कि उसका बड़ा पुत्र व पुत्रवधू घर के पिछले हिस्से में रह रहे हैं। रविवार की देर रात लगभग 11.45 बजे पुत्र व पुत्रवधू ने संपत्ति हड़पने की नीयत से घर में रखे गैस सिलेंडरों को गेट के पास रख दिया और घर के दरवाजे, खिड़कियों, बाइक, कार आदि पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसके बाद घर के जीने व मुख्य गेट को बंदकर फरार हो गए। चीख पुकार सुनकर पहुंचे मोहल्ले वासियों ने गेट का कुंडा तोड़कर परिजनों को बाहर निकाला और आग पर काबू पाया। आग बुझाने के प्रयास में पीड़ित प्रकाश नारायण, उनका पुत्र शिवम झुलस कर घायल हो गए। घटना में बाइक, कार व घरेलू सामान जल गया। सूचना पर पहुंचे कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, चौकी प्रभारी राबिन सिंह ने पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी।

दंपति सहित चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी प्रकाश नारायण चतुर्वेदी का कहना है कि 25 फरवरी की रात लगभग 11.45 बजे उसके पुत्र कुलदीप नारायण व उसकी पत्नी सोनी ने संपत्ति के लिए घर के खिड़की, दरवाजे बाहर से बंद कर दिए और गैस सिलेंडर खोलकर घर में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। निकास के रास्ते पर लाल मिर्च फैला दी। इस दौरान घर के अन्य लोग सो रहे थे। कोतवाली पुलिस ने पुत्र कुलदीप नरायण, पुत्रवधू सोनी व कन्नौज के ग्राम आंकिनपुर निवासी दिनेश तिवारी, आकांक्षा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

छह दिन बाद भी ओला से नुकसान का आकलन नहीं

तिर्वा, कन्नौज। ओलावृष्टि और बारिश के छह दिन बाद भी प्रशासन किसानों को हुए नुकसान का आंकड़ा नहीं जुटा सका है। इससे किसानों का मुआवजे का इंतजार लंबा होता दिख रहा है। बदलते मौसम के दौरान 20 फरवरी की रात आंधी-बारिश के साथ क्षेत्र में ओले गिरे थे जिससे फसलों को खासा नुकसान हुआ था। सबसे अधिक नुकसान सिमारिया, जनखत, औसेर व हसेरन क्षेत्रमे राई, गेहूं को हुआ। ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए तहसील प्रशासन ने सभी लेखपालों को लगाकर रिपोर्ट मांगी। छह दिन बाद भी तहसील प्रशासन के पास आंकड़े नहीं पहुंच पाए हैं। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए लेखपालो को निर्देश दिए गए हैं। सभी लेखपाल किसानों से मिलकर खेत-खेत जाकर नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

सांसद को प्रतीक चिह्न भेंट करते विद्यालय के प्रबंधक व अन्य।

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, बटोरीं तालियां

गुरसहायगंज, कन्नौज। तिर्वा रोड स्थित केसी एजूकेशन सेंटर में वार्षिकोत्सव का आयोजन रविवार की रात किया गया। इसमें बच्चों ने प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद सुब्रत पाठक, जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार पाठक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। छात्र-छात्राओं ने गणेश वन्दना, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद मेरा रंग दे बसंती चोला, संदेशे आते है, आरंभ है प्रचंड है, शिव तांडव, चंदा ने कहा तारों से, मेर घर राम आए हैं, हनुमान चालीसा आदि पेश कर तालियां बटोरीं। आयोजकों ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। सांसद ने कहा कि विद्यालय बच्चों की संस्कार शाला होती है। इस दौरान डॉ. आरएम सिंह तोमर, नीरज मिश्रा, विजय दुबे, अजीत मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, विपिन गुप्ता, संजीव चैहान, राज गुप्ता, राजीव चौहान आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

सामान्य ज्ञान के प्रश्नों में की माथापच्ची

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल आदर्श विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 328 बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए देश दुनिया, पर्यावरण, भूगोल, इतिहास, विज्ञान, संविधान, मानव शरीर आदि विषयों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने में जमकर माथा पच्ची की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक विकास होता है। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने बताया कि इप्रतियोगिताओं के माध्यम से बालक की अंतर्निहित आत्मा के ज्ञान का विकास होता है। कहा कि सभी छात्रों को प्रत्येक क्षेत्र की जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान शिक्षक अमित कुमार, यतेंद्र कुमार, मनीष पाल, ऋषभ श्रीवास्तव, आर्जन शर्मा, मो0 सहीम, धीरेंद्र सिंह, अनीता देवी, शिवानी राजपूत, दिव्या शर्मा, नम्रता यादव, शिखा पाल, सोनाली दुबे, प्रिया दुबे, सलोनी राठौर व प्रियांशी दुबे सहित समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

कब्रिस्तान में बना शौचालय तोड़वातीं थाना प्रभारी पारुल चौधरी।

कब्रिस्तान में बनाया शौचालय, रोष पर पुलिस ने गिरवाया

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ कस्बा में स्थित कब्रिस्तान में दबंग व्यक्ति ने रातोंरात शौचालय बना लिया। इससे समुदाय में रोष हो गया और मामला बिगड़ने से पहले ही थाना इंचार्ज पारुल चौधरी ने निर्माणाधीन शौचालय को ध्वस्त कराकर स्थिति संभाली। कस्बा मस्जिद अध्यक्ष सयूम सिद्दीकी ने बताया कि रविवार को शब ए बरात था। इस पर रात में कस्बा विशुनगढ़ के मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तान में गुजर चुके अपने करीबियों के लिए फतिया दरूद पढ़ने पहुंचे थे। वहां दबंग द्वारा शौचालय निर्माण देख भड़क गए। जानकारी होते ही थाना प्रभारी पारुल चौधरी मौके पर पहुंच गईं और उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को जानकारी दी। इस पर उपजिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार भरत मौर्य, क्षेत्रीय लेखपाल प्रीतम सिंह व गजेन्द्र सिंह को भेज कर निर्माणाधीन शौचालय को ध्वस्त करा कर मामले को शांत कर दिया। वहीं मुस्लिम समुदाय का कहना है कि ग्राम धीरपुर के कुछ दबंग लोग विशुनगढ कस्बा के कब्रिस्तान पर कब्जा करना चाहते हैं। इसलिए यह काम किया गया। इस दौरान छोटे सिद्दीकी, लालू सिद्दीकी, सलमान बारसी, अतीक आदि रहे।

ग्राम रजलामऊ स्थित हाइवे पर धरना प्रदर्शन करते किसान नेता। अमृत विचार

ट्रैक्टर शृंखला बनाकर हाईवे पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर जगह-जगह प्रदर्शन, एमएसपी को लागू करने की मांग

अमृत विचार। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में दिल्ली की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर शृंखला बनाकर धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें किसान नेताओं ने सरकार से एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग की।

ग्राम रजलामऊ स्थित हाईवे पर विरोध प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसान लाठी और गोली से डरने वाला नहीं है। सरकार समाधान का रास्ता निकाले और एमएसपी को लागू करें। महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान ने कहा कि दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा किसानों पर किए जा रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्लॉक गुगरापुर में संयोगिता मार्ग पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी व ब्लॉक अध्यक्ष राहुल कुमार ने ट्रैक्टर श्रंखला बनाकर धरना दिया। सुरक्षा के लिए निरीक्षक महेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज आनंद मिश्रा पुलिस बल संग तैनात रहे।

इस दौरान इरशाद अली, राजा अनमोल सिंह चैहान, डॉ. साजिद हुसैन, प्रमोद तिवारी, अरूण कुमार सिंह, मो. शहराज, मुदस्सिर अली, सत्यम प्रजापति, अकील फारूखी, अनवार खान, बड़े ठाकुर, शाहिद खान, अनिल ठाकुर, राजेश यादव, ओमाशीष दुबे, रजाउल अली, अमन, जीशान सिद्दीकी, शैलेंद्र सक्सेना आदि मौजूद रहे।

स्कूलों के ऊपर से गुजरी बिजली की लाइनें हटाई जाएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने आधार वैरिफिकेशन में बीईओ उमर्दा व हसेरन को सुधार लाने को कहा
- कलक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक

अमृत विचार। जिन परिषदीय स्कूलों के ऊपर से बिजली की लाइनें निकली हैं उनको हटाया जाए। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न किया जाए। यह बात डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक में कही।

सोमवार को समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्राथमिक विद्यालय सरगौली, हुसेपुर विद्यालयों के ऊपर से बिजली के तार निकले हैं। डीएम ने कहा कि विद्यालयों के 200 मीटर परिधि में सफाई होनी चाहिए। इस परिधि के अंदर गंदगी, खुला नाला, गड्ढा आदि है तो उसकी सफाई व नाला को बंद कराया जाए। उन्होंने कहा कि आरबीएसके टीम विद्यालय में जाए उस दिन छात्रों की हाजिरी शत-प्रतिशत होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि 1145 बच्चों का आधार वैरिफिकेशन का कार्य जल्द पूरा किया जाए। इसमें उमर्दा में 341 व हसेरन में 210, तालग्राम में 126 बच्चों का भी आधार वैरिफिकेशन होना है। अधिक संख्या होने पर डीएम ने बीईओ उमर्दा और हसेरन को अपनी कार्य शैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सभी विद्यालय निपुण होने चाहिए। निर्देश दिए कि एआरपी व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करें, कार्यशैली संतोषजनक नहीं है। विद्यालयों के विजिट करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि विद्यालयों में खाना बनाने वाली अवशेष रसोईयों के खाता का ब्योरा दे दिया जाए तो उनका समय से भुगतान हो सके। इस मौके पर डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, बीएसए उपासना रानी वर्मा, बीईओ विमल तिवारी, डीसी विश्वनाथ शर्मा, शैलेंद्र प्रताप सिंह व रोहित तिवारी थे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में निर्देश देते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल। अमृत विचार

सोते रहे घरवाले, नकदी-जेवर पार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। किला नगरिया स्थित एक घर में रविवार रात चोरों ने धावा बोलकर लाखों के आभूषण सहित नकदी चोरी कर ली। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

कस्बा विशुनगढ़ के किला नगरिया निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि रविवार की रात वह 10 बजे तक जागती रही। फिर वह परिवार के साथ सो गई। सुबह उठकर देखा तो सारा सामान बिखरा और अलमारी खुली पड़ी थी। बताया कि अलमारी में रखे सोने की जंजीर, टॉप्स व चांदी की पायल सहित 5500 रुपये की नकदी किन्हीं चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। पीड़ित महिला ने शिकायत पुलिस से की है।

चोरी के बाद बिखरा पड़ा घर का सामान। अमृत विचार

पेड़ पर फंदे ले लटका मिला युवक का शव

तिर्वा, कन्नौज। घर से नाराज होकर निकले युवक का शव गांव के बाहर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कलसान गांव निवासी होरीलाल (35) पुत्र लखवी अपने परिजनों की किसी बात से नाराज होकर सोमवार को तड़के अपने घर से निकल गया। गांव के बाहर जाकर पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

14 परीक्षार्थियों ने छोड़ी रसायन विज्ञान की परीक्षा

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ बोर्ड की परीक्षा कराई गई। प्रथम पाली में उत्तर मध्यमा प्रथम में रसायन विज्ञान में 74 परीक्षार्थियों में से 60 ने परीक्षा दी। चित्रकला में तीन परीक्षार्थी मौजूद रहे। पूर्व मध्यमा द्वितीय में 52 परीक्षार्थियों में 50 ने परीक्षा दी।

पूर्व मध्यमा द्वितीय के कंप्यूटर विज्ञान विषय में 03 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। केंद्र व्यवस्थापक श्रीमती अर्चना यादव व सह केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी ने सघन चेकिंग की। इस दौरान अंशुल दीक्षित, सचिव कुमार तिवारी, अनूप कुमार, शिवराम सिंह कुशवाहा, पंकज, कामिनी देवी, कंचन प्रभा, अर्चना यादव, कामिनी देवी, श्वेता यादव, सत्यम सैनी अभिमन्यु सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

चुनाव की तैयारी | शस्त्र सत्यापन के साथ अपराध से जुड़े लोगों को पुलिस करेगी पाबंद

हिस्ट्रीशटर होंगे चिह्नित, गड़बड़ी की तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव सन्निकट होने से प्रशासन के साथ ही जिला पुलिस की तरफ से तैयारी जोरशोर से शुरू कर दी गई है। इस क्रम में हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन के साथ ही पिछले चुनावों में गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की तैयारी है।

यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस ने तैयारी तेज कर दी है। इस क्रम में शस्त्रों का सत्यापन कराया जा रहा है। इसके साथ ही हिस्ट्रीशीटरों, अपराध में लिप्त लोगों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। जो लोग आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं उनको भारी भरकम मुचलके से पाबंद करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। बताया कि विगत वर्षों में हुए विभिन्न चुनावों में गड़बड़ी फैलाने वालों जिन पर मुकदमे पंजीकृत हुए थे पर खास नजर रखी जा रही है। इसके अलावा हर थाना क्षेत्र में अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है जिससे उन पर निगरानी की जा सके।

जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनंद।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी करेंगे जागरूक

एसपी ने बताया कि मंगलवार 27 फरवरी से अगले नौ दिन तक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को हेल्पलाइन 112 की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। शासन की तरफ से नुक्कड़ नाटक करने वाले कलाकारों की टीम भेजी गई है। इसका शेड्यूल बनाया जा रहा है जिसके तहत नाटक से इस नंबर की उपयोगिता लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

चुनाव के दृष्टिगत पिछले दिनों हुए तबादलों में सत्यापन किया जा रहा है कि कोई इंस्पेक्टर या दरोगा इसी लोकसभा क्षेत्र से इसी में ही तो नहीं आ गया। बताया कि कन्नौज के अलावा औरैया व कानपुर देहात का भी क्षेत्र इस लोकसभा में लगता है। ऐसे में देखा जा रहा है कि इन तीनों जिलों में हुए फेरबदल में कोई इसी क्षेत्र में ही तो नहीं स्थानांतरित हो गया। अगर ऐसा है तो इस संबंध में आईजी जोन को जानकारी दी जाएगी ताकि बदलाव किया जा सके। सत्यापन की यह प्रक्रिया प्रत्येक जिले में चल रही है।

प्रचार वाहन करेगा हेल्पलाइन 112 के प्रति जागरूक

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शासन की तरफ से लोगों को जागरूक करने से प्रचार वाहन भेजा गया है। यह जिले भर में घूमकर लोगों को हेल्पलाइन 112 नंबर की उपयोगिता बताएगा। कहा कि हर समय संबंधित थानेदार या दरोगा या फिर पुलिस कर्मी इतनी सुगमता से उपलब्ध नहीं हो सकते जितना की इस नंबर को डायल करने से सहायता मिल सकती है। कन्नौज की बात करें तो यूपी 112 का रिस्पांस समय आठ मिनट के लगभग है। आपात स्थिति में इस नंबर से कोई भी व्यक्ति तत्काल सहायता प्राप्त कर सकता है।

दर्ज पते पर नहीं मिल रहे 10 हिस्ट्रीशीटर

तिर्वा, कन्नौज। पर्व के साथ साथ होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए ठठिया पुलिस ने अपराधियों की तलाश शुरू कर दी। थाने के हिस्ट्रीशीटरों में से 10 दर्ज पते पर नहीं मिल रहे। एसपी अमित कुमार के निर्देश पर खुले घूमने वाले शातिरों पर अंकुश लगाने के लिए ठठिया थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने कवायद शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के कई गांव के 66 हिस्ट्रीशीटर हैं जिसमें से 10 जेल में हैं। दस अपराधी थाने में दर्ज पते पर नहीं मिल रहे हैं। उन लोगों ने अपने पते बदल लिए। 56 हिस्ट्रीशीटर जो बाहर हैं का सत्यापन किया जा रहा है कि वह वर्तमान मे क्या कर रहे हैं। अन्य शातिर अपराधी भी तलाश कर पाबंद किए जाएंगे।

ऑडिट के लिए अभिलेख न देने पर सचिव निलंबित

लापरवाही पर ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक प्रजापति पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। ग्राम पंचायतों के ऑडिट में अभिलेख न देने के मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) को निलंबित कर दिया गया है। डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत हसेरन को जांच अधिकारी नियुक्त कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी है। निलंबन अवधि में सचिव ब्लॉक मुख्यालय कन्नौज से संबद्ध रहेंगे।

डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने जारी किए आदेश में कहा है कि ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के पनवारा, सारोंतोप व जलालपुर पंचमा के ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक प्रजापति से पंचायती राज समिति की बैठक को लेकर तीन जनवरी तक ग्राम पंचायतों के व्यय के प्रमाणित अभिलेख मुहैया कराने को कहा गया था। तीन जनवरी तक समय सीमा में रिकार्ड न देने के बाद फिर से नोटिस जारी कर 16 जनवरी तक का समय दिया गया। उसके बाद सीडीओ ने भी 18 जनवरी को पत्र भेजकर 18 फरवरी तक का समय दिया गया, लेकिन इस समय सीमा में भी रिकार्ड नहीं दिए गए। डीपीआरओ ने कहा है कि जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायत ने ऑडिट में खामियां पकड़ीं थीं। उनको अभिलेख नहीं दिए जा सके। शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में डीएम के अनुमोदन पर अशोक प्रतापति को निलंबित कर दिया गया। बताते चलें कि पूर्व में ऑडिट के मामले में करीब दो दर्जन ग्राम पंचायतों में गड़बड़ी पकड़ी गई थी। समय से रिकार्ड न देने पर डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश को भी प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई थी।

- निलंबन अवधि में विकास खंड कन्नौज से रहेंगे संबद्ध डीपीआरओ ने की कार्रवाई

ग्राम विकास अधिकारी पर भी हो सकती है कार्रवाई

बताया गया है कि ब्लॉक सदर क्षेत्र के एक ग्राम विकास अधिकारी पर भी कार्रवाई होना तय है, वह कई दिनों से ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। जानकारों की मानें तो उन्होंने अवकाश के लिए आवेदन किया था, जो अस्वीकृत कर दिया गया। अब वह अपनी ग्राम पंचायतों का कार्य भी नहीं कर रहे हैं। चर्चा है कि ग्राम विकास अधिकारी अपने कलस्टर क्षेत्र में रहना नहीं चाहते हैं, उनके सामने कई प्रकार की समस्याएं आ रहीं हैं। इस वजह से क्षेत्र बदलने की मांग भी पूर्व में उन्होंने की थी।

अभिभावकों के साथ होगी निपुण बच्चों की हौसला अफजाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- न्याय पंचायतवार पुरस्कृत होंगे पांच-पांच बच्चे

अमृत विचार। जल्द ही प्राथमिक/कंपोजिट स्कूलों में 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव होगा। इसमें निपुण बच्चों की हौसलाफजाई की जाएगी। उनके अभिभावकों को भी बुलाकर सम्मानित किया जाएगा।

न्याय पंचायत वार पांच निपुण बच्चों का चयन कर पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें दो बच्चे को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र के बाल वाटिका के होंगे, जिनकी उम्र पांच से छह साल होगी। अन्य तीन बच्चे कक्षा एक, दो व तीन के निपुण दक्षता प्राप्त होंगे। बाल वाटिका के लिए निपुण बच्चों का चयन आंगनबाड़ी कार्यकत्री करेंगी। विद्यालय के नोडल अध्यापक इसमें सहयोग करेंगे। बताया गया है कि पुरस्कार में स्टेशनरी, कहानी आदि किताबें दी जाएंगी। साथ ही न्याय पंचायत स्तर पर पांच निपुण बच्चों का चयन नोडल शिक्षक संकुल संबंधित न्याय पंचायत से करेंगे। उनका यह दायित्व होगा कि अपनी न्याय पंचायत के विद्यालयों में कक्षा एक, दो व तीन के बच्चों में से राजस्तरीय नैट परीक्षा में निपुण, उच्चतम ग्रेड व अधिक उपस्थिति वाले तीन बच्चों का चयन करेंगे। बाल वाटिका आयु वर्ग के पांच से छह वर्ष के दो बच्चों जो संबंधित न्याय पंचायत के विद्यालय परिसर के आंबनबाड़ी केंद्र में नामांकित हैं का चयन कार्यकत्री करेंगी। इसके बाद न्याय पंचायत से पांच बच्चों की सूची विकास खंड पर दी जाएगी। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि अभी कार्यक्रम का समय तय नहीं है, लेकिन डीएम की देखरेख में जल्द ही इसका आयोजन होगा। कार्यक्रमों में प्रोजेक्टर, जलपान व भोजन की भी व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मकसद आंगनबाड़ी केंद्रों व परिषदीय स्कूलों में बच्चों की हाजिरी बढ़ाने व प्रवेश कराने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करना है।

सरकार तक पहुंचेंगीं पेट्रो डीलरों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला स्तरीय पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का किया गया गठन
- नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपी गईं जिम्मेदारियां, बनाई रणनीति

अमृत विचार। पेट्रो डीलरों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का गठन किया गया। अब स्थानीय स्तर पर पेट्रो डीलरों की समस्याएं सरकार तक पहुंचाईं जाएंगीं। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा संगठन के विस्तार की रणनीति तैयार की गई।

सोमवार को शहर के राही पर्यटक आवास गृह में जनपद के पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की बैठक की गई। संगठन के अध्यक्ष विजय द्विवेदी ने कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया। इसमें तिर्वा क्षेत्र से विधायक कैलाश राजपूत, छिबरामऊ से सतीश चन्द्र चतुर्वेदी और दिवाकर गुप्ता उर्फ देवू, गुरसहायगंज से इन्द्रकुमार गुप्ता, कन्नौज से कश्मीर सिंह कटियार को संगठन का संरक्षक बनाया गया। अलीपुर जलेसर से संजीव कुमार गुप्ता को जिला महामंत्री, सिकंदरपुर से राहुल कुमार, तिर्वा से राजू भदौरिया व सौरिख से कन्हैयालाल गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष, खोजीपुर से नदीम जमा खां को सचिव, समधन से रफी अनवर सिद्दीकी को जिला कोषाध्यक्ष, तालग्राम से राजीव गोयल को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

पेट्रो डीलरों को जानकारी देते जिलाध्यक्ष विजय द्विवेदी। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष ने डीलरों को भरोसा दिलाया कि पेट्रोल पंप डीलरों की समस्याओं को उत्तर प्रदेश डीलर एसोसिएशन की सहायता से सरकार तक पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कन्नौज तथा फर्रुखाबाद जनपद के डीलरों की संयुक्त बैठक उत्तर प्रदेश डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारी करेंगे, जिसमें डीलरों को आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान जनपद के कई अन्य पेट्रोल पंप संचालक मौजूद रहे।

सीसीए में खुला प्रदेश का पहला लीगल एड क्लीनिक

संवाददाता, छिबरामऊ/ कन्नौज

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने फीता काटकर किया उद्घाटन

अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से प्रदेश का पहला लीगल एड क्लीनिक छिबरामऊ के सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी विद्यालय में खोला गया, जहां कामकाजी महिलाओं, दिव्यांगों और बच्चों को निःशुल्क कानूनी सहायता दी जाएगी। प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

सोमवार को छिबरामऊ के खुबरियापुर रोड स्थित सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि यह क्लीनिक शुरू करने वाला सीसीए प्रदेश का पहला स्कूल बन गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल में, घर पर या समाज में बच्चों के उत्पीड़न की घटनाएं आम है लेकिन कानूनी जानकारी की कमी या शर्मिंदगी की वजह से उनकी रिपोर्ट नहीं कराई जाती है। उन्होंने बताया कि यह केंद्र न केवल बच्चों, महिलाओं व दिव्यांगों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देगा बल्कि उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर सीसीए के प्रबंधक प्रदीप प्रधान, प्रशासिका सुधा प्रधान, निदेशक विश्वास प्रधान, मधु प्रधान, वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक प्रधान, प्रधानाचार्य बलवान कपूर, सिमरन प्रकाश शर्मा, पराविधिक सीमा बानो, उषा उपाध्याय, अभिषेक दुबे, विवेक आदि रहे।

सफाईकर्मी की अपने गांव में होगी तैनाती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) के राज्यस्तरीय सदस्य ने की बैठक
- सर्किट हाउस के सभागार में बोले राजू वाल्मीकि, पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ

अमृत विचार। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) के राज्यस्तरीय सदस्य, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार राजू वाल्मीकि ने कहा है कि सफाईकर्मी जिस गांव का है उसकी तैनाती वहीं होनी चाहिए। सोमवार को वह सर्किट हाउस सभागार में विभागों की योजनाओं को लेकर बैठक करने आए थे।

उन्होंने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही है। आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को मिलना चाहिए। नोडल अधिकारी से कहा कि राशन कोटेदारों के साथ समन्वय स्थापित कर मशीन लेकर प्रत्येक कार्डधारक के घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। सदस्य ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अधिक से अधिक पौधरोपण करने व तीसरे शनिवार को ईएसआई योजना के तहत आने वाले कर्मचारियों के साथ बैठक करने को कहा। ईएसआई के तहत आने वाले कर्मचारियों को मुफ्त इलाज मिलता है। डीपीआरओ से कहा कि रोस्टर के अनुसार गांव की सफाई की जाए। कहा कि नहरों के किनारे जो आबादी/बस्तियां हैं वहां जागरुकता कार्यक्रम किए जाएं जिससे आसपास कूड़ा-कचरा न हो सके। सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। सदस्य ने कहा कि जिनके कच्चे व जर्जर घर हैं उनको आवास योजना का लाभ दिया जाए। इस मौके पर डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, पीडी रामऔतार सिंह, डीसी मनरेगा दयाराम यादव, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार उपस्थित रहे।

सर्किट हाउस सभागार में बैठक करते दिशा समिति के सदस्य राजू वाल्मीकि।

बाइक की टक्कर से अधेड़ गंभीर घायल

सौरिख, कन्नौज। तेज रफ्तार बाइक ने अधेड़ को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

सकरावा थाना के गांव पल्हार निवासी रामरतन पुत्र राम भरोसे (50) सोमवार की सुबह आलू व गेहूं की फसल को देखकर घर आ रहे थे। जैसे ही उन्होंने गांव के सामने सड़क पार की तभी सौरिख की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन व राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

सीसीए के वार्षिकोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

वार्षिकोत्सव में नन्हें मुन्नों ने बिखेरे इंद्रधनुषी रंग

छिबरामऊ, कन्नौज। सिटी चिल्ड्रंस एकेडमी के प्री प्राइमरी किड्स के वार्षिक समारोह 'पंख 2024' में नन्हें मुन्ने बच्चों ने मंच पर इंद्रधनुषी रंग बिखेर सबका मन मोह लिया। दीप प्रज्वलन के पश्चात शास्त्रीय भाव भंगिमा के साथ केजी क्लास के बच्चों ने सरस्वती नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी व विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम को देखकर हमें अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन, गैजेट्स व टेलीविजन के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए अभिभावकों को स्वयं किताबें पढ़ने तथा बच्चों को मनोरंजन व व्यक्तित्व निर्माण के लिए बुक रीडिंग की आदत को विकसित करने की सलाह दी। ड्राइंग कंपटीशन के विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र व उपहार भी वितरित किए। इस अवसर पर प्ले ग्रुप के बच्चों ने नर्सरी राइम्स 'कुक्कूज' व 'मिकी माउस' (रॉक एंड रोल) पर मोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। अकादमी के सीईओ विश्वास प्रधान ने प्री प्राइमरी के बच्चों के साथ मदर टीचर्स की रिलेशनशिप पर प्रकाश डाला। कन्वीनर मधु प्रधान, कोऑर्डिनेटर अक्षया नायर व प्रधानाचार्य बलराज कपूर ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन बच्चों के अलावा मिशेल शेफर्ड व आकांक्षा श्रीवास्तव ने किया।

महिला से छेड़खानी, विरोध करने पर पीटा

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि 24 फरवरी को वह घर पर अकेली थी, तभी मोहल्ला सैयद बजरिया निवासी अफजाल पुत्र मुन्ना वहां आया और उसे दबोच लिया। उसने छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें की। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे पीट दिया तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली में पुलिस से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

जन समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

जलालाबाद, कन्नौज। भाकियू सावित्री के जिलाध्यक्ष अन्ना के नेतृत्व में सोमवार को किसानों ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और बीडीओ को 05 सूत्री ज्ञापन सौंपकर समस्या के निस्तारण की मांग की। जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता अन्ना ने बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि ग्राम मसीटपुरवा में नाली, जलभराव, पानी की टंकी में गंदे पानी व कीड़ा निकलने की समस्या का समाधान किया जाए। फतेहपुर जसोदा में सोसाइटी के सामने जलभराव समाप्त करने के लिए पानी का निकास कराया जाए। जलालाबाद में खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए। पात्रों को प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाए। जिलाध्यक्ष ने ब्लॉक सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए जलालाबाद निवासी पिंकी तिवारी को महिला जिलाध्यक्ष व पिंकी राजपूत को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस दौरान रीमा पाल, पूनम पाल, रिचा तिवारी, मधुबाला, अंकी देवी, सरीफन बेगम, अनूप सिंह कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, कुलदीप यादव, वीरेंद्र यादव, गुड्डू पांडे, शाहनवाज, सुल्तान, संजीव यादव, राम शंकर राजपूत आदि मौजूद रहे।

खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देते नेहरू युवा केंद्र के लोग। अमृत विचार

खो-खो में अकबरपुर, वॉलीबाल में प्रेमपुर की टीम जीती

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम सलेमपुर स्थित मां भगवती महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें खो-खो में अकबरपुर तो वॉलीबाल में प्रेमपुर की टीम विजयी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सलेमपुर के प्रधान शैलेंद्र कुमार शाक्य ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन करके किया। इसके बाद खो-खो मैच का उद्घाटन किया, जिसमें अकबरपुर की टीम विजेता एवं छिबरामऊ की टीम उप विजेता रही। वॉलीबाल में प्रेमपुर की टीम विजेता एवं अकबरपुर की टीम उप विजेता रही। कबड्डी एवं रस्साकशी में प्रेमपुर प्रथम तथा छिबरामऊ द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम की संयोजिका आराधना दुबे ने बताया कि विजेता खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। निर्णायक मण्डल में सुशील यादव व अच्युत त्रिपाठी शामिल रहे। इस दौरान ग्राम अकबरपुर के प्रधान ज्ञान सिंह, खुड़ावा के प्रधान जीतू यादव, अभिषेक शुक्ला, गौतम कुमार, अजमेर कुमार, अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का लिया संकल्प

जसोदा, कन्नौज। विधान सभा अध्यक्ष अमृता सिंह की अध्यक्षता में टीम मोदी सपोर्टर सेवा समिति द्वारा पंचायत भवन जसोदा में बैठक की गई। इसमें पार्टी की नीतियों के बारे में बताया गया और 2024 में पुनः नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर नीलम जिला प्रभारी, रिया कुशवाहा सचिव, शिप्रा, गायत्री, रीना, पूनम राजपूत, शिखा सहित महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

मासूम को फुसला कर किशोर ने किया दुष्कर्म

छिबरामऊ। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दरवाजे पर खेल रही मासूम को गांव का ही एक किशोर उसे फुसला कर अपने घर ले गया। यहां उसने मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। खून से लथपथ जब मासूम घर पहुंची तो घटना की जानकारी हुई। इस पर किशोरी के परिजनों आरोपित किशोर को दबोच लिया। यहां उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंच गयी। आरोपित को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया।

हालत गम्भीर होने पर रेफर कर दिया। इस मामले कोतवाल का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। दोषी पाये जाने पर कारवाई की जायेगी।

ससुरालीजनों पर आत्महत्या दुष्प्रेरण की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। दहेज के तानों से परेशान विवाहिता ने ससुराल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिस पर उसके भाई ने न्यायालय के आदेश पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या दुष्प्रेरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जनपद कानपुर नगर के अरौल थाना क्षेत्र के ग्राम गूंजेपुर निवासी अंशू कटियार ने बताया कि उसने बहन मोनी की शादी 9 साल पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेरा निवासी अंकित कटियार पुत्र बिजेंद्र उर्फ लल्ला के साथ की थी और सात लाख रुपये खर्च कर दान दहेज दिया था। ससुरालीजन मोनी से बुलेट मोटर साइकिल व दो लाख रुपये की मांग करने लगे। जब उसने असमर्थता जताई तो उसे प्रताड़ित करने लगे। कई बार ससुराल वालों ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया और प्रताड़ना जारी रखी। तंग आकर 29 जनवरी को मोनी ने ससुराल में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिस पर भाई ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर सोमवार को पुलिस ने पति अंकित कटियार, ससुर बिजेंद्र उर्फ लल्ला, जेठ अंकुर व जेठानी सोमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि मामले की विवेचना चौकी प्रभारी अमित पोरवाल को दी गई है। इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीएचसी में डॉक्टरों का घंटों इंतजार

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। एक ओर सरकार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का दावा कर रही है तो वहीं चिकित्सक दावों को हवा में उड़ाते नजर आ रहे हैं। सीएचसी जलालाबाद में बड़ी संख्या में चिकित्सकों की तैनाती है लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से मरीजों को उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए भटकना पड़ रहा है।

सोमवार की सुबह 11 बजे यहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। मरीज डॉक्टर के आने का इंतजार कर रहे थे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज की गैरमौजूदगी में प्रभारी डॉ. सुरेंद्र चौधरी भी कक्ष नहीं थे। इमरजेंसी वार्ड में भी कोई नहीं था। कुछ देर में डॉ. रेनू और 11 बजे के बाद डॉ. माजिद अस्पताल पहुंचे। एक मरीज सुबह से इमरजेंसी वार्ड में बैठा था। उसे रेफर किया गये तो स्ट्रेचर नहीं मिला।

मौजूद लोगों ने कंधों पर उठाकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया। लोगों का आरोप है कि एमओआईसी कन्नौज स्थित आवास से ही अस्पताल का संचालन करते हैं। इसी कारण डॉक्टर व अन्य कर्मी भी लापरवाह बने हुए हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज ने बताया कि वे पारिवारिक समस्या की वजह से तीन दिन के अवकाश पर हैं। वैसे वे अस्पताल परिसर में आवंटित कक्ष में ही रहकर स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन करते हैं। यदि कोई सहयोगी लापरवाही कर रहा है तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

सीएचसी जलालाबाद में दवा के पर्चे दिखाते मरीज। अमृत विचार

आयोजन | राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सौ शैय्या अस्पताल में प्रशिक्षण

नाबालिग को तंबाकू बेची तो कार्रवाई

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सौ शैय्या अस्पताल में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया कि नाबालिग को तंबाकू उत्पाद बेचना अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे दुकानदारों पर सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003(कोटपा) के तहत कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही जिले में छापामार अभियान चलाया जाएगा।

सोमवार को गोष्ठी में जानकारी देते हुए तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जनपद सलाहकार डॉ. रविप्रताप सिंह ने बताया कि जनपद को तंबाकू मुक्त करने के लिए पहले जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। नोडल अधिकारी डॉ. ओपी गौतम ने कहा कि नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचना अपराध है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाली हानियों के बारे में भी बताया। सौ शैय्या अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तंबाकू उत्पादों की बिक्री को रोकने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों के निकट कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचने वालों तथा सार्वजनिक जगहों पर इसका सेवन करने वालों के विरुद्ध पुलिस अधिकारियों को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएमएस डॉ. सुनील कुमार सिंह को पत्रक प्रदान करते डॉ. रवि प्रताप सिंह।

- जनपद में पुलिस के सहयोग से चलेगा छापामार अभियान

शराब व उपकरण सहित दो को पकड़ा

गुरसहायगंज। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के निर्देशन पर चलाए गए अभियान के तहत सोमवार को पुलिस ने छापेमारी की। इसमें सराय प्रयाग चौकी प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा ने इस्माइलपुर स्थित अंडरपास के निकट ग्राम इस्माइलपुर के मोहल्ला शांति नगर निवासी राहुल सिंह को दबोच लिया। सरकारी नकलूप के पास से ग्राम इस्माइलपुर के मोहल्ला शांति नगर निवासी संजीव कुमार को 40 लीटर अवैध शराब व उपकरण बरामद के साथ पकड़ लिया।

युवक को पीटा

कन्नौज। मोहल्ला बजरिया शेखाना निवासी मोहम्मद अख्तर ने बताया कि काजीटोला निवासी फैसल पुत्र मोहम्मद वसी के साथ काम करता है। जब उसने मजदूरी के रुपये मांगे तो फैसल व उसके साथ मोहल्ला बालापीर निवासी अजर, अन्नू, अकरम व सफी ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

सपाइयों ने की निजीकरण के विरोध में भूख हड़ताल

छिबरामऊ, कन्नौज। महंगाई, भ्रष्टाचार, सरकारी संस्थाओं के निजीकरण के विरोध में सपा मजदूर सभा ने भूख हड़ताल की।

जिलाध्यक्ष मेजर सिंह यादव के नेतृत्व में भूख हड़ताल पर बैठे सपाइयों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कलीम खां व कन्नौज सदर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नबाब सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बाबा रामप्रकाश यादव ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम भाजपा सरकार द्वारा मजदूरों के हक के लिए और बेरोजगारी को दूर करने के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संस्थानों का निजीकरण कर रही है।

इस दौरान उमेश पाल, अच्छे खान, राजीव यादव, अमित राजपूत, शैलेन्द्र यादव, आसिफ इकबाल, अशोक चौहान, अनिल कुमार, पिंकी बाथम, अतर सिंह वर्मा, देवेन्द्र सिंह यादव, चंद्रजीत यादव, संतोष गुप्ता मौजूद रहे।

धरने पर बैठे सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

एक नजर

प्रेम विवाह न होने पर युवक ने फांसी लगाकर जान दी

फर्रुखाबाद । प्रेम विवाह न होने से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊदरवाजा थाने के गांव रामनगर रमन्ना गुलजार बाग निवासी अनुज कुमार शाक्य (20) दिल्ली में नौकरी करता था। वह परिजनों के बुलावे पर 16 फरवरी को घर आया था। सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे मकान की छत पर बनी एक दीवार में लगी लोहे की कील पर मफलर के सहारे फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने उसे जीवित होने की आस में नीचे उतार लिया, मगर तब तक सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर पहुंचे दरोगा दीपक राजपूत ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। दरोगा ने बताया कि परिजनों ने रिश्ते के लिए उसे घर बुलाया था। जबकि अनुज अपनी पसंद की शादी करना चाहता था। परिवार के लोग इस पर राजी नहीं थे। इसी से दुखी होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

आग से गृहस्थी राख

कायमगंज। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव नगला भजी निवासी श्री कृष्ण के घर में दिन के लगभग 11 बजे अचानक आग की लपटें और धुआं उठने लगा। आग से घर में रखा अनाज, बिस्तर, कपड़े व 5000 नकद राख की ढेर में बदल गया।

हैंडओवर के बाद भी स्टेडियम में शुरू नहीं हुआ खिलाड़ियों का प्रशिक्षण

वॉलीबाल ग्राउंड में उग आई बड़ी-बड़ी घास, जिम्मेदार कोच न होने का दे रहे हवाला

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने का भले ही दावा करती हो, लेकिन उसके दावों की पोल जिम्मेदार खोल रहे हैं। यही वजह है कि जनपद के एकमात्र स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में अव्यवस्थाएं हावी हैं। स्टेडियम के उच्चीकरण के नाम पर भले ही 5.14 करोड़ खर्च हो गए हों, लेकिन इसका लाभ खिलाड़ियों को मिलता नजर नहीं आ रहा है। हैंडओवर होने के बाद भी अभी तक स्टेडियम में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाना शुरू नहीं किया गया है।

वर्ष 2019 में खेल विभाग ने स्टेडियम के उच्चीकरण के साथ ही जिम, वॉलीबाल, बैडमिंटन व कुश्ती आदि के लिए बहुउद्देश्यीय हाल का निर्माण स्वीकृत किया था।

बंद पड़ा ट्रायल एरिया। अमृत विचार

क्या कहते हैं जिम्मेदार

जिम, वेटलिफ्टिंग, बालीवाल, कबड्डी व बैडमिंटन के कोच नहीं मिले हैं। इसी के चलते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देना शुरू नहीं किया जा सका है। बचे हुए निर्माण कार्य को हैंडओवर करने की कार्रवाई चल रही है।

मनोज, कार्यवाहक जिला क्रीड़ा अधिकारी

निर्माण कार्य के लिए लगभग 5.14 करोड़ का बजट मंजूर हुआ था। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड को दी गई थी। एक साल में निर्माण कार्य पूर्ण करने के आदेश थे, लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते अक्टूबर 2022 में स्टेडियम में निर्माण कार्य पूर्ण हो सके थे। इसके बाद लेनदेन के खेल में हैंडओवर की प्रक्रिया अधिकारी लटकाए रहे, जिसके चलते हैंडओवर होने में करीब छह माह लग गए।अप्रैल 2023 में कार्यदायी संस्था ने जिला खेल विभाग को स्टेडियम हैंडओवर तो कर दिया, लेकिन अभी भी स्टेडियम में खिलाड़ियों को वालीबाल, बैडमिंटन, कुश्ती और वेटलिफ्टिंग आदि का प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है।वेटलिफ्टिंग व बैडमिंटन हाल का ताला तक नहीं खुला है।बालीवाल कोर्ट में बड़ी-बड़ी घास उग आई है। प्रकाश व्यवस्था के लिए लगी हाइलोजन भी टूटने लगी हैं। कोर्ट का समतलीकरण भी नहीं हुआ है। विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश को पांच से होंगे ट्रायल

फर्रुखाबाद । क्षेत्रीय खेल कार्यालय कानपुर की ओर से आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए पांच से सात मार्च तक जिला स्तरीय ट्रायल होंगे। ट्रायल में 12 व 15 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं प्रतिभाग कर सकते हैं।

जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वालीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटवाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो व हैंडबॉल प्रतियोगिताओं के ट्रायल लिए जाएंगे। जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वालीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस बालक वर्ग के ट्रायल पांच मार्च, बालिका वर्ग के सात मार्च को होंगे। वहीं क्रिकेट के छह मार्च व कबड्डी बालक वर्ग के छह व बालिका वर्ग के ट्रायल सात मार्च को होंगे। बास्केटबाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो व हैंडबॉल बालक वर्ग के ट्रायल छह व बालिका वर्ग के ट्रायल सात मार्च को होंगे। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी खेल साथी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

पीसीएफ प्रबंधक ने महिला से की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- मृतक आश्रित में मिली नौकरी, शुरू से ही प्रबंधक रख रहे थे बुरी नजर

अमृत विचार। महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ करने के मामले में यूपी कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (पीसीएफ) प्रबंधक के खिलाफ दर्ज दर्ज की गई है। पीड़िता मृतक आश्रित के पद पर कार्य कर रही है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निवासी एक महिला ने न्यायालय के आदेश पर पीसीएफ प्रबंधक विपिन कुमार यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया कि महिला के पति की सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो गई थी। अनुकंपा के आधार पर उन्हें सहयोगी के रूप में नौकरी मिल गई। नियुक्ति के बाद से प्रबंधक बुरी नजर रखने लगे। कई बार बैड टच करके शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा। मना करने पर पत्र लिखने के बहाने अपने दफ्तर में बुलाकर अश्लील हरकतें करने लगे। 30 अक्तूबर 2023 को शाम तीन बजे अपने ऑफिस में बुलाकर छेड़छाड़ की। जब इसका विरोध कर कार्रवाई के लिए कहा, तो उन्होंने नौकरी खत्म करने की धमकी दी। यही नहीं हत्या कर शव लापता करने की भी धमकी दी गई। बच्चों के भविष्य को देख सचेत रहकर झांसे से बचती रही। उन्होंने अमृतपुर में सेवा केंद्र खोलने का दबाव बनाया। दो नाबालिग बच्चों की बात कहकर आने-जाने में दिक्कत की बात कही। कोई सुनवाई न कर अमृतपुर का आदेश कर दिया। आदेश वापस लेने के बदले शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहा।

प्रबंधक ने धमकी दी कि जिस तरह लेखाकार सूर्य प्रताप, राजेश कुमार व भंडार नायक रंजीत को निलंबित किया, वही हाल तुम्हारा भी करेंगे। 30 जनवरी को अमृतपुर सेवा केंद्र के लिए चेतावनी आदेश भेज दिया। जबकि केंद्र संचालक का काम कनिष्ठ सहायक का है। रिपोर्ट में एससीएसटी एक्ट की धाराएं भी लगाई गई हैं।

भाकियू भानू गुट की बेमियादी महापंचायत शुरू

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) के नेताओं ने अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन महापंचायत फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग पर धर्मपुर मढ़ी के पास मैदान में शुरू कर दी है। तय कार्यक्रम के अनुसार जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी ने किसान नेताओं के साथ आंदोलन स्थल पर पहुंचकर हवन-पूजन कर पंचायत की शुरुआत की।

जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी ने बताया गंगा के दोनो तरफ सुंदरपुर कटरी से ढाईघाट पुल तक बांध बनाने, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे को फर्रुखाबाद से होकर निकाला जाए। फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाए, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाए, आलू चिप्स की फैक्ट्री लगाई जाए, मेडबंदी निरस्त कर प्रार्थना पत्र के आधार पर पैमाइस भू माफियाओं पर कार्यवाही की जाए, मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी को हवाई अड्डे मे परिवर्तित किया जाए, गंगा मे खनन कराकर और गहरा किया जाए आदि 14 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन महापंचयत का आयोजन किया गया है। समस्याओं के निस्तारण तक यह महापंचायत चलेगी। उन्होंने कहा कल से बड़ी संख्या मे किसान आंदोलन मे शामिल होंने आयेंगे। पंचायत मे आए घुड़सवार किसान ने दौड़ते हुए घोड़े पर खड़े होकर लोगों को आकर्षित किया।

इस मौके पर डा अरविंद गुप्ता, संजय सोमवंशी, अवधेश सिंह सोमवंशी, रणबहादुर सिंह, नीरज भाटिया, राजेश कुमार आदि किसान नेता मौजूद रहे।

महापंचायत में डटे किसान नेता। अमृत विचार

बसों से जयपुर, दिल्ली जा रही खैनी तंबाकू

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। तंबाकू कारोबारी तथा इससे जुड़े अन्य व्यापारी जीएसटी की चोरी करने के लिए हर बार नया तरीका खोज ही लेते हैं। पहले ट्रकों द्वारा कायमगंज तंबाकू मंडी से तंबाकू बाहर भेजी जाती थी। कायदे से जो ट्रक नंबर एक में जाते थे। उसमें जीएसटी पैड होने के बाद मंडी शुल्क जमा करके सारी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद ही तंबाकू बाहर जाती थी। लेकिन कुछ लोगों ने इसमें एक तरीका अपनाया और बिना किसी कागज के चोरी छुपे ट्रकों द्वारा तंबाकू भेजी जाने लगी। जब इसकी जानकारी जीएसटी टीम को हुई। जगह चेकिंग होने लगी। मामला पकड़ में आया तो किसी तरह निपट गया। कुछ लोगों पर कार्रवाई भी हुई। इसके बाद जीएसटी चोरी करने वालों ने अब एक नया तरीका अपनाया। जिसमें पिछले काफी दिनों से प्राइवेट रूप से चलने वाली डबल डेकर निजी बसों द्वारा तंबाकू को पैकिटों में भरकर जयपुर तथा दिल्ली के साथ ही अन्य मंडियों में आसानी से भेजा जा रहा है।

एक बार में एक बस से औसतन 10 पैकेट तंबाकू से भरे हुए ले जाए जाने लगे हैं। इसकी एक बानगी उस समय सामने आई ' जब रेलवे रोड पर एक डबल डेकर बस में तंबाकू भरे पैकेट डिग्गी में भरे जा रहे थे। यह वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि अमृत विचार नहीं कर रहा है।

पीएम ने किया दो अंडरपास का उद्घाटन

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। करोड़ों रुपए की लागत से बनाए गए रेलवे अंडरपास जो पूर्वोत्तर रेलवे लाइन के पास बसे गांव नरैनामऊ तथा भटासा के पास स्थित हैं। इन दोनों अंडरपास का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का उद्बोधन भी लाइव किया गया। इसे वहां मौजूद लोगों ने सुना।

नरैनामऊ अंडरपास निर्माण की लागत 2 करोड़ 75 लाख बताई जा रही है। उद्घाटन अवसर पर इस रेलवे विभाग की ओर से मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह स्वरूप मेडल दिए गए। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष डा. मिथलेश अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, भाजपा नेता धर्मेंद्र दीक्षित उर्फ नमो, मनोज गंगवार, जवाहर लाल, सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलवेअवनीश कुमार - नायब तहसीलदार सृजन कुमार आदि मौजूद रहे। इसी समय इसकेअलावा प्रधानमंत्री ने भटासा अंडरपास का भी बजुअर्ल उद्घाटन किया। इस अंडरपास निर्माण में लागत 4 करोड 5 लाख आना बताया गया। कार्यक्रम के समय परिषदीय स्कूल के छात्रों ने कविता पाठ किया। यहाँ भी विभाग की ओर से बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किए गये। इस उद्घाटन के समय फतेहगढ़ के रेलवे सीनियर सेक्शन इंजीनियर के के झा - आईटीआरडी जितेंद्र व सहायक आईटीआरडी अजीत भट्ट, अचरा भाजपा मंडल अध्यक्ष अजयवीर सिंह, -भटासा के प्रधान गोबिंद सिंह गंगवार, संजीत गंगवार, शुलभ गंगवार के अतिरिक्त रेलवे से प्रदीप यादव, इस्लाम खां, श्यामसुंदर, अरुण कुमार, पिंटू कुमार, कैलाश, राजनलाल वर्मा, पवन आदि रहे।

प्रशस्ति पत्र देते अधिकारी। अमृत विचार

कांशीराम कॉलोनी के 30 लोगों ने मांगा नया कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- बिल न अदा करने पर पूरी कालोनी के काट दिए गए थे कनेक्शन

अमृत विचार। कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढिया में बकाएदारी में काटे गए कनेक्शनों के बाद नए कनेक्शन के लिए लोग फिर से आवेदन करने लगे हैं। अब तक करीब 30 लोगों ने आवेदन किए हैं। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पुराना बकाया बिल जमा करने का शपथ पत्र लेने के बाद ही आवेदनकर्ताओं को नया कनेक्शन दिया जाएगा।

कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढिया के उपभोक्ताओं पर करीब 15 करोड़ रुपये बिजली बिल बकाया है। इसके चलते करीब डेढ़ साल पहले विभाग ने सभी के कनेक्शन काट दिए थे। हालांकि बिजली आपूर्ति बंद नहीं की थी। करीब पखवारा भर पहले विभाग ने कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढिया की बिजली बंद कर दी थी। धरना-प्रदर्शन के बावजूद आपूर्ति चालू नहीं की गई तो कॉलोनी में रहने वाले लोग नया कनेक्शन लेने और पुराना बिल किस्तों में जमा करने को तैयार हो गए थे।

इस पर तीन माह का समय देकर आपूर्ति चालू कर दी गई थी। अब कॉलोनी के लोगों ने नए कनेक्शन के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया है। अधिशासी अभियंता शहरी बृजभान सिंह ने बताया कि कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढिया के 30 लोगों ने नए कनेक्शन के लिए आवेदन किया है।

युवती को भगा ले जाने का आरोप

कायमगंज-फर्रुखाबाद। क्षेत्र के एक गांव के निवासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 23 फरवरी दिन शुक्रवार को समय करीब8 बजे सुबह उसकी17 बर्षीय बहन घर से स्कूल के लिए गई थी। वह घर वापस नहीं लौटी। काफी इन्तजार करने के बाद संभावित स्थानों पर खोज बीन की, पर कहीं पता नहीं चल सका। इसी बीच पता चला कि लड़की को जिला शहजहांपुर के थाना कांठ के गांव का रहने वाला एक व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। आरोप है कि युवती जाते समय घर से पचास हजार रुपए नकद तथा कुछ सामान भी ले गयी है। परिवार वालों कहना है कि जो रुपया जाते समय युवती लेकर गई। वह तय हुई इसी की शादी की रोकाई रस्म के लिए व्यवस्था कर घर पर रखा गया था। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

स्वयं समूह की महिलाएं सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सीपी गेस्ट हाउस कायमगंज में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने कहा कि नारी के सम्मान से ही समाज का सम्मान सुरक्षित है। केंद्र की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए चलाई जा रही हैं। पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के सम्मान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आज महिलाओं को किसी के आगे हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं होती। वह आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनकर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की योजनाओं से गांव-गांव की महिलाएं जागरुक हो रही हैं। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक ने कहा कि सरकार ने गरीब परिवार की बेटियों की शादी करने की भी जिम्मेदारी उठाई है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष रश्मि दुबे ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला महामंत्री डीएस राठौर, कायमगंज ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे, ममता सक्सेना, मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, मोनिका अग्रवाल, प्रिया गुप्ता, यूपी सिंह व अरुण दुबे आदि रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं मोनिका यादव। अमृत विचार

सार-संक्षेप

आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए ट्रायल पांच से

फर्रुखाबाद । क्षेत्रीय खेल कार्यालय कानपुर की ओर से आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए पांच से सात मार्च तक जिला स्तरीय ट्रायल होंगे। ट्रायल में 12 व 15 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं प्रतिभाग कर सकते हैं। जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वालीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटवाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो व हैंडबॉल प्रतियोगिताओं के ट्रायल लिए जाएंगे। जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वालीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस बालक वर्ग के ट्रायल पांच मार्च, बालिका वर्ग के सात मार्च को होंगे। वहीं क्रिकेट के छह मार्च व कबड्डी बालक वर्ग के छह व बालिका वर्ग के ट्रायल सात मार्च को होंगे। बास्केटवाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो व हैंडबॉल बालक वर्ग के ट्रायल छह व बालिका वर्ग के ट्रायल सात मार्च को होंगे। जिला खेल कार्यालय के बाबू मनोज कुमार ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी खेल साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

गंगा तट पर ढेरों गंदगी छोड़ गए कल्पवासी

फर्रुखाबाद । गंगातट पांचालघाट पर एक माह तक कल्पवास करने के बाद कल्पवासी अपने अपने घर वापस लौट गए। जाते जाते कल्पवासी गंगा के तटों को गंदा कर गए। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे माघ मेले में एक माह तक कल्पवास करने वाले कल्पवासी पुआल फूस वही छोड़ गए। जिससे गंगा के तटों पर व्यापक गंदगी देखी जा रही है। इसके साथ ही साथ दोना, पत्तल तथा फटे पुराने कपड़े भी कल्पवासी जगह जगह छोड़ गए हैं। उनके द्वारा चढ़ाए गए फूल माला भी गंगा के दोनों तटों पर पहुंच कर सड़ने लगे हैं। जिससे पांचाल घाट पर गंदगी ही गंदगी नजर आ रही है। हालांकि कल्प वासियों के जाने के बाद फिर पांचालघाट सूना सूना लगने लगा है। अब तक चारो तरफ राम नाम के जयकारे की आवाजें जहां सुनाई पड़ती थी। आज वहां फिर जंगली जानवरों की भयानक आवाजे सुनाई पड़ने लगी है। मेला प्रबन्धक संदीप दीक्षित का कहना है कि कल्पवासी अपनी झोपड़ियां ट्रैक्टर पर लाद ले गए है। और गंदगी यहाँ छोड़ गए। जिसे नगर पालिका परिषद के द्वारा साफ कराया जाएगा।

लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

इटावा-बरेली हाइवे पर ट्रैक्टर-ट्रक भिड़े, तीन घायल

फर्रुखाबाद । इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर एआरटीओ कार्यालय के पास ट्रक व टैक्टर में जोरदार भिडंत हो गई।टैक्टर का अगला हिस्सा ट्रक में जा घुसा। ट्रक चालक कैबिन में फंस गया। टैक्टर पर सवार दो घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्तीकराया गया। थाना जहानगंज के ग्राम खुरू नगला निवासी अरविंद सक्सेना व भिडैल निवासी करू यादव आलू डालने शहर आए थे। मसेनी स्थिति कोल्ड स्टोरेज में आलू डालकर शेष बचे दस पैकेट कटपीस को बेचने के लिए मंडी समिति सातनपुर जा रहे थे। इटावा बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेकपुर पुल के आगे पहुंचने ही टैक्टर व ट्रक की भिड़ंत हो गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस व स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक मोनू यादव को केविन से वाहर निकाला। तीनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। जहां तीनों का उपचार जारी है।

लोहिया तट पर गंदगी। अमृत विचार

समारोह 162 ने लिए अग्नि को साक्षी मानकर लिये सात फेरे, सात का निकाह हुआ

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक दूजे के हुए 169 जोड़े

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार । मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह में 169 जोड़ो ने एक दूसरे के साथ आजीवन रहने का वचन दिया।इस मौके पर 162 जोड़ो ने अग्नि को साक्षी कर सात फेरे लिए। सात ने निकाह के माध्यम से एक दूजे को कबूल किया।

नगर के क्रिश्चियन इंटर कॉलेज ग्राउंड में संपन्न हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत ने जोड़ों पर पुष्प वर्षा करके आशीर्वाद दिया।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेणु यादव, परियोजना निदेशक कपिल देव और डीडीओ श्याम श्याम कुमार तिवारी मौजूद रहे।सभी हिन्दूजोड़ों का वैदिक मंत्रों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री कल्याण निधि से सभी को निर्धारित दान दक्षिणा उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि सामूहिक विवाह कराना एक बहुत बड़ा धर्म का काम है।उन्होंने कहा कि जो गरीब अपनी कन्याओं के हाथ पीले नहीं कर पा रहे थे। उन गरीबों की कन्याओं के हाथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी पैसे से पीले करके उन्हें यथायोग्य दान दक्षिणा उपलब्ध करा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में कोई भेदभाव नहीं बरता जा रहा है। जिन बेटियो के हाथ उनके परिजन पीले नही कर पा रहे है वह विना किसी संकोच के इस योजना का लाभ उठाएं। पहले गरीब कर्ज लेकर बेटियो के विवाह करते थे। अब मुख्यमंत्री गरीबो की बेटियों के विवाह करवा रहे हैं।आज यहां जिस तरह से 162 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी करके सात फेरे लिए।वही सात जोड़ों ने मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार निकाह कबूल किया।इस मौके पर कन्या पक्ष के लोगों ने जिस समय अपनी कन्याओं के हाथ पीले किए तो वह फूट-फूट कर रोने लगे।इन्हें देखकर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि यह घड़ी अद्भुत घड़ी होती है। जिस समय सीता जी का विवाह हुआ उससमय विदेह कहे जाने वाले राजा जनक भी अपने आप को रोक नहीं सके। महाकवि तुलसीदास ने इस संबंध में कहा है सीतहि देखि धीरता भागी।रहे कहावत परम विरागी।लई भूप उर लाई जानकी। मिटी महा मर्यादा ज्ञान की।जिस समय सीता की विदाई हुई उस समय राजा जनक की ज्ञान की मर्यादा मिट गई। उन्होंने सीता को अपने गले से लगा लिया। इसी तरह से यह घड़ी यहां जिला प्रशासन की ओर से जहां 169 जोड़ों का सामूहिक विवाह में देखने को मिलरही है। सामूहिक विवाह में जनातियो और बारातियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।इसके बाद उन्हें सांसद मुकेश राजपूत और समाज कल्याण अधिकारी रेणु यादव ने विवाह प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए।

यह दिया गया दानः 35 हजार रुपये कन्या के खाते में, ट्राली बैग, कंबल, कुकर डिनर सेट, पायल बिछिया आदि।

मंच पर मौजूद जोड़े। अमृत विचार

प्रमाण पत्र देते सांसद मुकेश राजपूत। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
एवं परुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे एक पहिये से रथ नहीं चल सकता। ठीक उसी प्रकार बिना पुरुषार्थ के भाग्य सिद्ध नहीं हो सकता है।

संपादकीय

डब्ल्यूटीओ नीतियां

किसानों के निशाने पर विश्व व्यापार संगठन भी है। उनकी मांग है कि सरकार भारत को विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर निकाले। सोमवार को पंजाब व हरियाणा के किसानों ने राजमार्गों के किनारे कई स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करके प्रदर्शन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसानों ने डब्ल्यूटीओ की नीतियों की आलोचना की और उन्हें 'किसान विरोधी' बताया। उन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूटीओ की नीतियों के कारण सरकार सभी फसलों पर एमएसपी नहीं दे रही है। उधर भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों से लंबे समय से लंबित सार्वजनिक खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सीधे तौर पर वर्ष 2030 तक 'शून्य भुखमरी' के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम एक नीति माध्यम है जिसके तहत सरकार एमएसपी पर किसानों से चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है तथा खाद्यान्न का भंडारण और गरीबों को वितरित करती है। दरअसल वर्ष 1994 से विश्व व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र में लागू हुआ। समझौते का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उत्पाद एवं व्यापार का निजीकरण करना था। डब्ल्यूटीओ का नियम कहता है कि विश्व व्यापार संगठन से जुड़े सदस्य देशों को अपने कृषि उत्पाद को दी जाने वाली घरेलू मदद की मात्रा को सीमित करना चाहिए। जबकि डब्ल्यूटीओ के नियम किसानों की मांग से विपरीत हैं।

गौरतलब है विकसित राष्ट्रों ने अपने किसानों को भारी सहायता जारी रखी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति किसान 300 डॉलर की सब्सिडी दी जाती है जबकि अमेरिका में यही सब्सिडी प्रति किसान 40,000 डॉलर की मिलती है। इससे विकसित देशों के किसानों की व्यक्तिगत उत्पादन लागत कम हुई और बाजारों में कम कीमत पर अपने उत्पादों को बेचकर भी वे मुनाफे में रहे वहीं हमारे किसान अपनी अत्यधिक कृषि लागत और कम बाजार भाव के कारण ऋणग्रस्त होते गए। किसानों के आंदोलन करने का उद्देश्य ही यही है कि उन्हें एमएसपी, फसलों की खरीद और पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को लेकर कानूनी गारंटी दी जाए। सवाल है कि विश्व व्यापार समझौतों के तहत सरकारी खरीद तथा समर्थन मूल्य को कम कर दिए जाने से किसान बेबस और लाचार हो गए। क्या डब्ल्यूटीओ का कृषि समझौता खाद्य सुरक्षा नीति के विरुद्ध होने के साथ ही देश की नीति-निर्धारण की संप्रभुता में हस्तक्षेप भी है।

खुली किताब से परीक्षा: संभावनाएं और चुनौतियां

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा जोर दिया जाता है।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम ,पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाय। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं।अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

लगभग ढाई दशक पूर्व का वाकया है। उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों के विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। हिंदी की पाठ्य पुस्तक में लोकगीत से ससंबंधित पाठ क्रमांक डालते हुए पूरा पेज रिक्त रखा गया था। पेज पर विद्यार्थियों के लिए निर्देश था कि अपने यहां किसी भी अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत को रिक्त स्थान पर लिखें। पाठ की विशेषता यह भी थी कि अगले पेज में विविध अभ्यास दिए गए थे जो बच्चों द्वारा लिखे जाने वाले लोकगीत पर केंद्रित थे। शुरुआती क्षेत्रीय परीक्षणों में इस पाठ की बहुत आलोचना हुई तथा पर्याप्त चर्चा-विमर्श के उपरांत ही पाठ को स्वीकार किया गया। कारण यह कि उस दौर में प्रश्नों के उत्तर लगभग हू-ब-हू पाठ्यपुस्तक में दिए गए होते थे जबकि यह पाठ प्रचलित पैटर्न के एकदम विपरीत था।

नब्बे का आख़िरी दशक शिक्षा में विभिन्न प्रयोगों व नवाचारों का दौर था। शिक्षण विज्ञान पर देश व्यापी चर्चाओं के बाद वर्ष-2005 में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा' ने 'ज्ञान को रटंत प्रणाली से मुक्त करने तथा विद्यालय की परिधि से बाहर ले जाने' की सिफ़ारिश की। इससे शैक्षिक परिदृश्य में कई बड़े परिवर्तन आए। इसी के चलते पाठ्य पुस्तकों में टेक्स्ट से संबंधित ऐसे विविधता पूर्ण अभ्यासों पर सहमतियां बनीं जो बच्चों को किताब की दुनिया से बाहर की दुनिया तक जाने का रास्ता तैयार करें। निश्चित ही इन अभ्यासों का हल पाठ्यवस्तु की किसी पंक्ति या अनुच्छेद में नहीं बल्कि उस पूरे पाठ को पढ़कर बनी समझ में ज़्यादा था। पर, क्योंकि यह एक पारंपरिक स्थिति से भिन्न प्रयोग था इसलिए इसकी स्वीकार्यता में समय लगा।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाय। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाए। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं। अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

'परीक्षा'किसी भी स्तर की शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य अंग है। यह एक निश्चित अंतराल पर शिक्षार्थियों के अर्जित ज्ञान, कौशल या दक्षताओं को जांचने की क्रिया, प्रक्रिया या अवस्था है। इसके अंतर्गत कुछ विशेष प्रकार के लिखित अथवा मौखिक अभ्यास प्रश्न डिजाइन किए जाते हैं। स्वाभाविक ही है कि 'परीक्षा' नाम की यह पूरी प्रक्रिया तात्कालिक पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, शिक्षण बिंदुओं तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं के तरीक़ों पर निर्भर करती है और इन्हीं के अनुरूप होती है। इसका सीधा सा अर्थ यही है कि अगर हम 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव की बात करते हैं तो हमें उक्त सभी में इस प्रकार के आवश्यक बदलाव करने होंगे जो परीक्षा के बदले पैटर्न का समर्थन करते हों और तदनुरूप हों। ज़ाहिर सी बात है कि 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए केवल एग्जाम पैटर्न में बदलाव ही काफ़ी नहीं होगा बल्कि पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक समेत सभी स्तरों पर बदलाव अपेक्षित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए सीबीएसई द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ विद्यालयों में सेकेंडरी स्तर से 'ओपन-बुक एग्जाम-ओबीई' आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा में पाठ्यपुस्तक, क्लासरूम नोट्स या अन्य स्वीकृत सामग्री के साथ परीक्षा दे सकेंगे। हालांकि कुछ लोगों को 'खुली किताब के साथ परीक्षा' सुनने में कर्णप्रिय लग सकता है लेकिन यह परीक्षा पार करने का इतना सहज-सुगम तरीक़ा नहीं होने वाला है, क्योंकि यहां पर प्रश्न सीधे- सपाट या टैक्स्ट में निहित उत्तर पर आधारित न होकर सिद्धांतों या निष्कर्षों को विश्लेषणात्मक दक्षता के आधार पर प्रस्तुत करने पर केंद्रित होंगे। अगर सीधे कहें तो यह परीक्षा इस बात की जांच करेगी कि विद्यार्थी ने दिए गए सिद्धांतों अथवा तय निष्कर्षों को किस स्तर तक समझा है तथा वह इस समझ का विभिन्न परिस्थितियों में तर्कपूर्ण एवं विश्लेषणात्मक उपयोग कर सकता है अथवा नहीं। निश्चित ही यह प्रक्रिया विद्यार्थियों में सूचनाओं, तथ्यों, परिभाषाओं अथवा सूत्रों को रटने की बजाय मन-मस्तिष्क में उनकी गहरी समझ स्थापित करने तथा विभिन्न विषय संदर्भों में उसे 'ज्ञात से अज्ञात की ओर' जाने का रास्ता सुगम करेगी। पर, इस सबके लिए आवश्यक होगा कि इसे नियमित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होने से बच्चों में कक्षा शिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधियों, पाठ्यपुस्तक तथा अन्य पाठ्यसामग्री के बीच का संबंध स्पष्ट होगा तथा किसी समस्या के समाधान हेतु पाठ्यसामग्री को बार-बार संदर्भित कर सही व सटीक उत्तर की ओर जाने का कौशल विकसित होगा। इस प्रक्रिया में वे अपनी ग़लतियों को ख़ुद से सुधारना सीखेंगे तथा केवल परीक्षा पास करने के लिए कुछ प्रश्नों को रट लेने के बजाय गूढ़ अध्ययन की ओर उन्मुख होंगे।

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा ज़ोर दिया जाता है। भारतीय परिस्थितियों में ओपन बुक योजना और इसके नतीजे लागू होने पर ही सामने आएंगे। लेकिन यह ज़रूर है कि इसकी प्रभावकारिता के लिए पाठ्य सामग्रियों, कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं, आकलन-मूल्यांकन प्रणालियों व अकादमिक सुपरविजन के तरीक़ों में भी अपेक्षित बदलाव लाने होंगे। साथ ही परिवेश में उपलब्ध ज्ञान के मानवीय स्रोत एवं स्थानीय संसाधनों की भूमिका को भी स्पष्टतः रेखांकित करना होगा।

प्रसंगवश

चंद्रशेखर आजाद से जुड़े तथ्यों को जानना नागरिकों का अधिकार

बलिदान दिवस

भारत की आजादी के लिए सशस्त्र क्रांति के सूत्रधार अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद कब और कहां पैदा हुए? अभी तक न तो जन्म स्थान निश्चित हो पाया है और न ही जन्म तिथि। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में यह अब भी असंभव बना हुआ है। यही कारण है कि भाबरा (मध्य प्रदेश), भौंती (कानपुर) और बदरका (उन्नाव) के लोग उन्हें अपना मानकर प्रतिवर्ष मेला और जलसा आयोजित करके अपने दावे को मजबूत करते रहते हैं। बदरका का भव्य आजाद स्मारक अपने इस दावे को वर्ष प्रतिवर्ष और मजबूत करता ही जा रहा है।

आजाद से जुड़े अनेक मिथकों पर पिछले वर्ष एक नई किताब आई- 'चंद्रशेखर आजाद मिथक बनाम यथार्थ'। पुस्तक के प्रथम दो अध्याय जन्म स्थान और जन्मतिथि पर ही केंद्रित हैं। किताब का शीर्षक उम्मीद जगाता है कि आजाद के जन्मस्थान और जन्मतिथि का निर्धारण निश्चित हो गया होगा लेकिन किताब के लेखक आईपीएस अधिकारी प्रताप गोपेंद्र की गहन खोज भी निर्णायक मुकाम पर नहीं पहुंचा पाती। हां, पुस्तक की एक खासियत यह है कि आजाद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उपलब्ध आधे-अधूरे प्रमाण एक ही छतरी (पुस्तक) के नीचे मिल जाते हैं। इससे और कुछ नहीं तो आपको अपना मत निर्धारित करने में मदद जरूर मिलती है।

गौरव अवस्थी
रायबरेली

कोई आजाद का जन्म स्थान भाबरा मानता है तो कोई बदरका। किसी को भरोसा है कि आजाद का जन्म लखनऊ के काकोरी के पास ईटगांव में हुआ था और कोई ब्रिटिश हुकूमत के दौरान चले मुकदमों में खुद आजाद द्वारा लिखाए गए तथ्यों को ही प्रमाण मानकर उनका जन्म बनारस के बैजनाथ मोहल्ले का मानता है। कुछ विद्वान और आजाद के अधिकतर साथी आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा में ही मानते हैं। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में आज तक यह तक तय कर पाना मुश्किल है कि आजाद के पिता कहां के रहने वाले थे? कई इतिहासकार उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी को भौंती-प्रतापपुर (कानपुर) का मानते हैं और कोई कोई उन्हें बदरका का। कहीं-कहीं उनके पिता का नाम पंडित बैजनाथ या स्वतंत्र शर्मा भी मिलता है। हालांकि लेखक प्रताप गोपेंद्र अपने एक अध्याय में आजाद की जन्म तिथि मां स्व. जगरानी देवी द्वारा झांसी प्रवास के दौरान भगवान दास माहौर को बताई गई हिंदी तिथि (सावन सुदी दूज सोमवार) के आधार पर 23 जुलाई 1906 मानने पर ही जोर देते हैं। इसके प्रमाण में अपनी वह खोज पुस्तक में प्रस्तुत करते हैं जो उन्होंने गूगल पर प्रोकेरला (prokerala.com) के माध्यम से जुटाई है। इस पुस्तक में ऐसी खोज का एक चार्ट भी प्रकाशित किया गया है। हालांकि उन्नाव वाले आजाद की जन्म तिथि 7 जनवरी मानते हैं। इसके लिए उनके अपने तर्क और आधार हैं। बदरका में आजाद की जयंती मनाने की परंपरा 1943 से चली आ रही है। यह आज भी कायम है और वृहत मेले का रूप ले चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रताप गोपेंद्र की पुस्तक नए तथ्यों की ओर पाठक का ध्यान आकृष्ट करती है लेकिन असल सवाल फिर वहीं अटक जाता है कि आखिर चंद्रशेखर आजाद का जन्म कहां का माना जाए और उनकी जन्मतिथि क्या है? यह तो सभी को पता है कि 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में ब्रिटिश हुकूमत के हाथ आने के पहले चंद्रशेखर आजाद ने कनपटी पर गोली मार कर अपना प्राणांत करके अपने उस प्रण को पूरा किया था, जो अक्सर वह अपने साथियों के समक्ष इन शब्दों में व्यक्त किया करते थे- 'मेरी रिवाल्वर में आठ गोली हैं। एक मैगजीन अतिरिक्त। 15 गोली अंग्रेज आततायियों पर दागूंगा और सोलहवीं खुद पर।' इसे उन्होंने आखिरी सांस में पूरा भी किया। सवाल है कि आजाद भारत की सरकारें आज तक आजाद का जन्मस्थान और जन्म तारीख प्रमाणित करने की कोशिश तक क्यों शुरू नहीं कर पाईं? जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु के रहस्योद्घाटन के लिए आयोग बन सकते हैं तो चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि और जन्मस्थान पता करने के लिए क्यों नहीं? केवल 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले..' से ही शहीदों के प्रति श्रद्धा प्रकट नहीं की जा सकती। आजाद के जीवन से जुड़े सही तथ्यों को जानना आजाद भारत के हर नागरिक का अधिकार है और सरकारों का कर्तव्य।

प्रभावित होती सरकार की छवि

डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था।

उत्तर प्रदेश पुलिस दुनिया की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद करके आगामी छह माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है। निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा। पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्वों को भी जानना जरुरी है। कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा 16 से 18 के फरवरी मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुई थी। इस भर्ती के लिए दिसंबर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसंबर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे। किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग-अलग जगहों से भेजी गईं। भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा। अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की। जिसके पश्चात् अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा। क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है। इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है कि सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है। अनेक लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है।

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षों में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आई थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहे हैं बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सकें। निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है। हाल के वर्षों में आई कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है। राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है। प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किए जाए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किए जाए। राज्य सरकार भर्ती बोर्ड के सभी उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक कराई जा सके। केंद्र सरकर की कई इकाई है जो बिना दाग के वर्षों से सफल परीक्षा करा रही है उनका सहयोग भी लिया जा सकता है। परीक्षा में भागीदारी कम हो और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों को राज्य में अनुदान देकर आमंत्रित किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए रोजगार सुरक्षा और योग्यता अनुरूप न्यूनतम भुगतान नियमावली बनाने से सरकार को रोजगार के क्षेत्र में लाभ होगा। कई गंभीर मुद्दों में से रोजगार का मुद्दा अहम् है ऐसे में सरकार प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार देकर भी अपना प्रभाव कायम रख सकती है। सरकार यदि समग्र रूप से इस विषय पर नहीं सोचेगी तो आगामी चुनाव में ये युवा कई लोकसभा क्षेत्र में न केवल गणित बिगाड़ सकते है बल्कि एक ऐसी छवि का निर्माण भी कर सकते है जो चल रहे विकास के पहियों को अवरुद्ध कर सकता है।

सोशल फोरम

इतिहास में अफवाह

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इतिहास को मिथकों ने ढक लिया है। इतिहास में अफवाहें घूम रही हैं। ये लोगों के विश्वास का अंग बन गई हैं। इतिहासकार भी अतीत के बारे में उतना नहीं जानते, जितना आज आम आदमी दावे के साथ बताता है। इतिहास को विषय बनाकर हाल के कई उपन्यासों ने साहित्य से ज्यादा अफवाहों की सेवा की। इस काम में राजनीति प्रेरित अधपढ़ विद्वानों, मीडिया और तकनीकी क्रांतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। अफवाह के प्रचार में भाषा यथार्थ का साथ छोड़ देती है और पेट्रोल की आग होती है।

इन दिनों कई कवि भी इतिहासकार हैं। उपन्यासकार भी इतिहासकार हैं। फिल्म बनाने वाले तो सबसे बड़े इतिहासकार बने हुए हैं। राजनीतिज्ञ इतिहासकार होते ही हैं। इतिहास कभी इतना असहाय न था। वर्तमान दौर में सबसे विध्वस्त इतिहास है। यह मानव भविष्य पर आक्रमण है!

इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है, यदि 'एलीट बुद्धिजीवी' और 'लोक' आज विपरीत ध्रुव पर हैं। लोकतंत्र के दुरुपयोग और अति-राजनीतिकरण का इससे भिन्न नतीजा नहीं हो सकता था कि लोग बड़े पैमाने पर 'आधुनिक प्रिमिटिविज्म' के शिकार हों।

समाज में 'संवेदनशीलता का संकट' आज चरम पर है। यह उत्तर-आधुनिक वैचारिक खोखलेपन की देन है। अब वे क्षमतावान हैं जो उदार न होकर पोस्ट माडर्न हैं। सभी रंग के उत्तर-आधुनिक विमर्श, जिनमें नव-धार्मिक विमर्श भी हैं, कट्टर पोस्ट माडर्न हैं। इनमें आधुनिकता के प्रमुख तत्वों- बुद्धिपरकता, समावेशी राष्ट्रीयता, लोकतांत्रिक चेतना और प्रगतिशील सोच का ही विरोध नहीं है, मानवीय मूल्यों से भी किनारकशी है।

दृष्टि में आधुनिक हुए बगैर उत्तर-आधुनिक होने का अर्थ समाज को पुरानी कट्टरताओं के अखाड़े में बदलना है। ऐसी घड़ियों में 'बहुलता' की प्रतिष्ठा न्यायपूर्ण सामंजस्य में न होकर निर्बुद्धिपरक अंतर्शत्रुताओं में होती है और एक सांस्कृतिक गृहयुद्ध की स्थिति आ जाती है, जिसकी कोई भी परिणति हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

महिलाओं को जोड़ने की नई पहल

सोनी मिश्रा
कानपुर

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा की नजर स्वयं सहायता समूहों पर है। इसके लिए एनजीओ के बीच नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। पिछले चुनावो में महिलाओं का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान देखकर इन महिलाओं को पार्टी में जोड़ने का कार्य शुरू भी कर दिया गया है।

बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महिलाओं की जबरदस्त वोटिंग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में खासी भूमिका निभायी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था बाकी पार्टियों को 41 प्रतिशत मिला था।

महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से लाने का प्रयोग ओडिशा में बीजू जनता दल ने किया है। नतीजतन ओडिशा में पांच बार से नवीन पटनायक सत्ता में हैं। इन समूहों से जुड़ी सभी जातिवर्ग की महिलाओं में भाजपा की तरफ झुकाव भी देखा गया है। एक स्वयं सहायता समूह में न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 महिलाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में 80 हजार के करीब ऐसे समूह है, जो महिला सशक्तिकरण का कारगर माध्यम हैं। केंद्र की मोदी सरकार इन्हें प्रोत्साहित करने की ओर पूरी तत्परता से लगी है। महिलाओं के कल्याण के लिए आरक्षण कानून के साथ ही लगभग दो दर्जन योजनाएं प्रभावी तौर पर चलाई जा रही हैं। योजनाओं के ही चलते देश में एक करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या तीन करोड़ करने का है।

बीते दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता पर रखा है। घर, शौचालय, रसोई गैस जैसी योजनाएं तो महिलाओं के जीवन परिवर्तन का कारण हैं। अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सरकार ने राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन भी शुरू किया है। सरकार ने सबसे अधिक ध्यान स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ने पर शुरू किया है। इनमें जुड़ी महिलाओं के चेहरे पर आत्मनिर्भरता का भाव देखा जा सकता है।

अब जरा तुलनात्मक आंकड़ा देखिए। यूपीए सरकार में भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की योजना स्वर्ण जयंती ग्राम योजना के नाम से संचालित थी, लेकिन उसका दायरा सीमित था। यूपीए शासन काल में सिर्फ 2.37 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जबकि मोदी सरकार में यह संख्या 10 करोड़ पहुंच चुकी है। तब बैंक लिंकेज मात्र 22.9 हजार करोड़ रुपये का था, जबकि मोदी सरकार ने इसे 8.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया गया। मोदी सरकार ने सिर्फ स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़ी महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ाई, बल्कि आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी उन्हें उपलब्ध कराई। 7.4 करोड़ महिलाओं को पीएम सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा। महिलाओं के सहयोग के लिए बैंकिंग सखी और बीसी सखी बनाई गईं। इससे आर्थिक प्रबंधन के परिणाम भी मिले और स्वयं सहायता समूहों ने भाजपा सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा बढ़ाया है।

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से ठगी

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पिछले दिनों केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उद्घोष कर दिया है कि 'हम राम को लाए हैं' और प्रधानमंत्री ने श्रीराम की नई मूर्ति की यजमान बनकर प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। एतत्पश्चात् भारी संख्या में श्रद्धालु-राम-भक्तों के वहां आने का सिलसिला जारी है। हालांकि त्रेता युग वाले राम के समय वाली सुचारु व्यवस्था इस कलियुग में संभवन नहीं हो पा रही है। तब अपराध मुक्त साम्राज्य था। उस समय "सब मिलि करहिं परस्पर प्रीती'था। मलिनता के नाम पर केवल हवन के धुवें से होने वाली कालिमा ही थी,(मूलन ही की जहां अधोगति केशव गाइय। होम हुताशन धूम नगर एकै मलिनाइय) बाकी सब स्वच्छ ही था। इस समय आने वाले श्रद्धालु साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। आगंतुकों को कहीं न कहीं ठहरना भी होता है। जालसाजों ने फर्जी वेबसाइटें बना रखी हैं और उन पर होटल,धर्मशालाओं के कमरों की बुकिंग हो रही है। श्रद्धालुओं से मोटी रकमें आन लाइन लेकर,उन्हें कमरे बुक कर दिए जाते हैं। अयोध्या पहुंचने पर भक्तगण पाते हैं कि या तो उस नाम का होटल,धर्मशाला वहां है ही नहीं या है तो उनके नाम की कोई बुकिंग उसमें नहीं है। वे मन मसोस कर रह जाते हैं। अब वे पुलिस थानों के चक्कर लगावें या दर्शन,पूजन करें!

असली राम के समय भूले भटके यदि कोई अपराध घटित हो जाता था,तो त्वरित दंड व्यवस्था होती थी। चाहे कार्यार्थी कुत्ते को न्याय देना रहा हो या शम्बूक वध। वर्तमान में सरकार डींगें चाहे जितनी मारे, साइबर ठगों से निपटने की उनके तंत्र में यथेष्ठ क्षमता नहीं है। या फिर पुलिस की मिलीभगत रहती है। मैं एक ठोस उदाहरण दे रहा हूं। वह मेरा अपना है। अयोध्या का तो नहीं किंतु अवध क्षेत्रांतर्गत लखनऊका है,जो प्रदेश की राजधानीहै। गत 22 दिसंबर,2022 को मैं एक छोटी साइबर ठगी का शिकार हुआ। पुलिस कमिश्नर को तत्काल ई-मेल किया। उनके आदेश पर नगर के थाना सुशांत गोल्फ सिटी में 2;जनवरी,2023 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया है,कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई। इसे क्या कहा जाएगा; जब कि मैं स्वयं मजिस्ट्रेट रहा हूं। ऐसे में ऊपर संदर्भित सामान्य श्रद्धालुओं को न्याय मिलना दुष्कर ही प्रतीत हो रहा है।

बीबामऊ अंडरपास का हुआ लोकार्पण

अमृत भारत योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने वर्चुअल तरीके से किया लोकार्पण, लोगों को मिलेगी राहत

संवाददाता, जसवंतनगर/ इटावा

अमृत विचार। अमृत भारत योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बलरई रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ग्राम बीबामाऊ में बने रेलवे अंडर पास का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। बलरई में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत व भाजपा नेता मुकेश यादव ने यहां बने अंडरपास मार्ग के शिलापट से पर्दा उठा कर उद्घाटन किया।

लोकार्पण शिलालेख का अनावरण करते भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत।

जिलाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में बताया कि भारतीय रेल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवरब्रिज व अंडर पास का शिलान्यास एवं उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन किया है। इसी क्रम में इसी तरह ग्राम बीबामाऊ में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री रजत चौधरी ने मंडल अध्यक्ष अजय बिंदु यादव के साथ, दीपक दुबे उर्फ बब्बन ने आरयूवी नम्बर 40 सी नवनिर्माण रेलवे अंडरपास मार्ग के शिलापट का पर्दा उठा कर अनावरण किया। इसके चालू होने से ग्राम तिजोरा, बॉउथ, यादव नगर, तुलसी नगर, बीबामऊ, नगला तिवारी समय अन्य ग्रामो के लोगों को आने जाने में आसानी होगी। इस अंडरपास से राष्ट्रीय राजमार्ग तक आना-जाना होगा। इस दौरान बलरई ग्राम प्रधान मनीष कुमार, ग्राम बीबामाऊ पूर्व प्रधान रामकुमार, श्रेयष मिश्रा, जयशिव बाल्मीकि, धृव्रेश तोमर, प्रभात दुबे, सुमित जोशी आदि मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने की ओबीसी के हितों की रक्षा : संजीव

संवाददाता, इटावा। भाजपा जिला कार्यालय पर बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वावधान में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल के अध्यक्षता में युवा संवाद सम्मलेन का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि ओबीसी समाज से आने वाले युवाओं को पीएम नरेंद्र मोदी का एक बार फिर से पुरजोर समर्थन करने की आवश्यकता है क्योंकि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली यह डबल इंजन वाली भाजपा सरकारें ही थीं जिन्होंने पिछड़ों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। राजपूत ने कहा कि भाजपा ही वह सरकार है जिसने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया और समुदायों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ओबीसी आयोग के अध्यक्ष को कैबिनेट का दर्जा दिया। बीजेपी ने 7 राज्यसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। 7 राज्यसभा सीटों में से 4 पर ओबीसी नेताओं की घोषणा से भाजपा ने ओबीसी के प्रति अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। संचालन जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा अनिल राजपूत ने किया। मुकेश यादव, पूर्व चेयरमैन सौरभ दीक्षित, विस्तारक जॉनी राघव, जिला मंत्री सतीश शाक्य, क्षेत्रीय मंत्री अंगूरी पाल, होम सिंह बंजारा, शत्रुघ्न निषाद, मुकेश राजपूत, जय सिंह बघेल, होती लाल, सहदेव पाल, विवेक बघेल, नन्द किशोर राजपूत मौजूद रहे।

सरकार नौजवानों के साथ कर रही खिलवाड़ : अखिलेश

सैफई, संवाददाता इटावा

- सरकार पर लगाया पेपर लीक कराने का आरोप

अमृत विचार। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर पेपर लीक कराती है। ये करके नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले तो नौकरियां निकल नहीं रही हैं और सरकार नौकरी निकलवाती भी है तो उसका पेपर भी जानबूझकर लीक करा देती है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को अपने पैतृक गांव सैफई में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जब पहली बार ही उत्तर प्रदेश में पेपर लीक हुआ था, यदि उसी समय कार्रवाई हो गई होती तो इस तरह पेपर लीक नहीं होते। पुलिस भर्ती, आरओ-एआरओ समेत तमाम परीक्षाओं की तैयारी कर रहे करीब 60 लाख युवा परेशान हैं। पेपर छपने से लेकर, पेपर बंटवाने तक में सरकार के लोग शामिल हैं। सरकार की नियत है कि नौकरी न देनी पड़े। क्योंकि उसके लिए बजट नहीं है। नौकरी के नाम पर भी फॉर्म से एकत्रित रुपये का सरकार उपयोग कर रही है। अखिलेश ने अग्निवीर भर्ती पर भी सवाल उठाते हुये कहा कि इस नौकरी को टेंपरेरी करने की क्या जरूरत थी।

आगरा में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के बाद रविवार देर शाम पैतृक गांव सैफई आए थे। इस मौके पर रामफल बाल्मीकि प्रधान, राजवीर सिंह राजकीय ठेकेदार नगला तेज, बलवीर सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष यूपी जल निगम वेलफेयर एसोसिएशन, प्रदीप यादव आढ़तिया महोला, भारत सिंह यादव खदरी, अमलेश यादव सहसारपुर, आदेश यादव मौजूद रहे।

सफारी में तेंदुए की हालत बिगड़ी

इटावा। इटावा सफारी पार्क में रेस्क्यू किए गए तेंदुए की हालत बिगड़ गई है और उसने भोजन खाना भी बंद कर दिया है। बताया गया है कि सफारी के बफर जोन से 18 जनवरी को एक तेंदुआ घायल अवस्था में रेस्क्यू किया गया था।

इस घायल तेंदुआ का उपचार उसी सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों ने शुरू किया था। इसके समुचित उपचार के लिए दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के डा. आरपी पाण्डेय, प्रोफेसर एंड हेड सर्जरी विभाग ने 22 जनवरी को इटावा सफारी पार्क में आकर इस तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण किया था। उनके परामर्श के अनुसार सफारी पार्क के पशु चिकित्सक इस तेंदुए का इलाज कर रहे हैं। सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डा. विनय सिंह ने बताया कि पिछले दो दिनों से तेंदुए द्वारा भोजन नहीं लिया जा रहा है।

मालगाड़ी के नीचे घुसा युवक, घायल

भरथना, इटावा। भरथना रेलवे क्रासिंग के निकट दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक की डाउन लाइन पर एक युवक अचानक ट्रेन के नीचे घुस गया। मौके पर मौजूद लोगों की चीख पुकार सुनकर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक लिया। मालगाड़ी से घायल हुए युवक को लोगों ने ट्रेन के नीचे से निकाल कर भरथना चिकित्सालय भेजा, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

युवक अंकित यादव 22 वर्ष पुत्र स्व रविन्द्र सिंह यादव निवासी ग्राम उसीरा बुटहर, थाना भरथना का रहने वाला है। वह रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी के नीचे कैसे पहुंचा अभी उसे कुछ पता नहीं है। होश में आने पर या उसके बहन बहनोई के आने पर ही कुछ पता चल सकेगा।

बोलेरो की टक्कर से ऑटो सवार पांच लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र में काजी पेट्रोल पंप के सामने रविवार देर रात बोलेरो सवार लड़कों ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में बैठे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सभी को सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

शहर में शांति कालोनी के एक ही परिवार के चार लोग रात 11 बजे ऑटो बुक करके अपने घर जा रहे थे तभी बोलेरो में सवार कुछ लड़कों ने उपरोक्त स्थान पर ऑटो में टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार युवराज (12), अक्षरा (13), दीपिका (38) ज्ञान सिंह (55) तथा गांव दतावली का ऑटो ड्राइवर राजू (50) घायल हो गए। पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन डॉक्टर ने सभी की हालत को देखते हुए सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

हादसे में मृत युवक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

भरथना। बीती शनिवार को नोएडा के सेक्टर 28 में तेज रफ्तार अनियंत्रित कार की जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार अरविंद कुमार यादव 32 की मौत हो गई थी। दुर्घटना की आनन फानन में परिजन नोएडा पहुंच गए। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद देर शाम अरविंद का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अरविंद कुमार बीते करीब 10 वर्षों से एनसीआर नोएडा में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था।

पुलिस मुठभेड़ में दो गोतस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददात इटावा

- गोली लगने से एक तस्कर हुआ घायल

अमृत विचार। चौबिया व ऊसराहार थाना पुलिस ने रविवार की रात को चौबिया थाना क्षेत्र के गांव मसनाई अड्डा तिराहे से खेडा हेलू जाने मोड़ के पास एक मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो गो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक गो तस्कर के पैर में गोली भी लगी। जिससे वह घायल हो गया। पकड़े गए तस्करों के पास से दो तमंचा कारतूस के अलावा गोवंश से भरा एक ट्रक भी बरामद हुआ है। पुलिस ने कार्रवाही करते हुए दोनों आरोपियों जेल भेज दिया है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि रविवार की रात को थाना चौबिया एवं थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा नगला पीपल चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक ट्रक में अवैध रूप से गोवंशों को लादकर ले जाया जा रहा है। उसके ऊपर तिरपाल बंधा हुआ है। वह किल्ली की ओर से भदामई की ओर आ रहा है । इस सूचना से बसरेहर पुलिस को अवगत कराया गया, जिस पर बसरेहर पुलिस द्वारा ट्रक का पीछा किया जाने लगा । थाना चौबिया व थाना ऊसराहार पुलिस टीमों द्वारा मसनाई अड्डा तिराहे से खेडाहेलू मोड़ पर चेकिंग की जाने लगी । इसी दौरान ट्रक आता दिखायी दिया जिसे पुलिस टीमों द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो ट्रक चालक एवं उसके साथियों द्वारा स्वयं को घिरता देख ट्रक रोककर पुलिस टीमों पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया । पुलिस टीमों ने भी जवाबी फायरिंग की गई तो एक गोली तस्कर को लगी जिससे वह घायल हो गया। पूछताछ में उसने अपना नाम आविद निवासी लक्षमनियां थाना बरूराज मुजफ्फर पुर बिहार बताया। उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। जबकि पुलिस ने राजीव यादव निवासी नगला बंधा भरथना को भी दौडकार गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनके तीन साथी भाग जाने में सफल रहे।

पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास में लगी है। पूछताछ में पकड़े गए राजीव ने बताया कि इस ट्रक में गोवंश भरे है, जिन्हे मैं व मेरे अन्य चार साथी ट्रक में लादकर बिहार ले जा रहे थे वहां गोवंशों को बेचकर जो पैसा मिलता है उसे आपस में बांट लेते है । दोनों आरोपियों बाद जेल भेज दिया गया।

आर्थिक कमजोर बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश कराया

संवाददाता, इटावा

- 201 छात्रों को हुआ स्कूलों का आवंटन

अमृत विचार। जिले में आरटीई के अंतर्गत प्रथम चरण में 201 बच्चों को स्कूलों का आवंटन किया गया। इस योजना के तहत कुल 276 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रथम चरण में लॉटरी प्रक्रिया मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने की।

इसमें कुल प्राप्त 276 आवेदन के सापेक्ष 220 के लिए लॉटरी प्रक्रिया की गई जिसमें से 201 को विद्यालय आवंटन हुआ। इसके साथ ही 19 बच्चों को पसंद की वरीयता में विद्यालय में सीट उपलब्ध न होने के कारण आवंटन नहीं हुआ।। आरटीई में द्वितीय चरण के लिए आवेदन पुनः 1 मार्च से 30 मार्च के मध्य किए जायेंगे। सभी दुर्बल

वर्ग के अभिभावक जिनकी वार्षिक आय एक लाख तक है एवं अलाभित समूह एससी /एसटी वर्ग के अंतर्गत अपने वार्ड , पंचायत के विद्यालय एवं विद्यालय न होने की स्थिति में निकटतम विद्यालय के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस अवसर पर आरटीई के जनपदीय नोडल उदय सिंह राज खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, मनोज कुमार सिंह जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता उपस्थित रहे।

एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

भाकियू ने निकाली ट्रैक्टर महारैली, किया प्रदर्शन

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। किसान आंदोलन के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने सोमवार को ट्रैक्टर महारैली निकाली । तहसील मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रशासन व अन्य विभागों पर जमकर हमला बोला। यूनियन ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी व अन्य मांगों को लेकर किसान शंभू बार्डर पर आंदोलन कर रहे हैं। किसानों के आंदोलन के समर्थन में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन इटावा के जिला अध्यक्ष संजीव किसान के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र में ट्रैक्टर मार्च निकाला । ट्रैक्टर रैली को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क रहा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा, तहसील अध्यक्ष जावेद सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद यादव, गिरीश चंद्र, जावेद भोजवाल, विजय सिंह, हिरदेश कश्यप, सहित सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

राम कुमार अध्यक्ष, अंशुल बने सचिव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जनपद इटावा के लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के संघ भवन में द्विवार्षिक अधिवेशन में राम कुमार अध्यक्ष और अंशुल चौहान जनपद सचिव निर्वाचित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पदम नाथ द्विवेदी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष ओमेंद्र सचान, क्षेत्रीय महामंत्री प्रीतम भारद्वाज ने की ।

चुनाव समिति में सुरेश कुमार जनपद अध्यक्ष कानपुर, मोहम्मद आरिफ कानपुर देहात, सत्येंद्र पटेल कानपुर की देखरेख में निर्वाचन पूर्ण कराया गया। जिसमें कोषाध्यक्ष नागेंद्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोमती देवी, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल यादव और अभय कुमार संगठन मंत्री निर्वाचित हुए । प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन राजीव यादव, प्रदेश महामंत्री अरविंद धनगर, सिंचाई विभाग के उमाशंकर गुप्ता, मनोज कोषागार इटावा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बृजेश शर्मा, राजेश तिवारी, राजीव चौहान, प्रवीण पांडे, डीके श्रीवास्तव, विवेक बाबू, इंसाफ अली, नितिन निगम, जितेंद्र भदोरिया, मोहित गुप्ता, राहुल कुमार, सत्यम कुमार, नौशाद आलम, अजय सिंह, अमित राजपूत आदि मौजूद रहे। सभी कर्मचारियों ने निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यापण कर स्वागत किया। क्षेत्रीय महामंत्री प्रीतम भारद्वाज ने प्रदेशीय पदाधिकारियों को प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया।

शपथ ग्रहण करते लोनिवि मिनि. एसो. के नवनिवार्चित पदाधिकारी। अमृत विचार

- लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसो. का चुनाव

प्रदेश अध्यक्ष पदमनाथ को प्रतीक चिह्न देते प्रीतम भारद्वाज। अमृत विचार

रोके गए वेतन के भुगतान की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

इटावा। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने नो पे नो वर्क के तहत कर्मचारियों के रोके गए वेतन का भुगतान किए जाने की मांग की है। इसे लेकर संघ के पदाधिकारियों ने डपीआरओ को ज्ञापन सौंपा।

संघ की मांगों में मानव संपदा पोर्टल पर सफाई कर्मचारियों का डाटा संशोधन किया जाने, संगठन के पदाधिकारी का स्थानांतरण न किया जाने की मांग की है। उनकी मांगों में एसीपी का एरियर निकलवाए जाने, रुके हुए एरियर निकलवाए जाने की मांग शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में शिवमंगल दास जिला अध्यक्ष, प्रीतम जिला महामंत्री, भीम सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमेश चंद्र जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार जिला कार्यकारणी अध्यक्ष, सोबरन सिंह जिला उप महामंत्री, शिवरतन कठेरिया जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार जिला उपाध्यक्ष, प्रीति जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मनोज कुमार वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत सचिव से मांगा स्पष्टीकरण

महेवा। महेवा की ग्राम पंचायत बहादुरपुरघार में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाये गये आर आर सी सेंटर के संचालित न होने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम वरन राजपूत ने नाराजगी जताते हुए केंद्र के संचालन को सही रूप में करने का निर्देश दिया है ।

कार्यालय ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैंफई–इटावा

पत्रांक मेमो/निविदा विज्ञप्ति–ग्रा0पं0अ0/2023–24 दिनांक 26.02.2024

अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति

ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैफई–इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कॉन्ट्रैक्टरों से निविदायें टेण्डर दिनांक 27.02.2024 से 01.03.2024 समय 2:00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 01.03.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 3:30 पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.02.2024 से 01.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रात: 10:30 से 1:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बधित नियम/नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	योजना	कार्य का विवरण	अनुमानित सामग्री लागत	धरोहर धनराशि (2%)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
01	02	03	04	05	06
01	मनरेगा	ग्रा.पं. बघुईया में महेश राम की आबादी से राम दुलारी के खेत तक पक्का नाला निर्माण कार्य।	579612	11593	200

ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैंफई। ग्राम पंचायत सचिव

गैरइरादतन हत्या के मामले में उम्रकैद

इटावा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम चंद्र यादव ने दस साल पुराने गैर इरादतन हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दस हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि भरथना थाना क्षेत्र के गांव भोज पुरा निवासी चेतना सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि एक दिसम्बर 2013 को आपसी विवाद के चलते गांव के ही गिरराज उर्फ नीलू पुत्र बृजमोहन सिंह ने उसके पति योगेंद्र के साथ मारपीट की। मारपीट में उसको गंभीर चोटें आई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर प्रथम की कोर्टमें हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यो व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने नीलू को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

कार्यालय ग्राम पंचायत खितौरा वि0ख0 महेवा (इटावा)।

पत्रांक–मेमों/ग्रा0 प0 /निविदा विज्ञप्ति–नि0स0आ0/2023–24 दिनांक 26–02–2024

अल्पकालिक निविदा सूचना

ग्राम पंचायत खितौरा वि0ख0 महेवा इटावा में प0रा0वि0/15वां वि0आ0/मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु जनपद इटावा के पंजीकृत सप्लायर / काण्ट्रेक्टर से निविदायें दिनांक 26.02.2024 से 29.02.2024 तक आमंन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 29.02.2024 को ग्राम पंचायत समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बन्धित नियमों की जानकारी ग्राम पंचायत सचिव कार्यालय कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है। एवं निविदा की स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान में निहित है। उक्त कार्य मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त से होंगें।

क्र0	योजना/कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र क्रय धनराशि	सामग्री का विवरण	प्राक्कलन लागत (सामग्री अंश)	जमानत धनराशि (2 प्रतिशत)
1	योजना मनरेगा मुखराम की मैग्या से योगेन्द्र के खेत तक इंटरलाकिंग कार्य	500	GSB, ईट, इण्टरलांकिग आदि	499217/–	9984/–

कमल सिंह प्रधान **आदित्य देव,** सचिव

ग्राम पंचायत खितौरा अहिरान वि0ख0 महेवा (इटावा)।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुशगवां अहिरान वि0ख0 महेवा (इटावा)।

पत्रांक–मेमों/ग्रा0 प0 /निविदा विज्ञप्ति–नि0स0आ0/2023–24 दिनांक 26–02–2024

अल्पकालिक निविदा सूचना

ग्राम पंचायत कुशगवां अहिरान वि0ख0 महेवा इटावा में प0रा0वि0/15वां वि0आ0/मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु जनपद इटावा के पंजीकृत सप्लायर / काण्ट्रेक्टर से निविदायें दिनांक 26.02.2024 से 29.02.2024 तक आमंन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 29.02.2024 को ग्राम पंचायत समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बन्धित नियमों की जानकारी ग्राम पंचायत सचिव कार्यालय कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है। एवं निविदा की स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान में निहित है। उक्त कार्य मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त से होंगें।

क्र0	योजना	योजना/कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	प्राकलन लागत (सामग्री अंश)	जमानत धनराशि (2 प्रतिशत)
1	मनरेगा राज्यवित्त केन्द्रीय वित्त	ग्राम कुशगवां अहिरान में रसाल सिंह की समाधि से महिपाल के घर तक इण्टरलांकिग	GSB, ईट, रोड़ी इण्टरलांकिग सीमेन्ट, मौरंग आदि	275501/–	5510/–
2–	मनरेगा, राज्यवित्त केन्द्रीय वित्त	उचित दर की दुकान व जनसुविधा केंद्र	सीमेन्ट, मौरंग,रोड़ी, ईट, आदि	712400/–	14248/–
	मनरेगा, राज्यवित्त केन्द्रीय वित्त	इण्टरलांकिंग ओम प्रकाश के घर से राधा मोहन के घर तक	GSB, ईट, रोड़ी इण्टरलांकिग आदि	673628/–	13472
	मनरेगा, राज्यवित्त केन्द्रीय वित्त	UPS कुशगवां अहिरान से शेर सिंह के घर तक	GSB, ईट, रोड़ी इण्टरलांकिग आदि	851212	17024

राजेश कुमार, प्रधान ग्राम पंचायत कुशगवां अहिरान वि0ख0 महेवा (इटावा)। आदित्य देव, सचिव

प्रदर्शन

वार्ता से मामला ना सुलझने पर बिजली कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे लोग

एफआईआर में टेम्पर्ड व एससी की धारा जोड़ने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। शहर के लाइनपार क्षेत्र के मोहल्ला विजय नगर में बिजली विभाग की टीम द्वारा बिजली चोरी पकड़े जाने वाले मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने और उस एफआईआर में बिजली मीटर टेम्पर्ड करने वालों के नाम जोड़ने और एससी एक्ट लगाने से लोग भड़क उठे।

यह लोग कर्मचारी नेता इं. हरिकिशोर तिवारी के नेतृत्व में बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे और अपनी बात रखी। इसके साथ ही धरना शुरू हो गया। इस बीच बातचीत चलती रही। सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह भी मौके पर पहुंच गये। अधिकारियों पुलिसजनों और इं. हरिकिशोर तिवारी के बीच काफी देर तक बातचीत हुई लेकिन इन धाराओं को हटाए जाने पर बात नहीं बन पाई। इस पर आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग के कार्यालय पर ही भूख हड़ताल शुरू कर दी। यह भूख हड़ताल रात तक जारी है।

बिजली विभाग के कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे हरिकिशोर तिवारी व अन्य।

इस संबंध में कर्मचारी नेता हरि किशोर तिवारी ने बताया कि इस मामले में विद्युत विभाग के कर्मचारी सुशील दिवाकर की ओर से लिखाई गई रिपोर्ट में सुहेल और इरफान के अलावा अतुल शुक्ला, हरि योगेंद्र शुक्ला, गौतम शुक्ला, इनकी पत्नियों और पुत्री दीप्ति शुक्ला के विरुद्ध मीटर टेंपरिंग गैंग और एससी एक्ट की धाराओं समेत अन्य गंभीर धाराएं लगाई गईं हैं, यह एकदम अनुचित और अन्याय पूर्ण है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब तक ये धाराएं वापस नहीं ली जायेंगी, वे और उनके साथी अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल करेंगे। मामले के समाधान हेतु सिटी मजिस्ट्रेट एवं कोतवाल भी वहां आए, लेकिन बात नहीं बनी।

बातचीत करते सिटी मजिस्ट्रेट, एक्सईएन, व हरिकिशोर तिवारी। अमृत विचार

यह लोग हड़ताल पर बैठे : इस मामले को लेकर बिजली विभाग के कार्यालय पर भूख हड़ताल शुरू कर दी गई है। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में इं. हरिकिशोर तिवारी के साथ फ्रेंडस कालोनी के सभासद पंकज पचौरी, भाजपा नेता और सभासद शरद वाजपेई, अशोक द्विवेदी, देवेंद्र शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा और देवेन्द्र भदौरिया शामिल हैं।

> चेकिंग के दौरान बिजली विभाग की टीम के साथ जो घटना हुई उस पर बिजली कर्मचारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अब अनावश्यक दबाव बनाने के लिए यह किया जा रहा है।
>
> –श्रीप्रकाश
> अधिशाषी अभियंता नगर

पाता रेलवे ओवरब्रिज का पीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण

पाता के वन का पूर्वा गांव के सामने पीएम के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया ,नेता व अधिकारी रहे मौजूद

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। अमृत भारत योजना के तहत दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर स्थित पाता स्टेशन के पास स्थित वन का पुर्वा व राजा का पुर्वा पाता को जोड़ने वाला रेलवे ओवरब्रिज का वर्चुअल लोकार्पण सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर स्थित पाता रेलवे स्टेशन के नजदीक वन का पुर्वा के गेट नम्बर 11 सी पर 35 करोड़ रुपये की लागत से पुल बनकर तैयार हुआ। जिसका लोकार्पण सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के लाइव होते ही जिले की जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने संयुक्त रूप से पुल के शिलापट का लोकार्पण किया। लोकार्पण से पूर्व कार्यक्रम में मौजूद नन्हें मुन्ने स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर दिबियापुर के चेयरमैन राघव मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख अछल्दा शरद राणा, प्रेम कुमार गुप्ता, महामंत्री कौशल राजपूत, गोविन्द मिश्रा, योगेश त्रिपाठी, सतेन्द्र भदौरिया, मुकेश चंद मीना रहे।

शिलापट का लोकार्पण करतीं डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम। अमृत विचार

डीएम ने बूथों का किया औचक निरीक्षण

औरैया । जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के दृष्टिगत मानस इंटर कॉलेज कंचौसी बाजार औरैया में मतदान के लिए बनने वाले बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की साफ-सफाई, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखा। साथ ही विद्युत, पानी, फर्नीचर आदि का निरीक्षण करते हुए मतदेय स्थल पर आने वाले मतदाताओं की संख्या आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। पूर्व में हुए मतदान के दौरान किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था आदि के संबंध में भी पूछा और संबंधितों को निर्देशित किया कि मतदान के समय की जाने वाली मूलभूत व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करा लिया जाए, जिससे मतदान के दौरान किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था व आपाधापी की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अति महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी भी स्तर पर किसी के द्वारा बरती गई लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अध्यापक सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम, एसपी ने दिव्यांगों को बांटी ट्राई साइकिल

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

- दिव्यांग विद्यालय पहुंचकर 41 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित की
- दिव्यांग बोले डीएम साहब घर कैसे पहुंचेंगे, पहियों में हवा नहीं भरी है

अमृत विचार। जनपद का समकेतिक मूकबधिर विद्यालय हीरा नगर कंचौसी में जनपद की जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक, चारू निगम ने सांकेतिक दिव्यांग विद्यालय पहुंचकर 41 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल बांटी।

जिलाधिकारी ने दिव्यांगों को संबोधित करते हुए कहा, कि आप लोग समाज कि मुख्यधारा है। अपने को किसी रूप से अक्षम मत समझिए, आप सभी दिव्यांग भाई सक्षम है। सरकार द्वारा दी जा रही समस्त योजनाओं का लाभ आपको मिलेगा। आपको सशक्त बनने की जरूरत है। शासन द्वारा प्रति माह दिव्यांगों को एक हजार रुपये सहायता राशि के रूप में दी जा रही है, जो भी दिव्यांग अपना पंजीकरण नहीं करा पाए, वो पंजीकृत होकर योजनाओं का लाभ अवश्य लें। हीरानगर स्थिति दिव्यांग विद्यालय में डीएम ने बच्चों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया । कहा कि इतना बड़ा विद्यालय रहने के लिए विद्यार्थियों को छात्रावास और बच्चे केवल 18 । ट्राई साइकिल वितरित करते समय दिव्यांगों ने जिलाधिकारी से कहा कि साहब साइकिलों के पहियों में हवा नहीं है, कैसे जाएंगे। इस पर उन्होंने जिला सशक्तिकरण दिव्यांग अधिकारी को तत्काल टायरों में हवा भरवाने के निर्देश दिए। लेकिन जिला अधिकारी के जाने के बाद दिव्यांगों को बिना हवा के ही बैरंग घर वापस जाना पड़ा। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को भी निर्देश दिए कि जो बच्चे दिव्यांग हैं उनका दिव्यांग विद्यालय में दाखिला करायें।

जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के साथ एसपी चारू निगम भी दिव्यांग विद्यालय पहुंची। दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मिलकर दिव्यांगो को ट्राई साइकिलें वितरित कीं। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार, बीएसए अनिल कुमार, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी आशुतोष सिंह, समकेतिक दिव्यांग विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग खरे आदि मौजूद रहे।

शिक्षक बनीं डीएम, बच्चों को पढ़ाया

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- बच्चों से सुना पहाड़ा व बोर्ड पर लिखी सुलेख पढ़वाया
- अध्यापकों सहित छात्रों की उपस्थिति पंजिका देखी

अमृत विचार। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक विद्यालय जमौली का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की शिक्षा, गुणवत्ता, ड्रेस, मिड-डे-मील आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और छात्र-छात्राओं से पहाड़ा सुना तथा ब्लैक बोर्ड पर लिखी हुई सुलेख को पढ़वाया। जिसको छात्र-छात्राओं ने अच्छे से पढ़कर सुनाया। जिस पर डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम ने हर्ष व्यक्त किया और बच्चों को चाकलेट आदि भी वितरित किए। डीएम नेहा प्रकाश ने इस अवसर पर अध्यापकों सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया और निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं को नियमानुसार समय से मिड-डे-मील खिलवाएं। साथ ही अभिभावकों से संपर्क कर अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को विद्यालय भेजने के लिए कहें और प्रयास करें कि छात्र-छात्राएं निर्धारित ड्रेस में ही नियमित स्कूल आए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए, जिससे वह आगे बढ़कर अपनी क्षमता प्रदर्शित कर सकें।

बच्ची से सुलेख पढ़वातीं डीएम नेहा प्रकाश, साथ में एसपी चारु निगम।

एक नजर

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव मुहम्मदाबाद में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ कर शव को बाहर निकाला गया। गांव मुहम्मदाबाद निवासी मो इशफाक के 28 वर्षीय पुत्र मो. इरशाद ने कमरे को बंद कर के छत पर बने कड़े में रस्सी से फांसी लगा ली। युवक रविवार को आलू की खुदाई करने गांव में गया था। जब शाम को वह घर पहुंचा तो पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसके बाद वह दूसरे कमरे में लेट गया। रात लगभग 12 बजे पत्नी ने रोशनदान से कमरे मे देखा तो पति का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। उसके शोर मचाने पर परिवार के व पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर युवक को नीचे उतारा और कार से प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

मो. इरशाद।

गृह कलेश से तंग युवक ने लगा दी जान

ककोर, औरैया । दिबियापुर थाना क्षेत्र के ऊमरसाना गांव में युवक ने गृह कलेश से तंग आकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर परिजन व ग्रामीणों ने बताया कि पुष्पेंद्र सिंह (35) पुत्र रविंद्र सिंह गांव में खेती-बाड़ी का काम करके जीवन यापन करता था। आए दिन घर में खर्च को लेकर विवाद होने के कारण वह परेशान रहता था। रविवार रात खाना खाने के बाद पुष्पेंद्र सोने चला गया और फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुष्पेंद्र के दो लड़के एक बेटी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। परिजनों ने बताया कि घर की समस्याओं को लेकर आपसी झगड़ा बना रहता था, जिससे परेशान होकर उसने फांसी लगा ली। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

मानव श्रृंखला की सफलता पर होगा सम्मान

औरैया। सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से सड़क सुरक्षा विषय पर 23 जनवरी को जिले में वृहद मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया था। जिसमें यह श्रृंखला 101 किलोमीटर की बनाई गई थी। इस मानव श्रृंखला में जनपद के सभी मान्यता प्राप्त, शासकीय, अशासकीय इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं साथ ग्राम प्रधान तथा अन्य लोगों की सहभागिता रही थी। औरैया से लेकर जिला मुख्यालय होते हुए अजीतमल तक 101 किमी. की मानव श्रृंखला बनाई गई थी, जो प्रदेश में अति सराहनीय रही। इस सफलतापूर्वक श्रृंखला के आयोजन में जिला औरैया का भी चयन किया गया है। जिसमें डीएम नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम नारायण, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन अशोक कुमार को राज्य स्तरीय समापन समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

धरना देकर प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

किसानों ने टोल प्लाजा पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। अजीतमल तहसील क्षेत्र के अनंतराम टोल प्लाजा पर राष्ट्रीय नेताओं के आह्वान पर दिल्ली कूच के लिए तैयारी की गई।

किसान नेता टिकैट के आह्वान पर अजीतमल नेशनल हाईवे 19 के अन्नतराम टोल प्लाजा पर दिल्ली की तरफ टैक्टर खड़े करके किसानों और पदाधिकारियो ने प्रदर्शन किया। यूपी, हरियाणा, पंजाब के किसानों के समर्थन में राजेश टिकैत ने आह्वान किया। टोल प्लाजा पर किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष विपिन राजपूत ने किसानों की प्रमुख 5 मांगों का ज्ञापन दिया। टिकैत किसान संगठन द्वारा अपने किसानों से नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर प्रदर्शन के लिए 26 तारीख को किसानों को आंदोलन प्रदर्शन के लिए कहा गया था। जिसको लेकर औरैया जिले के अजीतमल तहसील स्थित नेशनल हाईवे 19 अनंतराम टोल प्लाजा पर दिल्ली की तरफ ट्रैक्टरों का मुंह करके खड़ा किया और जमकर नारेबाजी करते देखे गए। एसडीएम राम अवतार और सीओ राम मोहन शर्मा पहुंचे और व्यवस्था संभाली।

मंदबुद्धि बालक का शव बंबा में मिला

ऐरवाकटरा, औरैया। थाना क्षेत्र के हरचंदापुर पुलिया से करीब 200 मीटर दूरी पर समायन जाने वाले रास्ते के किनारे बंबा में सात वर्षीय बालक का शव कूड़े के ढेर में फंसा मिला।

क्षेत्र के बिधूना रोड पर स्थित हरचंदापुर बंबा पुलिया से समायन गांव की ओर राहगीरों को सुबह करीब 9.30 बजे बंबे में इकट्ठे कूड़े के ढेर में एक बच्चे का शव फंसा मिला। जिसकी जानकारी होने पर आसपास गांव के लोगों का जमावड़ा लग गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसी बीच जानकारी होने पर घटनास्थल पर मृतक के पिता बसरुद्दीन के साथ पहुंचे। उमरेड़ी गांव निवासी अफसर अली ने शव की शिनाख्त अपने 7 वर्षीय पुत्र अल्तमस के रूप में की। अफसर अली ने बताया कि अल्तमस मानसिक रूप से कुछ विक्षिप्त था और पिछले सोमवार को घर से लापता हो गया था। जिसे खोजने का परिजनों ने काफी प्रयास किया लेकिन कोई पता न चल सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में करें सहयोग : डॉयट प्राचार्य

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। उपशिक्षा निदेशक एवं डॉयट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत ने कहा की सभी के सहयोग से ही निपुण भारत के लक्ष्य को समय प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा की इस मिशन को समुदाय के माध्यम से हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए स्कूलों में प्रबंध समिति व अभिभावकों की बैठक कर उन्हें भी बताएं। नई शिक्षा व्यवस्था के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए ही इस योजना को लाया गया है।

डॉयट प्राचार्य ने उक्त बातें बुधवार को अजीतमल स्थित जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में निपुण भारत मिशन से संचालित गतिविधियों एवं अकादमिक पहलुओं की मासिक समीक्षा करते हुए कही। इस मौके पर उनके द्वारा आधारशिला शिक्षण संदर्शिका के अनुसार विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति, विद्यालय में शिक्षक डायरी एवं शिक्षण योजना लागू होने की स्थिति, विद्यालयों में पुस्तकालय एवं खेलकूद सामग्री की उपलब्धता व क्रियाशील की स्थिति, निपुण लक्ष्य डाउनलोड व उसके द्वारा असिसमेन्ट की स्थिति, जनपद में स्कूलों का वर्गीकरण, निपुण लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में सक्षम, मध्यम, संघर्षशील विद्यालय, विभिन्न विकासखण्डों में शैक्षिक नवाचार की स्थिति, शिक्षक संकुल को सक्रिय बनाने की कार्ययोजना, एसएमसी, पीटीएम बैठकों के आयोजन की स्थिति, यू-डायस पर विद्यार्थी, शिक्षक एवं विद्यालय प्रोफाइल की स्थिति, डॉयट प्रशिक्षुओं के द्वारा किये गये निपुण असेसमेन्ट में शिक्षक संकुल एवं एआरपी द्वारा गोद लिये गये विद्यालयों की समीक्षा की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत शैक्षिक भ्रमण के बारे में भी जानकारी कर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए बच्चों को नकद पुरस्कार व गाइडेंस देने की बात कही। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश चंद्र श्रीवास्तव, शिव सिंह, पुष्पेंद्र जैन, डाईट प्रवक्ता विजय राजपूत, एसआरजी सुनीलदत्त राजपूत, अलका यादव, सुभाष रंजन द्विवेदी सहित समस्त ब्लॉक ब्लॉक के एआरपी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में मौजूद डॉयट प्राचार्य व अन्य। अमृत विचार

अनिल तिवारी व कृष्ण पाल बने सयुस के प्रदेश सचिव

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर दी गई जिम्मेदारी
- कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने किया सम्मान

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी जीजान से तैयारी में जुटी हुई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव स्वयं हर गतिविधि पर अपनी नजर बनाए हुए हैं और समय-समय पर जरूरी दिशा निर्देश कार्यकर्ताओं को दे रहे हैं।

रविवार को उनके निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल एवं युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी के निर्देश पर औरैया के अनिल कुमार तिवारी एवं कृष्ण पाल सिंह को समाजवादी युवजन सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। अपने दोनों ही नेताओं के प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद समर्थकों एवं सपाइयों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

सोमवार को शहर के मोहल्ला गोविंद नगर में एक स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सपाइयों ने नव मनोनीत प्रदेश सचिव अनिल तिवारी का फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान श्री तिवारी ने कहा की आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा अप्रत्याशित जीत हासिल करेगी । उन्होंने समर्थकों का अभिवादन करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंप गई है वह उसका पालन करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम, मीडिया प्रभारी शोभित यादव हीरू, रमेश चंद्र अगिनहोत्री, राजकुमार दोहरे प्रधान, पुष्पेंद्र यादव, अजय अगिनहोत्री, गौरव यादव, वेटू तिवारी, सीटू यादव, गोपाल वाजपेई, रवि यादव, शिवम तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित युवजन सभा के प्रदेश सचिव का स्वागत करते पदाधिकारी।

सवारी के साथ भाड़ा ढो रहे ई-रिक्शा चालक

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिले में लगभग 2000 ई-रिक्शा पंजीकृत है। जिन्हें केवल चार सवारी ले जाने का अनुमति प्राप्त है। वहीं, ई-चालक रिक्शा चालक 38 से 10 सवारियां ढोने में व्यस्त है। उसके बावजूद भी अधिकांश ई चालक सवारी के बजाय आजकल लोडर बने हुए हैं। अधिकारियों की अनदेखी के चलते वाहन चालक लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

पूरे जिले में ई रिक्शा चालक मानक से अधिक सवारियों को बैठाकर ले जाते हैं। जिससे आए दिन ई-रिक्शा पलटने की शिकायत मिलती रहती है। उसके बावजूद भी ई-रिक्शा चालकों पर कोई भी कार्रवाई नहीं होती है। इन सब समस्याओं के बाद भी परिवहन विभाग द्वारा कोई कड़ी कार्यवाही नहीं हो रही है।

बल्कि ई-रिक्शा चालक बहुतायत मात्रा में सामान को लादकर कामर्शियल वाहन को चूना लगा रहे है। जिसके कारण कामर्शियल वाहन को कस्बे के अंदर भाड़ा नहीं मिल पा रहा है। जिले में परिवहन विभाग की चेकिंग रफ्तार धीमी होने से ई रिक्शा चालकों की पौ बारह है। वहीं, ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के कारण आए दिन जगह-जगह जाम व सवारियों को लेकर झगड़े होने लगता है। अपनी मनमानी के कारण दिबियापुर के स्टेशन पर सीढ़ी के पास ई-रिक्शा चालकों की मनमानी देखी जा सकती है। जहां ट्रेन से उतरते ही सवारी लेने के चक्कर में अपने वाहन तिरछे खड़े किए रहते हैं। जिससे सवारियों को निकलने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

वहीं जिले में ट्रैफिक व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था की लाचारी नजर आती है। नगर में जाम लगने का मुख्य कारण ई रिक्शा चालक भी है। जो किसी भी ट्रैफिक व्यवस्था को नहीं मानते। एआरटीओ अशोक कुमार ने बताया जिले में अवैध ई रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा। जिससे लोगों को समस्या से निजात मिल सकेगी।

ई-रिक्शा पर सामान ले जाता चालक।

- परिवहन संभागीय अधिकारी जानबूझकर बने अनजान
- दुर्घटनाओं को दावत देते घूम रहे ई रिक्शा

ट्रैक्टर से गिरने से वृद्ध की मौत

ऐरवाकटरा, औरैया । थाना क्षेत्र के दोबा माफी गांव में मंदिर की मोड़ के पास ईंट लदी ट्राली पर बैठे 80 वर्षीय वृद्ध की ट्राली से उछलकर नीचे गिरने से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोबा माफी निवासी प्रेमसागर 80 वर्ष के मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। शाम करीब 4:30 बजे वह ट्रॉली में ईंट भरवाकर उसी ट्रॉली में लदी ईंटों के ढेर पर बैठकर घर वापस आ रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर दोबा गांव में स्थित दुर्वासा ऋषि के मंदिर के पास मोड़ पर मुड़ा तभी ट्रॉली में बैठे वृद्ध प्रेमसागर अचानक उछलकर ट्रॉली से नीचे जा गिरे जिससे प्रेमसागर की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के चिल्लाने पर ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर रोका और प्रेमसागर को मृत देखकर ट्रैक्टर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

पर्व कब्रिस्तानों व दरगाहों में पहुंच लोगों ने पढ़ी फातिहा, शाम होते ही दिखने लगी थी शब-ए-बरात की रौनक

शब-ए-बरात में इबादत कर मांगी जहन्नुम से निजात की दुआएं

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। रविवार को शब-ए-बरात का पर्व बड़े ही अक़ीदत व एहतिराम के साथ मनाया गया। शब-ए-बरात पर्व पर जागी जाने वाली रात की अहमियत (महत्व) और फ़ज़ीलतों के बारे में जानते हुए लोगों ने रात भर फालतू बातों से दूर रहकर अल्लाह की इबादत की और अपने मरहूमीन व अजीजों की कब्रों पर फातिहा पढ़ उनके लिए मग़फ़िरत की दुआएं कीं। इसके अलावा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने औलिया अल्लाह की मजारों पर जाकर हाजिरी देकर फातिहा पढ़ी।

रविवार को मुस्लिम समुदाय में मनाया गया शब-ए बरात का पर्व बहुत ही खास अहमियत वाला पर्व है। शब का मतलब रात और बरात का मतलब निजात है यानी ये रात गुनाहों से निजात वाली रात है, जिसमें अल्लाह तआला क़बीले बनू क़ल्ब की भेड़ और बकरियों के बालों के बराबर अपने बंदों की मग़फ़िरत फरमाता है। वहीं, इस रात से पहले असर और मग़रिब की नमाज़ों के दरमियान मरहूमीन की रूहें अपने अपने घरों में आती हैं और घर वालों से सदका और खैरात की आस लगाती हैं। मगरिब की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने अजीजों और औलिया अल्लाह की कब्रों पर जाकर बहुत सुकून और अमन के साथ फातिहा पढ़ी और अपने मरहूमीन के लिए मगफिरत की। दुआएं कर इस अज़ीम रात में फालतू और दुनियावी बातों से परहेज़ किया तथा दरगाहों पर फातिहा पढ़ने के बाद रात भर मस्जिदों में अल्लाह की इबादत कर अपने गुनाहों से सच्चे दिल से तौबा की।

शब-ए-बरात पर नगर की दरगाह महबूब शाह व दरगाह पीर बुख़ारी शाह रहमतुल्लाह अलैह में हर साल की तरह इस साल भी शब-ए-बरात के मौके पर मुख़्तसर तकरीरी प्रोग्राम हुआ जिसमें हज़रत अल्लामा मौलाना सैयद ग़ुलाम अब्दुस्समद मियां चिश्ती तथा मौलाना खलीलुल्लाह निज़ामी ने लोगों को इस रात की फ़ज़ीलत व अहमियत के बारे में जानकारी दी और अल्लाह से अपनी मग़फ़िरत तलब करने को कहा।इस रात मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे से मांफी मांगी और एक दूसरे की गलतियों व नाराजगियों को दूर किया ताकि उनके दरमियान कोई गलत फ़हमी बाकी न रह जाए। इबादतों का सिलसिला मगरिब की नमाज़ के बाद से शुरू हुआ और रातभर जारी रहते हुए सुबह फजर की नमाज़ के वक्त अमन चैन व मुल्क की सलामती की दुआओं के साथ समाप्त हुआ।

दरगाह पर फातिहा पढ़ते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

धर्म दर्शन

भारत भाव रूप श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण भारत के लोकजीवन में वर्तमान हैं। देश में हजारों-हजारों ही सांस्कृतिक-समूह हैं और वे अपने-अपने भाव के साथ श्रीकृष्ण के पास रहते हैं, उपासना अर्थात् पास बैठना या यों कहें कि श्रीकृष्ण उनके भावों में प्रत्यक्ष ही रहते हैं। भारत में जितनी भी सांस्कृतिक-धाराएं हैं, वे लगभग सभी किसी न किसी रूप में श्रीकृष्ण में समाहित हो गईं हैं और वे सब वर्तमान हैं, किताब की बात नहीं, जीवन की बात है, इसलिए अब किताब का भी क्या काम?

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चित्रकार इन भाव भावनाओं के आधार पर चित्र बना रहे हैं, मूर्तिकार मूर्तियां गढ़ रहे हैं, गवैए गीत गा रहे हैं, नर्तक नृत्य कर रहे हैं, कवि कविता रच रहे हैं, कथाकार कथा सुना रहे हैं। कीर्तनकार कीर्तन कर रहे हैं। नर नारी भांति-भांति के लोकगीत गा रहे हैं। कोटि कोटि जन कृष्ण भाव को लेकर ब्रज भूमि, द्वारिका, कुरुक्षेत्र आदि की यात्रा करते हैं। कृष्ण चेतना का आंदोलन इस्कॉन तो अब विश्वव्यापी बन चुका है। अमेरिका में वृंदावन की प्रतिष्ठा हो चुकी है। बंगाल की कहावत है धान बिना खेत नहीं, कान्हा बिन गीत नहीं। श्रीकृष्ण हरि भी हैं न, हरिमन्दिर साहब में भी हरि के रूप से विराजमान हैं।

यदुकुलः द्वारकानाथ : वृष्णिवीर देवकीनन्दन, वसुदेवनन्दन, वासुदेव, यदुनन्दन, यदुकुलनन्दन, अन्धक-वृष्णिनाथ, दाशार्हनन्दन, जदुनाथ, जदुराई, यदुवीर, यदुवंश-विवर्धन, यदुसुखावह, यदु-कुलश्रेष्ठ, शौरि, यादवेश्वर, यादवनन्दन। वृष्णिशार्दूल, वृष्णिकुलोद्वह, वृष्णिनन्दन, वृष्णिसत्तम। इस बात के अनेक सन्दर्भ मिलते हैं कि कृष्ण यदुवंशियों के कुलदेवता के रूप में पूज्य थे। वज्रनाभ कृष्ण की वंश-परम्परा में था और उसने कृष्ण की स्मृति में मन्दिरों का निर्माण कराया। पाञ्चरात्र-परंपरा में वृष्णिवीरों की पूजा तथा वृष्णिवीरों का तात्त्विक-विवेचन है।

श्रीकृष्णः महाभारत-संदर्भ महाभारत-संदर्भ से जुड़े हुए कृष्ण के नाम हैं- पार्थसारथि, पार्थमित्र, गीतागायक, द्रौपदी की लाज राखी, साग विदुरघर खाई, पांचौ पंडा छठे नारायन, कौन्तेयप्रियवन्धु, पाण्डुरर्जुन-वल्लभः ।

गोप-संस्कृतिपरक- "आभीरेन्द्रसूनुः। कढ़िगौ अंबीर पै 'अहीर कौं' कढ़ें नहीं। सूरदासजी का एक पद है-हम तौ नन्द-घोष के बासी। नाम गुपाल जाति कुल गोपक, गोप-गुपाल उपासी। गोविन्द और गोपाल नाम बहुत व्यापक हैं तंत्रशास्त्र में गोपालसुंदरी की आराधना है। गोपाल-चूड़ामणि, गो-गोप संघावृत, गोपस्त्री-परिवेष्टितो जैसे नाम गोपाल-सहस्रनाम में हैं। 'आगें गाय पाछें गाय इत गाय उत गाय गोविंद को गायन में बसिबौ ही भावै। 'गोपी ग्वाल गाय गोसुत-हित सात दिवस गिरि लीन्हों।' गाय और गाय की विभूति से संबंधित सभी नाम गोप-संस्कृति के सन्दर्भ-सूत्र हैं, जैसे-नवनीतप्रिय, छाछपिबइया, माखनचोर। 'सोभित कर नवनीत लिये।' गोकुलनाथ, गोकुलचन्द्रमा, गोकुलेश, गोवर्धननाथ, गोलोकनाथ। श्रीकृष्ण को गोविन्द गोपाल नाम ही प्रिय हैं, द्वारकानाथ, त्रिलोकीनाथ नाम उन्हें नीरस प्रतीत होता है -प्यारौ नाम गोबिंद गुपाल कों बिहाय हाय, ठाकुर त्रिलोक के कहाय करि हैं कहा? (रत्नाकर)-संस्कृति लोक-जीवन में प्रवाहित होती है। उपासक-समूह उपास्य-तत्त्व की रचना करता है। इस दृष्टि से गोप, आभीर, गूजर जनजातीय-तत्त्व महत्त्वपूर्ण हैं।

तमिलनाडु में आयर कहलाने वाले ग्वाल लोग मुल्लै वन-प्रान्त में गाय चराते और कण्णन के गीत गाते थे। क्या ये वे ही लोग हैं, जो यादवों के साथ दक्षिण-मथुरा चले गए थे? आगे चलकर हमें यादव-गोप और आभीर जातियां एक-दूसरे में समाहित होती हुई दृष्टिगत होती हैं, जिनका देवता 'गोपाल' है। रांगेयराघव ने आभीरों को गोपालदेवता का उपासक बताया है, जो ई.पू. 1500 में आक्रमण करते हैं। अर्जुन पर आभीरों के आक्रमण का उल्लेख भागवत में भी है। रांगेयराघव के अनुसार ई.पू.800के लगभग 'कृष्ण' आभीर देवता-गोपाल में अन्तर्भुक्त हुए थे। अहीर की छोहरियां छछिया भर छाछ पै नाच नचावें। (रसखान) तथा 'हम तौ निपट अहीर बाबरी जोग दीजिये जानन' (सूरदास)। गोप-संस्कृति के सन्दर्भ में डॉ.चन्द्रभान रावत का यह मत ध्यान देने योग्य है कि -कृष्ण का व्यक्तित्व कुछ दिन के लिए यादवों, वृष्णियों और सात्वतों के हाथ से छूट गया और उसका विकास कुछ ऐसी घूमन्तू पशुपालक-जातियों में हुआ, जो भारत में बहुत पहले ही आ गई थीं, जो बौद्धिक अनुष्ठानों से अधिक महत्त्व अपनी स्वच्छन्द भावात्मक संस्कृति को देती थी, जिनका लोक-साहित्य सरस और प्रेमपरक था। एक गोप के रूप में कृष्ण का विकास हुआ। अपने घूमन्तू-जीवन में कृष्ण ब्रजभूमि में पलती-पनपती अन्य संस्कृतियों के सम्पर्क में भी आए और धीरे-धीरे उन सबका विलयन गोपसंस्कृति में हो गया।

श्रीकृष्णः परब्रह्मः रस

परब्रह्म श्रीकृष्ण के नाम हैं-अव्यय, अधिदेव, अच्युत, अनन्त, अनादि, अखण्ड, अव्यक्त, भूतेश्वर, भूतपति, सनातन, विश्वतोमुखी, आदिकर्ता निर्गुणोनित्यो, आनन्दकन्द सच्चिदानन्द। अप्रकट-परब्रह्म पुरुषोत्तम हैं और प्रकट-परब्रह्म श्रीकृष्ण हैं। ब्रह्म की अवधारणा कृष्ण-अवतार में समाहित होती हैं। श्रीकृष्ण परब्रह्म के पर्याय बन जाते हैं - "परब्रह्म तु कृष्णोहि सच्चिदानंदकं बृहत्।" (वल्लभाचार्य)

कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति

भगवान नारायण, जनार्दन, मधुसूदन, मुकुन्द, गरुड़गोविन्द, शेषशायी, मुरारि, केशव, गरुड़ध्वज, माधव, पुरुषोत्तम, श्रीनाथ, दीनानाथ, बैकुण्ठनाथ, पुण्डरीकाक्ष, कमलनाभ, पद्मनाभ, चक्रधर, चक्रपाणि, चक्रगदाधर, शंखचक्र-गदापाणि, गदाधर, उपेन्द्र, दामोदर, श्रीपति, श्रीधर, श्रीनिधि, शार्ङ्गधनुर्धर, शार्ङ्गी, सत्य, सुपर्णकेतु, मधुपति, त्रिविक्रम, जगतपिता, जगदीश, जगद्गुरु, क्षीराब्धिशयन:, पुण्यश्लोक आदि कृष्ण के ऐसे नाम हैं, जो कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति के प्रतीक हैं।

भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ट साधन

रामानुजम् के अनुसार अपने अराध्य अथवा भगवान के दासत्वव की प्राप्ति ही भक्ति है। श्रीहरि विष्णु के लोक वैकुण्ठ में श्री, भू, लीला देवियों के साथ नारायण की सेवा करना ही परम पुरूषार्थ है। मुक्ति की प्राप्ति उपासना (भक्ति या आराधना) से ही होती है। सकर्मक क्रिया या उपासनात्मक भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ट साधन है। मुक्ति का दूसरा साधन आराध्य के प्रति गहन ध्यान के साथ भगवान के प्रति पूर्ण शरणागति है। नारायण, विभु (सर्वव्यापक) तथा 'भूमा' (ऐश्वर्य)हैं, उनके चरणों में आत्म समर्पण से ही जीव को शांति मिलती है। उनकी प्रसन्नता से ही मुक्ति की प्राप्ति संभव है। अतः सब कुछ त्याग कर उनकी शरण लेनी चाहिए। वैष्णव संप्रदाय के सर्वसम्मानित आचार्य, वेदान्त दर्शन में "विशिष्टा द्वैतवाद" के प्रवर्तक, सगुणों पासक रामानुजम्, छूआछूत और जातिवाद के घोर विरोधी थे। उनके अनुसार "व्यक्ति की पहिचान जाति नहीं, उसके गुणों के आधार पर होनी चाहिए।" शंकराचार्य जी के "ब्रह्मं सत्यं जगन्मिथ्या"(ब्रह्म सत्य है और जगत मिथ्या है) का खंडन करते हुए उनका तर्क था कि यदि ब्रह्म या ईश्वर सत्य है तो उसी की निर्मिति (निर्माण) जगत असत्य कैसे हो सकता है? शंकराचार्यजी के 'मायावाद' का खंडन के उनके प्रमुख तर्क "सप्तानुपत्ति" कहलाते हैं। सगुण ब्रह्म के उपासक आचार्य रामानुज "आत्मा" और "ब्रह्म" में अंतर स्पष्ट करते हुए कहते हैः- (क)=आत्मा अणु है और ब्रह्म विभु (सर्वव्यापक) है। (ख)=ब्रह्म जहां पूर्ण और अनन्त हैं, आत्मा ब्रह्म पर पूरी तरह निर्भर उनका अंश मात्र है। (3)=जैसे अंश, सदैव अंश ही रहता है, कभी पूर्ण नहीं हो सकता है, गुण, गुण ही रहता है कभी द्रव्य नहीं हो सकता है, उसी प्रकार आत्मा भी कभी ब्रह्म या ईश्वर भी नहीं हो सकता है। उनका स्पष्ट मत है कि मोक्ष प्राप्ति के बाद, आत्मा सर्वसत्तात्मक सर्वोच्च परमेश्वर में विलीन न होकर ब्रह्मवत् या ब्रह्म के समान हो जाने पर भी अपना पृथक् अस्तित्व बनाये रखता है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम! मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि, बृहस्पति एवं विष्णु आदि देवताओं को संतुष्ट करने के लिए, यज्ञों की निर्विघ्न सफलता एवं उनके विस्तार के लिए हम आपको यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। नियम पूर्वक ग्रहण किए गए हे सोमदेव! अपने स्थान से कभी विचलित न होने वाले, स्थिर रहने वालों में अग्रगण्य, आप स्थिर निवास वाले "ध्रुव" नाम से विख्यात हैं। स्थिर चित्त वाले हम याजक, आपको कल्याणकारी देवताओं की संतुष्टि के लिए यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। इंद्रदेव शत्रुओं का विनाश करते हुए हमारी संतानों को सद्बुद्धि प्रदान करें।

हे पात्र! आप दिव्य प्रकाश को धारण करने वाले वर्चस्वी हैं। हमारे प्राण वायु, उदान वायु एवं व्यान वायु को तेज प्रदान करें। आप हमारे मन, वाणी एवं कर्म में तेजस्विता की स्थापना करें। हमारे नेत्रों एवं कर्ण इंद्रियों को दिव्य शक्ति से संपन्न बनाएं। हे तेजस्विता प्रदान करने वाले! हमारी आत्मा में वर्चस् जागृत करें, हमारे ओज में वर्चस् जागृत करें, हमारे आयुष्य में वर्चस् जागृत करें। पृथ्वी के समस्त प्राणियों एवं प्रजाओं को तेज प्रदान करने की कृपा करें। साधकगण अपनी रक्षा के निमित्त, दिव्यशक्ति से संपन्न, ऐश्वर्य एवं पराक्रम प्रदान करने वाले, जल की वर्षा करने वाले इंद्रदेव का मरुदगणों के साथ आवाहन करते हैं।

हे ग्रहों (पात्रों) आपको मरुदगणों सहित इंद्रदेव की तृप्ति के लिए नियमानुसार ग्रहण किया गया है। यह आपका मूल स्थान है। मरुतों को बल एवं प्रसन्नता प्रदान करने के लिए आपको यहां स्थापित करते हैं। हे मरुत् वान इंद्रदेव! अपनी प्रसन्नता के लिए आप तृप्तिदायक सोम का पान करें और दुराचारियों से युद्ध करें। इस पोषक मधुर सोमरस को पेट भरकर पिएं। अद्वितीय शौर्यवान्, यज्ञों का विस्तार करने वाले हे इंद्र! प्रजा की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले राजा की भांति, आप याजकों को ऐश्वर्य प्रदान कर, उनकी इच्छाएं पूर्ण करें। याजकों द्वारा सम्मानित हे इंद्र! आप उन्हें बलवान बनाएं। हे ग्रह (पात्र) नियमपूर्वक ग्रहण किए गए आपको महान इंद्रदेव की तृप्ति तथा प्रसन्नता के लिए नियुक्त करते हैं। यही आपका स्थान है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

प्रेमपंथ ऐसो कठिन

रवींद्रनाथ के एक उपन्यास में एक युवती अपने प्रेमी से कहती है कि मैं विवाह करने को तो राजी हूं, लेकिन तुम झील के उस तरफ रहोगे और मैं झील के इस तरफ। प्रेमी की बात समझ के बाहर है। वह कहता हैः तू पागल हो गई है? प्रेम करने के बाद लोग एक ही घर में रहते हैं। उसने कहा कि प्रेम करने के पहले भला एक घर में रहें, प्रेम करने के बाद एक घर में रहना ठीक नहीं, खतरे से खाली नहीं। एक-दूसरे के आकाश में बाधाएं पड़नी शुरू हो जाती हैं। मैं झील के उस पार, तुम झील के इस पार। यह शर्त है तो विवाह होगा। हां, कभी तुम निमंत्रण भेज देना तो मैं आऊंगी। या मैं निमंत्रण भेजूंगी तो तुम आना। या कभी झील पर नौका-विहार करते अचानक मिलना हो जाएगा। या झील के पास खड़े वृक्षों के पास सुबह के भ्रमण के लिए निकले हुए अचानक हम मिल जाएंगे, चौंक कर, तो प्रीतिकर होगा। लेकिन गुलामी नहीं होगी। तुम्हारे बिना बुलाए मैं न आऊंगी, मेरे बिना बुलाए तुम न आना। तुम आना चाहो तो ही आना, मेरे बुलाने से मत आना। मैं आना चाहूं तो ही आऊंगी, तुम्हारे बुलाने भर से न आऊंगी।

इतनी स्वतंत्रता हमारे बीच रहे, तो स्वतंत्रता के इस आकाश में ही प्रेम का फूल खिल सकता है। एक तो साधारण प्रेम है जिसको तुम जानते हो। इस प्रेम ने तुम्हारे जीवन को नरक बना दिया है। इस प्रेम की बात नहीं कर रहा प्रेम-पंथ ऐसो कठिन! यह तो कठिन है ही नहीं। यह तो बड़ा सरल है। दुनिया में सभी इसको सम्हाल लेते हैं। इसमें कठिनाई क्या होगी? हर घर में चल रहा है, हर परिवार में चल रहा है, हर व्यक्ति में चल रहा है। यह तो बड़ा सरल है। इससे ऊंचा एक प्रेम होता है। उसको प्रेम में गिरना नहीं कह सकते। उसको हम कहेंगेः प्रेम में होना, बीइंग इन लव। वह बड़ी और बात है। उसका स्वभाव मैत्री का है। खलील जिब्रान ने ठीक कहा है कि सच्चे प्रेमी मंदिर के दो स्तंभों की भांति होते हैं। बहुत पास भी नहीं, क्योंकि बहुत पास हों तो मंदिर गिर जाए। बहुत दूर भी नहीं, क्योंकि बहुत दूर हों तो भी मंदिर गिर जाए।...देखते हो ये स्तंभ, जिन्होंने च्वांग्त्सु-मंडप को सम्हाला हुआ है? ये बहुत पास भी नहीं हैं, बहुत दूर भी नहीं हैं। थोड़ी दूरी, थोड़े पास। तो ही छप्पर सम्हला रह सकता है। एकदम पास आ जाएं तो छप्पर गिर जाए; बहुत दूर हो जाएं तो छप्पर गिर जाए। एक संतुलन चाहिए। असली प्रेमी न तो एक-दूसरे के बहुत पास होते हैं, न बहुत दूर होते हैं। थोड़ा सा फासला रखते हैं, ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता जीवित रहे। ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता में व्याघात न हो, अतिक्रमण न हो। ताकि एक-दूसरे की सीमा में अकारण हस्तक्षेप न हो। प्रेम में होने का अर्थ होता हैः हम पास भी होंगे इतने कि हमें एक-दूसरे से कोई भय का कारण नहीं, और हम इतने दूर भी होंगे कि हम एक-दूसरे को रौंद भी न डालेंगे, हमारे बीच आकाश होगा। और तुम्हारा निमंत्रण होगा तो मैं आऊंगा, और मेरा निमंत्रण होगा तो तुम मेरे भीतर आओगे। मगर निमंत्रण पर। यह हक न होगा, अधिकार न होगा।

-ओशो

प्रदेश

धारा 17 के तहत अधिग्रहित भूमि पर भूस्वामी माना जाएगा अतिक्रमणकर्ता

▸▸ याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

विधि संवाददता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 की धारा 17 के तहत अधिगृहित भूमि अधिसूचना की तारीख से 15 दिनों के बाद बिना किसी बाधा के सरकार में निहित हो जाती है। अधिनियम के तहत अवार्ड पारित करना भी आवश्यक नहीं है। ऐसी भूमि पर कुछ वर्षों के बाद कब्जा करना संविधान के अनुच्छेद 300-ए के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने दीपक शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जिस भूस्वामी की भूमि धारा 17 के तहत अधिगृहित की गई है, वह सरकार द्वारा अर्जित भूमि पर अतिक्रमणकर्ता होगा। ऐसे में उस भूमि के संबंध में राज्य को परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। मालूम हो कि वर्ष 2006 में उत्तर प्रदेश सरकार ने उक्त अधिनियम के तहत अधिसूचना जारी कर याची की भूमि अधिग्रहित कर ली थी। वर्ष 2010 में जिला मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर द्वारा अवार्ड भी पारित कर दिया गया था। उसके बाद याची ने भूमि के एक हिस्से की लीज वापसी के अधिकार का दावा किया। याची के अधिवक्ता ने यह प्रस्तुत किया कि उसके दावों पर विचार किए बिना अधिकारियों द्वारा भूमि पर कब्जा कर लिया गया।

देरी के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति का दावा किया खारिज

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित एक मामले का निस्तारण करते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का दायरा तत्काल वित्तीय संकट से निपटने के लिए माना गया है। परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु के बाद आर्थिक संकट झेल रहे परिवार को उबारने के लिए सरकार की ओर से अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। यह सत्य है कि संबंधित नियमों में संशोधन के अनुसार मृतक का पोता अनुकंपा नियुक्ति का हकदार है, लेकिन तत्कालिकता के प्रश्न पर सुनिश्चित सीमा अवधि बीत जाने पर ऐसी नियुक्ति के लिए दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है। मामले के अनुसार याची की दादी श्रीमती मृदुला पांडेय की वर्ष 2012 में नौकरी के दौरान मृत्यु हो गई थी। याची के अधिवक्ता का कहना है कि उसके पिता चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ नहीं है, इसलिए संबंधित नियमों में संशोधन के आधार पर उनका पुत्र यानी मृतक का पोता अनुकंपा नियुक्ति का पात्र है। इस पर कोर्ट ने कहा कि दादी की मृत्यु वर्ष 2012 में हुई थी। मृत्यु के लगभग 6 साल बाद वर्ष 2017 में याची ने पहली बार अनुकंपा नियुक्ति के लिए दावा किया। उसके बाद फिर 2023 में नियुक्ति के लिए अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। याची की ओर से नियुक्ति के लिए दावा करने में हुई एक दशक की देरी के विषय में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत नहीं किया गया, इसलिए याची को मांगी गई राहत ना देते हुए याचिका खारिज कर दी गई।

पति नहीं लाता मोमोज नाराज पत्नी पहुंची थाने

▸▸ परिवार परामर्श केंद्र ने कराई पति-पत्नी के बीच सुलह

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : मोमोज खाने की शौकीन महिला अपने पति से इतना नाराज हो गई कि वह घर छोड़ आई। उसका गुस्सा यहीं नहीं थमा। उसने अपने पति के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई। महिला का आरोप था कि उसने अपने पति को पहले ही बता दिया था कि उसे मोमोज बहुत पसंद हैं। बार-बार कहने के बावजूद उसका पति उसके लिए मोमोज नहीं लाता था। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा।

मलपुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की शादी 6 माह पूर्व पिनाहट के युवक से हुई। युवक पिनाहट में पत्थरों का कार्य करता है। युवक की पत्नी ने पुलिस से शिकायत की उसका पति उसके खाने-पीने का ख्याल नहीं रखता है। उसे खाने में मोमोज बहुत पसंद है, लेकिन उसका पति उसके लिए मोमोज लेकर नहीं आता है। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। इससे नाराज होकर वह अपने मायके चली आई। पिछले 2 महीने से वह अपने मायके में रह रही थी। इस बीच महिला ने थाना मलपुरा में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंच गया। रविवार को दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। जहां दोनों पक्षों में आपसी सुलह कराई गई।

हफ्ते में दो बार लाएगा मोमोज

परिवार परामर्श के काउंसलर अमित गौर ने बताया कि दोनों पति-पत्नी की शादी को ज्यादा समय नहीं हुआ था। पत्नी गर्भवती थी। इसलिए पत्नी खाने-पीने की चीजों की फरमाइश करती थी। दोनों पति पत्नियों के बीच आपसी समझौता करा दिया गया है। पति ने वायदा किया है कि वह अब सप्ताह में दो बार मोमोज लेकर आएगा। हालांकि उसने यह भी कहा कि वह काम से लौटते समय इतना थक जाता था कि उसे मोमोज खरीद कर ले जाने का ध्यान नहीं रहता था। आगे वह इस बात का ख्याल रखेगा।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 01.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र-हस्त पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। जॉब को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। शरीर में आलस्य की अधिकता रहेगी। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आज आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए।

वृष — नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलाप होगा। बॉस आप पर जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकता है। अन्तरंग संबंधों में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शान्त रहेगा।

मिथुन — आज चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। व्यापार में सफलता मिलेगी।

कर्क — आज सरकारी कार्यों में आ रही रुकावट दूर होगी। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे। वरिष्ठ अधिकारियों आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी।

सिंह — आज परिजनों का व्यवहार अशांत कर सकता है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को धन लाभ मिल सकता है। लोगों से बहुत अपेक्षायें न रखे।

कन्या — आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। जॉब में आपको तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

तुला — आज अनैतिक कार्यों में सन्लिप्तता नुकसानदेह साबित होगी। दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। अधीनस्थ लोगों का अच्छा खासा समर्थन और सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में तनाव रहने वाला है। सेहत नरम रहने वाली है।

वृश्चिक — नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार करेंगे। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

धनु — आज घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की उम्मीद करेगा। भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

मकर — आज अपने रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। छात्र उच्च शिक्षा के लिए किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। जॉब इन्टरव्यू में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं।

कुंभ — आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी। कोई मशीन खराब हो सकती है।

मीन — जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। मन में कई दिनों से जो शंका थी उसका आज समाधान हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करें। समस्त योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में अपेक्षित प्रगति होगी।

वर्ग पहेली-355

बाएं से दाएं
2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4.1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5.1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

ऊपर से नीचे
1.1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण
2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4.1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6.1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



वर्ग पहेली - 354 का हल

1 अ	क	थ	■	2 कृ
व	■	3 पै	■	पा
4 डे	ढ़ी	■	5 गं	धा	लु
र	■	ब	■	■
■	6 झिं	गा	र	7 ना
8 पू	■	■	जु	■
ती	■	9 रे	खां	क	न

सुडोकू-72

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8	7			1	
8	2			1		3		
	4					9		
5		7			3			1
	6		9		7		2	
9			6			4		8
		3		6			5	
		8		9			4	6
	1				2			

सुडोकू - 71 का हल

5	4	1	2	7	6	9	3	8
7	6	9	5	3	8	4	1	2
3	2	8	4	1	9	6	7	5
2	9	7	1	8	5	3	6	4
4	3	5	7	6	2	1	8	9
1	8	6	3	9	2	2	5	7
9	5	3	8	2	1	7	4	6
8	7	2	6	4	3	5	9	1
6	1	4	9	5	7	8	2	3

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जो बोले सो निहाल — सुबह : 09.43
- कुली नंबर वन — शाम : 06.57

SONY SMAX
- दिल तो बच्चा है — सुबह : 08.00
- झूम बराबर झूम — रात : 07.00

Utsav Gold
- घराना — दोपहर : 01.30
- प्यार के साइड इफेक्ट्स — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- वटवारा — सुबह : 10.25
- क्रांतिवीर — शाम : 04.15

colors CINEPLEX
- चलते चलते — सुबह : 08.03
- देवदास — शाम : 04.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है
शीटू- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो
टीटू- क्यों?
शीटू- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

डॉक्टर- आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था।
डॉक्टर- तो इससे क्या?
पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको, तभी से खिसक गया।

एक नजर

जान-बूझकर पेपर लीक कराती है सरकार: अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार जान-बूझकर पेपर लीक कराती है। उन्होंने सवाल उठाया कि, पेपर छपाई से लेकर वितरण और परीक्षा कराने तक में सरकार के लोग शामिल रहते हैं तो पेपर लीक कैसे हो जाता है?, उन्होंने कहा है कि सरकार नौजवानों को नौकरी नहीं देना चाहती है।

यूपी आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा: मायावती

अमृत विचार, लखनऊ: बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश आखिर कब पेपर लीक मुक्त होगा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने से सम्बन्धित परीक्षा का रद्द होना अति-गंभीर व चिन्तनीय है।

ओडीएफ प्लस माडल बनेंगे 43,378 राजस्व ग्राम

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में चयनित प्रदेश की 19,018 ग्राम पंचायत

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के फेज-2 में 19,018 ग्राम पंचायत के 43,378 राजस्व ग्राम ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित होंगे। पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2024-25 के लिए यह लक्ष्य रखा है। इन ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य कर संस्तृप्त किया जाएगा। इससे जलभराव, घूरा, गंदगी, प्लास्टिक आदि से निजात मिलेगी। अभियान की शुरुआत 2023-24 में हुई थी।

पहले चरण में 30,277 ग्राम पंचायत के 43,249 राजस्व ग्रामों पर कार्य लगभग हो चुके हैं। जबकि दूसरे चरण में अवशेष सभी राजस्व ग्राम लिए गए हैं। जिनकी आबादी पांच हजार से कम है। ओडीएफ प्लस गतिविधियों में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन भी महत्वपूर्ण है। इसके लिए आरआसी सेंटर यानी प्लास्टिक निस्तारण केंद्र बनेगा। इसका प्रधान व सचिवों को बुलंदशहर में खास प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन कार्यों के लिए मिशन निदेशक राज कुमार ने मदों से धनराशि खर्च करने के वित्तीय प्रावधान सभी जिलाधिकारी को बताए हैं।

- प्रधान व सचिवों को बुलंदशहर में किया जाएगा प्रशिक्षित
- 43,249 राजस्व ग्रामों में लगभग कार्य पूर्ण

ठोस अपशिष्ट के यह कार्य

- नोडेप, वर्मी व विंड्रो कंपोस्टिंग आदि कूड़ा
- सेग्रीगेशन शेड व मैटेरियल रिकवरी सेंटर
- सामुदायिक व व्यक्तिगत खाद गड्ढे
- अपशिष्ट एकत्रीकरण ई-रिक्शा

तरल अपशिष्ट के यह कार्य

- सामुदायिक व व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढे
- रीड वेड डिवाट्स, फाइटोरिड तकनीक इत्यादि
- वेस्ट इस्टेबलाइजेशन पांड
- सिल्ट व फिल्टर चैंबर
- किचन गार्डन

इन मदों से खर्च कर सकते धनराशि

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, केंद्रीय व राज्य वित्त आयोग, मनरेगा, परफार्मेंस ग्रांट, पुरस्कार धनराशि, स्वयं की आय, सांसद व विधायक निधि, सीएसआर मद।

सपा के डिनर में नहीं पहुंचे आठ विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की आशंका
- सपा को अपना तीसरा तो भाजपा को आठवां उम्मीदवार जिताने को करना होगा संघर्ष

अमृत विचार: राज्यसभा में उप्र. की रिक्त सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले सोमवार की शाम मुख्य विपक्षी दल सपा को शुभ संदेश देने वाली नहीं रही। दरअसल, सपा ने मतदान की पूर्व संध्या पर अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी और उनके लिए डिनर आयोजित किया था। लेकिन उसके 8 विधायक बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए। चायल विधायक पूजा पाल, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, अमेठी विधायक महाराजी देवी, काल्पी विधायक विनोद चतुर्वेदी ,अंबेडकरनगर विधायक राकेश पांडेय, और विधायक पल्लवी पटेल सपा की बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए।सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने अनुपस्थित विधायकों के बारे में अमृत विचार को बताया कि, कुछ ने न आने का व्यक्तिगत कारण बताया लेकिन असलियत कल मतदान में पता चलेगी।

पार्टी की बैठक और डिनर विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में इनके क्रॉस वोटिंग करने का डर सताने लगा है। अगर ऐसा हुआ तो सपा का खेल बिगड़ सकता है। सपा को जहां अपना तीसरा उम्मीदवार जीताने की मुश्किल होगी वहीं, भाजपा अपना आठवों उम्मीदवा जिता ले जाएगी।

विधायकों की गुणा-गणित में उलझी: उत्तर प्रदेश की राज्यसभा में दस रिक्त सीटों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं। अपने तीनों उम्मीदवारों को जिताने के लिए सपा को 37 प्रति विधायक के हिसाब से 111 विधायकों का समर्थन चाहिए। अब राजा भैया की पार्टी के दो वोट सपा को नहीं मिलेंगे। ऐसे में सवाल बड़ा यह है कि सपा के अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए क्या जुगत भिड़ाएगी। अखिलेश यादव के सामने न केवल सपा की सहयोगी पार्टी अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल की नाराजगी एक चुनौती है, बल्कि रालोद के भाजपा के साथ खड़े होने जाने से भी वह खुद को कमजोर महसूस कर रही है। हालांकि सपा के विधायक रमाकांत यादव और इरफान सोलंकी जेल में बंद हैं। इन्हें मताधिकार का अवसर मिला तो स्थितियां कुछ और होंगी।

राजा भैया को अपनी ओर करने में आखिरकार सफल हुई भाजपा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को बीते लगभग दस सालों से अपने साथ लाने में जुटी थी। मंगलवार को राज्यसभा के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले भाजपा आखिर अपने इस लक्ष्य में सफल हो गई। अब जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के दोनों विधायकों का वोट भाजपा को जाएगा। दरअसल, राजा भैया के दल का गठन होने के पहले भाजपा उन्हें साल 2014 में अपने साथ लाने का प्रयास किया था। तब उन्हें भाजपा के सिंबल पर प्रतापगढ़ से लोकसभा चुनाव का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन वह नहीं माने, फिर उन्हें साल 2017 में भाजपा के साथ आने का प्रस्ताव दिया गया। तब भी बात नहीं बनी थी।

यहां तक कि, बीते विधानसभा चुनाव के पहले राजा के दल को एनडीए का घटक भी बनाने का प्रयास असफल रहा था। लेकिन इस बार यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली से शीर्ष भाजपा नेताओं ने जो प्रयास किया, उसका प्रभाव हुआ और राजा भैया भाजपा के उम्मीदवार को वोट देने को राजी हो गए।

सपा के उम्मीदवार- जया बच्चन, आलोक रंजन, रामजी लाल सुमन

भाजपा के उम्मीदवार- आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, चौ. तेजवीर सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, संगीता बलवंत (बिंद), साधना सिंह नवीन जैन और संजय सेठ।

भाजपा भी कहां से लाएगी और विधायक

अमृत विचार : विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 252 है। सहयोगियों से 34 विधायक और भाजपा के खाते में जुड़ते हैं। इनमें अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी और सुभासपा के 6-6 विधायक शामिल हैं। यानि यह संख्या मिलाकर 286 तक ही पहुंचती है। जनसत्ता दल के दो एमएलए जोड़ लें तो संख्या होती है 288 है। अब अगर भाजपा को अपने सभी आठ उम्मीदवार जिताने के लिए 296 विधायकों का साथ चाहिए तो नौ की गणित कैसे सधेगी?। कुल मिलाकर राज्यसभा चुनाव में क्रॉसवोटिंग की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

एनडीए विधायकों ने किया पूर्वाभ्यास

अमृत विचार : भाजपा राज्यसभा चुनाव में अपने आठवें प्रत्याशी की जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही है। पार्टी नेताओं का दावा है कि उनके पास सभी आठ प्रत्याशियों की जीत के लिए जरूरी संख्या बल है। एनडीए के सभी विधायकों को सोमवार को दिनभर दो सत्रों में लोकभवन में मतदान का प्रशिक्षण दिया गया। शाम के सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। योगी ने सभी विधायकों को रात्रि भोज भी दिया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक के अलावा सहयोगी दलों के नेता शामिल रहे।

गोमती नगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का सपना हुआ पूरा : राजनाथ

लोकार्पण कार्यक्रम में शामलि हुए रक्षामंत्री, बोले-इसके लिए करनी पड़ी काफी मेहनत

- अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 554 स्टेशनों का हो रहा पुनर्विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

गोमती नगर स्टेशन पर विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार: गोमती नगर रेलवे स्टेशन के लोकार्पण अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की बहुत सारी रेल परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। मुझे जो जानकारी दी गई है, उसके अनुसार उत्तर प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 554 स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज,अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन कर राष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को समर्पित कर रहे हैं। इनकी लागत 41 हजार करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि पहले तो मैं दिल्ली से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोमती नगर रेलवे स्टेशन के कार्यक्रम में जुड़ना चाहता था लेकिन यह मेरा प्रोजेक्ट था, इसलिए मैं खुद को यहां आने से रोक नहीं सका। इस स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का सपना आज पूरा हुआ।

रक्षामंत्री ने बताया कि एयरपोर्ट की तरह गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को बनाने के पीछे काफी मेहनत की गई। उन्होंने बताया कि तत्कालीन रेल मंत्री सदानंद गौड़ा रेलवे बजट पर स्पीच दे रहे थे। उन्होंने कुछ रेलवे स्टेशनों की चर्चा की, जिन्हें विश्व स्तरीय बनाया जाना था। इसमें लखनऊ का नाम नहीं था। उसी समय मैंने रेल मंत्री को नाम लिख कर दिया और इसकी घोषणा करने को कहा। उन्होंने बजट स्पीच देते समय गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को भी विश्व स्तरीय बनाने की घोषणा की। इस स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने में लंबा समय लगा है बीच में कुछ परेशानियां भी हुई।

रक्षा मंत्री ने रेलवे के सभी अधिकारियों को इसके लिए बधाई दी। इंजीनियरों को भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने मजदूरों को भी धन्यवाद दिया जिनके खून पसीने की मेहनत से ही गोमती नगर रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हुआ। कार्यक्रम में मंच पर राज्यसभा सांसद बृजलाल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, दारा सिंह चौहान, महापौर सुषमा खर्कवाल, दिवाकर त्रिपाठी, राघवेंद्र शुक्ला, मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर सुधीर सिंह और रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

दो फ्लाई ओवर का तेजी से चल रहा निर्माण कार्य

उन्होंने कहा कि लखनऊ में दो फ्लाईओवर पर काम चल रहा है। आठ से नौ फ्लाईओवर और नए हैं, जिन पर काम शुरू होना है। रिंग रोड का भी निरीक्षण मैंने किया है। उसका काम भी तेजी से किया जा रहा है। आगामी तीन-चार दिनों के अंदर उसका काम पूरा हो जाएगा।

देश की सुरक्षा के लिए मिसाइल का निर्माण जरूरी

रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं यह भी बताना चाहूंगा कि अब लखनऊ की धरती पर ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। दूसरे सप्ताह में इसका भी लोकार्पण जरूर हो जाएगा। मैं नहीं चाहता हूं कि दुश्मनों पर कभी मिसाइल चलाने की जरूरत पड़े, लेकिन देश की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है इसलिए इसका निर्माण लखनऊ में शुरू हुआ है। पूरा काम होने में साल 2026 तक का समय है लेकिन इसका लोकार्पण मार्च के दूसरे सप्ताह में हो जाएगा।

अश्वनी कुमार अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बने

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने सोमवार को पांच आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। अयोध्या के नगर आयुक्त व अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक बनाया गया है। बृज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ व मथुरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रताप को महानिदेशक आयुष बनाया गया है।

विशेष सचिव पर्यटन अश्वनी कुमार पांडेय को अयोध्या विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष शर्मा को नगर आयुक्त अयोध्या का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शाहजहांपुर के सीडीओ श्याम बहादुर सिंह को मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष व ब्रज तीर्थ विकास परिषद का सीईओ

कांग्रेस ने लोस चुनाव के लिए नियुक्त किए 80 समन्वयक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ:

- इखलाख अहमद डेविड लखनऊ के समन्वयक नियुक्त

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज करते हुए प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश की कुल 80 सीटों के लिए समन्वयक नियुक्त कर दिये हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को समन्वयकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। लखनऊ सीट के लिए इखलाख अहमद डेविड, मोहनलालगंज सुरक्षित से अमरेश पांडेय, मुरादाबाद सीट के लिए डॉ युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, कानपुर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी व फैजाबाद के लिए मनोज तिवारी को समन्वयक बनाया गया है।

इसके अलावा रामपुर सीट के लिए हाजी इकराम कुरैशी, संभल के लिए अफरोज अली खान, अमरोहा से आतिफ हसन, खीरी से अनिल शुक्ला, धौरहरा से कैप्टन बंशीधर मिश्रा, सीतापुर से आशुतोष मिश्रा, हरदोई सुरक्षित से डॉ अभिषेक यादव, उन्नाव से शमीम खान, रायबरेली से इंदल रावत, अमेठी से देवानंद मिश्रा, सुल्तानपुर से सुरेश प्रताप सिंह, फतेहपुर से अखिलेश शुक्ला, बाराबंकी सुरक्षित से धर्मेंद्र चैधरी व गोंडा से चैधरी अखिलेश को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, सहारनपुर से कृष्णकांत शर्मा, कैराना से सोनू पठान, मुजफ्फरनगर से गौरव भाटी, बिजनौर से फूल कुंवर, नगीना सुरक्षित से दिनेश अवाना, मेरठ से संजीव शर्मा व बागपत से हेमंत प्रधान को समन्वयक बनाया गया है।

रालोद के विधायकों ने दिखाई एक जुटता

अमृत विचार,लखनऊ: विधानपरिषद के चुनाव के मद्देनजर रालोद के सभी नौ विधायकों सोमवार को विधायक राजपाल बालियान के सरकारी आवास पर बैठक की। लखनऊ स्थित बहुखंडी मंत्री आवास में संपन्न बैठक में विधायकों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने निर्देशानुसार चुनाव में मतदान करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का कहना हैकि हम लोगों को नैतिक समर्थन एनडीए के साथ है।

मेडिकल कॉलेजों में अगले महीने पहुंचेंगे सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- 147 सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को बतौर सहायक आचार्य पद पर तैनात किया जायेगा
- सरकारी संस्थानों से उत्तीर्ण डॉक्टरों को बांड के तहत दो साल तक देनी होगी सेवाएं

अमृत विचार: सरकारी मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न विभागों के कुल 147 सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को बतौर सहायक आचार्य पद पर तैनात किया जायेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग के तहत सोमवार को विभागवार डॉक्टरों की सूची जारी कर दी गई है। कॉलेज आवंटन की सूची 29 फरवरी को जारी कर दी जायेगी। इन डॉक्टरों की नियुक्ति के साथ ही कॉलेज संबद्य अस्पतालों में गुणवत्ता युक्त चिकित्सकीय सेवाएं बढ़ जायेंगी।

नीट एसएस 2020 बैच के सरकारी संस्थानों से उत्तीर्ण चिकित्सकों को बांड के तहत दो साल सेवाएं देनी होगी। इसके लिए चल रही काउंसिलिंग के तहत सूची में शामिल अभ्यर्थियों को अगले दो दिन तक कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होगी, इसके लिए रिक्त सीटों के अधार पर कॉलेज आंवटित कर 29 फरवरी को सूची जारी कर दी जायेगी। साथ ही मार्च प्रथम सप्ताह में ज्वाइनिंग भी करनी होगी।

किस विभाग को मिले कितने मिले डॉक्टर

तैनाती पाने वाले डॉक्टरों में सबसे ज्यादा 24 कॉडियोलॉजिस्ट, 16 न्यूरोलॉजिस्ट, 17 न्यूरो सर्जन, 14 गेस्ट्रो सर्जन, पांच सर्जिकल आंकोलॉजी, छह नेफ्रोलॉजिस्ट, 12 यूरोलॉजिस्ट, तीन पल्मोनरी मेडिसिन, पांच प्लास्टिक सर्जन, दो पीडियाट्रिक गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी, एक पीडियाट्रिक सर्जन,एक नियोनेटोलॉजी,दो मेडिकल जनेटिक्स, तीन जिरियाटिक मेंटल हेल्थ, तीन क्लीनिकल हेमोटोलॉजी, नौ क्नीनिकल इम्योनोलॉजी,, पांच इंडोक्राइन सर्जन, पांच इंडोक्राइनोलॉजी, पांच क्रिटिकल केयर यूनिट विशेषज्ञ, तीन कार्डियक एनेस्थिसिया।

एआई तकनीक से बढ़ेगा टेलीमेडिसिन का दायरा: पाठक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

एमओयू हस्तातंरित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक , राज्य मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

- गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा को लेकर एमओयू साइन
- आईआईटी कानपुर, एसबीआई और फिक्की के साथ हुआ एमओयू

अमृत विचार: सरकारी अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता बढ़ने के साथ ही मरीजों तक पहुंच का दायरा बढ़ेगा। कम समय में बीमारी की सटीक जांच की पुष्टि होने पर इलाज भी प्रभावी मिलना आसान हो जायेगा। इसके लिए कानपुर के आईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) के साथ स्वास्थ्य विभाग ने एमओयू साइन किया है। आईआईटी के साथ आने से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी। यह बात सोमवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहीं।

उप मुख्यमंत्री, शास्त्री भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कानपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और फिक्की से साथ कुल तीन एमओयू हस्तातंरित करने के बाद बोल रहें थे। उन्होंने बताया कि एआई का उपयोग मानव जीवन में प्रवेश कर रहा है, आंकड़ों के आधार बीमारी की गंभीरता आंकना आसान हो जायेगा।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि दूसरा एमओयू स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुआ है, इसमें अधिकृत निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डिजीटल इंटरफेस ई-रूपी वाउचर दिया जायेगा। तीसरे एमओयू में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा प्रथम चरण में तीन जिलों में स्मार्ट आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विकास किया जायेगा। साथ ही हेल्थ सबसेंटर्स में मिलने वाली सुविधाओं को भी डिजीटली रूप से प्रभावी बनाई जायेंगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा, एनएचएम निदेशक डॉ.पिंकी जोवेल, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर, निदेशक डॉ. राजागणपति समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

दूसरे राज्यों से भी जुड़ रहे हैं भर्ती परीक्षा में सेंधमारी के तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मास्टर माइंड तक पहुंचने में जुटी एसटीएफ
- दिल्ली, मध्य प्रदेश और बिहार तक है जांच के दायरे में

अमृत विचार: सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण में हालांकि एसटीएफ अभी तक असल गुनाहगार तक नहीं पहुंच सकी है, लेकिन तफ्तीश में परीक्षा में सेंधमारी के तार उप्र के अलावा दूसरे राज्यों से भी जुड़ रहे हैं। उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड को बीते दिनों ऑनलाइन मिले 15सौ से अधिक सूबतों की पड़ताल करने के बाद एसटीएफ को यह उम्मीद हो चली है कि जल्दी ही उसके हाथ मास्टरमाइंड के गिरेबा तक पहुंच जाएगी।

दरअसल, सबूत देने वालों में ज्यादातर कोचिंग संस्थान और यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षक हैं, ऐसे में वह उन शिक्षकों से संपर्क कर रही है। उनसे पूछताछ कर असली गुनाहगार तक पहुंचने वाले रास्ते में छायी धुंध साफ करने में जुटी है।

इसी क्रम में एसटीएफ की टीम ने रविवार को कानपुर कोचिंग संस्थान चलाने वाले शिक्षक रामजी शुक्ल से मामले की जानकारी जुटाई है। उन्होंने सभी डिजिटल सुबूत एसटीएफ टीम को उपलब्ध कराए हैं। वहीं दूसरी ओर यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षक विवेक कुमार से भी सोमवार को पूछताछ की। विवेक ने भी बहुत सारे सबूत एसटीएफ टीम को सौपे हैं। बताया जाता है कि विवेक ही ने सबसे पहले पेपर लीक होने की सूचना पुलिस महकमें को दी थी।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक होने का पहला सुबूत एक टेलीग्राम चैनल से मिला है। इसका लिंक दिल्ली से निकल रहा है। ऐसे में दिल्ली के कोचिंग संस्थानों और पेपर लीक करने वाले के रिश्तों पर संदेह गहरा हो गया है। लिहाजा दिल्ली के संदिग्ध कोचिंग संस्थानों के संचालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर परदा उठाने की कोशिश में है।

परीक्षा के दौरान पकड़े गए सॉल्वर में ढेर सारे बिहार से भी जुड़े रहे हैं, ऐसे में एसटीएफ की एक टीम बिहार के गैंग पर भी अपनी नजर टिकाए हुए है। बताया जा रहा है कि झांसी में पकड़ा गया रजनीश रंजन बिहार के कुख्यात गैंग रंजीत डॉन से जुड़ा हुआ है। रंजीत डॉन नाम से मशहूर इस शख्स को नकल माफिया और पेपर लीक के मास्टर माइंड के रूप में जाना जाता है।

व्यापमं घोटाले में जेल जा चुका है अमिताभ रावत

झांसी से ही गिरफ्तार अमिताभ रावत व्यापमं घोटाले में जेल जा चुका है। लिहाजा एसटीएफ की जांच का दायरे में मध्य प्रदेश भी है। उधर, एसटीएफ के हत्थे चढ़ा बलिया के नीरज यादव को साल्व्ड पेपर मुहैया कराने वाले मथुरा का उपाध्याय पर शिकंजा कसने में एसटीएफ टीम जुटी हुई है।

एक ही जगह से लीक हुआ पेपर

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद एसटीएफ इस नतीजे पर पहुंची है कि पेपर एक ही जगह से लीक हुआ और उसे अलग-अलग एजेंटों के जरिए बेचा और वायरल किया गया। इसी को केंद्र में रखकर एसटीएफ अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। जौनपुर में पकड़े गए सभी आरोपियों का ब्योरा खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर पेपर लीक यहीं से हुआ है।

होमगार्ड ड्यूटी घोटाला के आरोपी की जांच सुस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभाग बीओ की बर्खास्तगी की तैयारी में और जांच अभी तक नहीं पहुंची किसी नतीजे पर

अमृत विचार: होमगार्ड जवानों की दोहरी ड्यूटी लगाकर चार करोड़ से अधिक घोटाले की जांच पर कमिश्नरेट पुलिस कुंडली मारकर बैठ गई है। तकरीबन आठ माह होने को हैं और कमिश्नरेट पुलिस की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है, जबकि होमगार्ड विभाग मुख्य आरोपी बीओ एवं अन्य की बर्खास्तगी की तैयारी में बैठी है। इसके चलते विभाग के आला अफसरान दबी जुबान यह मानने लगे हैं कि कमिश्नरेट पुलिस ब्लाक आर्गनाइजर व अन्य को बचाने के चक्कर में जांच को लटकाए हुए है।

मुख्य सचिव के आफिस-आवास व अन्य सरकारी संस्थानों में लगे होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाकर दूसरे स्थानों पर ड्यूटी कराए जाने का मामला जून, 2023 में सामने आया था। डीजी होमगार्ड ने मामले की जांच कराई तो भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे। इसके बाद पूर्वी परिक्षेत्र के डीआईजी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। इस समिति ने मई 2003 से 2017 के बीच की लगाई गई ड्यूटी की जांच की तो तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपए के घोटाला किए जाने का मामला सामने आया।

इस मामले में गोमतीनगर विस्तार थाने में ब्लाक आर्गेनाइजर (बीओ) सुरेश सिंह और अन्य के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई। डीजी होमगार्ड ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने की भी सिफारिश कर रखी है, जिससे अपराध से कमाई गई संपत्ति को जब्त कराया जा सके।

होमगार्ड विभाग के बड़े अफसरों का कहना है कि बीओ के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं। ऐसे में विभाग उसकी बर्खास्गी की तैयारी कर चुका है, लेकिन कमिश्नरेट पुलिस की ओर से अभी तक जांच पूरी नहीं की जा सकी है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,790.13	22,122.05
गिरावट	352.67	90.65
प्रतिशत में	0.48	0.41

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 27 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
गेहूं दड़ा	2525-2550
आर.आर.21	2700-2750
गेहूं फारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4200-4300
उड़द हरा	10000-10200
उड़द काला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहर फूल	14500-14700
अरहर स्पेशल1	12000-12100
चना दाल	6900-7000
मटर दाल	4900-5000
मसूर मलका	6800-6850
मसूर दाल	6900-6950
उड़द दाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूंग दाल	8800-10300
मूंग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं 1.	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं 2.	6500-7500
किराना (प्रति क्वि.)	
कली मिर्च	55000-70000
बड़ी इलायची	85000-120000
सोंठ	30000-40500
धनिया	6000-13000
लाल मिर्च	28000-34000
जीरा	58000-62000
अजवाइन	20000-28000
हल्दी	13500-16500।

विकसित भारत लक्ष्य में कपड़ा क्षेत्र अहम

प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स-2024 का किया उद्घाटन, कहा- इस क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का प्रयास कर रही है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का वादा किया और साथ ही इस बात पर बल दिया कि यह क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत 2047 में आजादी के सौ साल पूरे करेगा। मोदी ने 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए सरकार बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रही है। 'भारत टेक्स' देश में आयोजित सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हमने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं। विशेष रूप से भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'भारत टेक्स' जैसा आयोजन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।" उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन सात लाख करोड़ रुपये से भी कम था, जबकि अब यह 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में धागे, कपड़े और परिधान के उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का कपड़ा क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण पर पूरा ध्यान है। कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार की संभावना, ग्रामीण आबादी और महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि परिधान निर्माताओं में दस में से सात महिलाएं हैं और हथकरघा में तो यह संख्या और भी अधिक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि पिछले 10 साल में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कपास किसानों का समर्थन कर रही है और उनसे कपास खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया 'कस्तूरी कॉटन' वैश्विक स्तर पर भारत का 'ब्रांड मूल्य' बनाने में एक बड़ा कदम होगा।

ऐसे समाज का निर्माण करेंगे, जहां सरकारी दखल कम से कम हो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो और वह लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे। 'भारत टेक्स 2024' के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो। मैं विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन में हस्तक्षेप को पसंद नहीं करता हूं।' मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से वह न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप वाले समाज के निर्माण के लिए लड़ रहे हैं और अगले पांच वर्षों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार को उत्प्रेरक एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए।

देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 7% रहेगी

मुंबई, एजेंसी

● जर्मन ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने लगाया अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर स्थिर मूल्य पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है।'

तिमाही वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही थी। ब्रोकरेज कंपनी के विश्लेषकों के अनुसार, उसका अनुमान औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, आयात (तेल और सोने को छोड़कर), बैंक कर्ज और उपभोक्ता वस्तुओं सहित पांच महत्वपूर्ण संकेतकों के सूचकांक पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 65 उच्च-आवृत्ति वाले संकेतकों से जुड़ा एक अन्य संकेतक भी दिसंबर तिमाही में 7 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दे रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे पहले कोविड महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। आर्थिक वृद्धि की गति अनुमान से कहीं बेहतर रही है।'

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	71,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80,000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,200।

बीते साल विलय-अधिग्रहण सौदों का मूल्य 27 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों का मूल्य पिछले साल यानी 2023 में 27 प्रतिशत घटकर 136 अरब डॉलर रह गया। डेलॉयट इंडिया की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, विलय एवं अधिग्रहण बाजार के इस साल स्थिर रहने की संभावना है।

रिपोर्ट 'इंडिया एमएंडए ट्रेंड्स' के अनुसार, "ऊंची ब्याज दरों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, नियामकीय जांच और भू-राजनीतिक जोखिमों से उत्पन्न महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का विलय एवं अधिग्रहण बाजार 2023 में मजबूत रहा।" रिपोर्ट में कहा गया, "वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय बाजार में सौदे स्थिर रहने की उम्मीद है जो वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच कंपनियों और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।"

पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की अनुमति: डीजीएफटी

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की तत्काल प्रभाव से अनुमति है। यह अनुमति उन खेपों के लिए है, जिन्हें 30 अप्रैल या उससे पहले जहाज पर लदान से जुड़े बिल जारी किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एमआईपी (न्यूनतम आयात मूल्य) और बंदरगाह प्रतिबंध शर्तों के बिना आयात की अनुमति है। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि हालांकि इसके लिए आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण की जरूरत है।

भारतीय होटल उद्योग सात से नौ फीसदी राजस्व वृद्धि दर्ज करेगा

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय होटल उद्योग को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में सात से नौ प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इक्रा ने कहा कि घरेलू अवकाश यात्रा का निर्वाह, बैठकों, सम्मेलन और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) की मांग ऐसे कारक हैं, जो आगामी आम चुनावों के दौरान अस्थायी शांति के बावजूद अगले वित्त वर्ष में मांग को बढ़ाएंगे।

शोध कंपनी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में आध्यात्मिक पर्यटन और दूसरी श्रेणी के शहरों से समग्र मांग में सार्थक योगदान मिल सकता है। इक्रा के अनुसार, चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में अखिल भारतीय होटल अधिभोग का अनुमान दशक के उच्चतम स्तर 70 प्रतिशत से 72 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 68 प्रतिशत से 70 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में देशभर में कमरों का औसत शुल्क 7,200 से 7,400 रुपये रह सकता है, जिसके अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 7,800 से 8,000 होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग में सुधार के साथ इक्रा का भारतीय होटल उद्योग के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है।

एसबीआई समेत 3 बैंकों पर आरबीआई ने लगाया 3 करोड़ का जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और सिटी यूनियन बैंक पर लगभग तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने सोमवार को बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कोष योजना, 2014 से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए एसबीआई पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा आय पहचान, फंसे कर्ज को लेकर कुछ निर्देशों का अनुपालन न करने को लेकर सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड पर 66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

राष्ट्रीय

संदेशखालि: शाहजहां को हर हाल में गिरफ्तार करे पुलिस

कलकत्ता हाईकोर्ट ने दूसरी बार पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार, कहा- गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक नहीं

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकारते हुए निर्देश दिया कि संदेशखालि में यौन उत्पीड़न के आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है।

अदालत ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि संदेशखालि में उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना राज्य पुलिस को चार साल पहले ही दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, 'यह और भी आश्चर्यजनक है कि 42 मामलों को आरोपपत्र का रूप लेने में चार साल लग गए।' मामले में पेश अधिवक्ताओं ने कहा कि एक गलत धारणा बनाई गई कि अदालत ने शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। इस पर पीठ ने कहा कि संदेशखालि में घटनाओं के संबंध में ऐसा कोई मामला रिकॉर्ड में नहीं है कि शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। अदालत ने कहा, 'अतः संबंधित पुलिस प्राधिकारी उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करें।'

अदालत ने निर्देश दिया कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीन हड़पने के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले में शेख प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री द्वारा समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाए, जिसमें यह कहा गया हो कि शेख को मामले में पक्षकार बनाया गया है, क्योंकि वह फरार है और उसे 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय पर भीड़ के हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

गत 5 जनवरी को संदेशखालि में शाहजहां के आवास पर छापेमारी के लिए गई ईडी टीम पर भीड़ द्वारा हमला किया गया था। शेख तब से फरार है। शाहजहां व उसके समर्थकों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हो रहे हैं।

सात दिनों में गिरफ्तार किया जाएगा शाहजहां: टीएमसी

कोलकाता। टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि शाहजहां शेख को सात दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीएमसी नेता का यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के तुरंत बाद आया है कि शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बारे में अभिषेक बनर्जी की बात सही है। मामला अदालत के कानूनी पचड़े में फंसा हुआ था। विपक्ष इस मौके का फायदा उठाकर राजनीति कर रहा था। मामले को स्पष्ट करने और पुलिस को कार्रवाई की आज इजाजत देने के लिए उच्च न्यायालय को धन्यवाद। शाहजहां को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

आरोपी तृणमूल नेताओं के घरों में तोड़फोड़

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के अशांत क्षेत्र संदेशखालि में सोमवार को एक बार फिर प्रदर्शन हुआ और लोगों के एक समूह ने टीएमसी के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की। इन नेताओं पर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का आरोप है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लाठी-डंडों से लैस स्थानीय लोगों ने टीएमसी के पंचायत नेता शंकर सरदार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए संदेशखालि के बरमाजुर इलाके में कुछ घरों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूमि हड़पने का आरोपी शंकर घर में मौजूद नहीं था और ग्रामीणों ने घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ मार-पीट की। पुलिस बाद में वहां पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की।

जवानों-किसानों का शोषण कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस नेता पवन खेड़ा।

कांग्रेस ने मोदी सरकार को जवान और किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि उसकी नीतियों के कारण देश का किसान तथा जवान पीड़ित है और इन दोनों का जमकर शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आज जवान और किसान दोनों का शोषण हो रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, "आज देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है। इसका जिम्मेदार कौन है। आप फौज पर राजनीति करके राष्ट्रहित की बात नहीं कर सकते। इसलिए सरकार अग्निपथ योजना वापस ले और सेना में पक्की भर्ती दोबारा शुरू करे। सेना द्वारा करीब दो लाख युवकों का पूरी प्रक्रिया के बाद चयन हुआ है, उन सभी नौजवानों को जॉइनिंग दी जाए।" कांग्रेस नेताओं ने कहा "सरकार जी-20 के आयोजन, प्रधानमंत्री के हवाई जहाज, सेंट्रल विस्टा जैसे प्रोजेक्ट और अपने प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च कर सकती है, लेकिन पैसा बचाने के लिए सेना भर्ती प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है। हमारा आग्रह है कि चयनित युवाओं को नौकरी दी जाए। पार्टी देश के उन सभी लाखों युवाओं के साथ खड़ी है जो सेना में अपना भविष्य देखते हैं।"

उन्होंने कहा, "देश में कोविड के दौरान और उससे पहले सेना की कई भर्तियां पूरी हो चुकी थी और चयनित युवकों की सिर्फ जॉइनिंग बाकी थी, लेकिन अग्निपथ योजना आने के बाद चयनित इन नौजवानों को जॉइनिंग नहीं दी गई। इन नौजवानों ने राहुल गांधी जी से मिलकर अपना दर्द साझा किया था।"

एक नजर

तमिलनाडु सरकार ईडी की मदद करे: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए। इसमें कोई नुकसान नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले हफ्ते धनशोधन के एक मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टर को तलब किया था।

दुष्कर्म के आरोपी ने युवती को गोली मारी, गिरफ्तार

जयपुर। कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दुष्कर्म के एक आरोपी और उसके दो साथियों ने 25 वर्षीय पीड़िता को कथित तौर पर गोली मारी और उस पर गंडासे से हमला कर दिया। हमले मे पीड़िता का भाई भी घायल हो गया। दोनों का जयपुर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी राजेंद्र यादव का सोमवार को जयपुर में ट्रेन की चपेट में आने से पैर कट गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया है।

क्रिकेट खेलने के दौरान बेहोश होकर गिरा युवक, मौत

गुना। मध्य प्रदेश के गुना जिले में क्रिकेट खेलते समय 28 वर्षीय एक युवक बेहोश होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एसओ भोला ने कहा कि एक क्रिकेट मैच के दौरान गिरने के बाद दीपक खांडेकर को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस प्रभारी ने कहा कि अस्पताल ले जाने के दौरान खांडेकर की नब्ज नहीं चल रही थी।

मोदी के दौरे से पहले आईएस सदस्य गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में एनआईए ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए 24 महीने जेल की सजा मिली थी। खबरें थीं कि जेल से रिहा होने के बाद उसने कई बार वट्टियूरकावु का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पार्टी 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

कश्मीर-लद्दाख के बीच में फंसे 260 सैलानियों को एयर लिफ्ट किया

जम्मू। वायुसेना ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे लगभग 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने पर 22 जनवरी को सेवा शुरू होने के बाद से एएन-32 विमान से अब तक कुल 1,551 यात्रियों को 'एयरलिफ्ट' किया गया है। एएन-32 विमान को करगिल कूरियर भी कहा जाता है।

झारखंड से कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

रांची। झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है।' भाजपा-आजसू (अखिल झारखंड छात्र संघ) गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 संसदीय सीट में से 12 पर जीत हासिल की थी।

मराठा आरक्षण: प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र के अंबड में कर्फ्यू लागू

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

● जिला प्रशासन ने एहतियातन उठाया कदम

कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने आदेश में कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वह मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि लोग उन्हें (मुंबई जाने से) रोकने के लिए जालना के अंतरवाली सरती गांव में आ सकते हैं, जहां कार्यकर्ता भूख हड़ताल कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि भारी भीड़ के कारण धुले-मुंबई राजमार्ग और आसपास के अन्य इलाकों पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही, दूध वितरण, मीडिया और अस्पतालों को इस आदेश से छूट दी गई है। जरांगे रविवार की रात अंतरवाली सरती से रवाना होकर पास के भांबेरी गांव पहुंचे।

जरांगे ने 17 दिन बाद अनशन वापस लिया

मुंबई। आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को घोषणा की कि वह मराठा आरक्षण मुद्दे पर अपना 17 दिन से जारी अनशन वापस ले रहे हैं। जरांगे ने हालांकि कहा कि वह अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि महाराष्ट्र सरकार उन लोगों के विस्तारित परिवार के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती, जिनके पास पहले से ही ऐसे दस्तावेज हैं।

जरांगे का यह फैसला मराठा समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण से संबंधित अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मुंबई तक मार्च की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जबकि मुंबई में राज्य विधानमंडल का बजट सत्र भी शुरू होने जा रहा है।

चुनावी बॉण्ड रद करने से अधिक पारदर्शिता आएगी : सेन

कोलकाता, एजेंसी

● प्रख्यात अर्थशास्त्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने चुनावी बॉण्ड योजना को रद करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का सोमवार को स्वागत किया और इस योजना को घोटाला बताकर इसकी निंदा की। सेन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स से बात की और कहा कि इस कदम से चुनाव के संदर्भ में लोगों के बीच अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा, 'चुनावी बॉण्ड एक घोटाला था और मुझे खुशी है कि अब उसे हटा दिया गया है।'

उच्चतम न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था और चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था।

लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया। सेन ने कहा, 'भारत में चुनावी प्रणाली दलगत राजनीति की प्रकृति से काफी प्रभावित है, जिससे आम लोगों के लिए यह सुनना बहुत कठिन हो जाता है कि उन्हें चुनाव में भाग लेना चाहिए।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि देश की चुनावी प्रणाली इस बात से प्रभावित होती है कि सरकार विपक्षी दलों के साथ कैसा व्यवहार करती है। उन्होंने कहा, 'यह विपक्षी दलों और उन लोगों के साथ व्यवहार से प्रभावित होती है, जिन्हें सरकार प्रतिबंधों के तहत रखना चाहती है। हम नागरिकों की अभिव्यक्ति और कार्य करने की स्वतंत्रता के अलावा यथासंभव स्वतंत्र चुनावी प्रणाली चाहते हैं।'

शीर्ष कोर्ट ने संजय की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

● मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आप नेता ने हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उस याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिसमें संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने जमानत याचिका को संजय सिंह की एक अन्य याचिका के साथ टैग कर दिया, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। संजय सिंह की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने जमानत याचिका पर नोटिस जारी करने की मांग की और याचिका को लंबित मामले के साथ टैग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लंबित मामले की सुनवाई 5 मार्च को होनी है और इसलिए दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए। पीठ ने सिंघवी के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ विचार किया जाएगा। बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

अन्नामलाई को राहत हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रोका

नई दिल्ली। शीर्ष अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने नफरती बयान देने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

अन्नामलाई ने अक्तूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया था। जिसमें उन्होंने पटाखे फोड़ने को लेकर कथित तौर पर ईसाई समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले में सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इंटरव्यू में दिए गए बयानों की ट्रांसक्रिप्ट को देखा और कहा कि पहली नजर में यह कोई नफरत फैलाने वाला बयान नहीं है।

आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका, कहा- आपको याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं

तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे।

जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है। जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा। दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं, जिसमें 20 नए अपराधों को परिभाषित किया गया है।

कोर्ट में स्वीकारी गलती, केजरीवाल बोले- वीडियो रिट्वीट करना मेरी गलती

मानहानि मामला

दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। दरअसल, ये मामला मई 2018 का है। अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था। इसी को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगा और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अदालत से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी के रूप में अरविंद केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था।

राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते केजरीवाल।

एक नजर



तिरुवनंतपुरम। सोमवार को अट्टुकल समापन के दौरान भक्तों ने जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह अट्टुकल भगवती मंदिर का दस दिवसीय त्योहार है। यह त्योहार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है। साल 1997 में 15 लाख महिलाओं ने पोंगल चढ़ाकर रिकॉर्ड बनाया था।

गुजराती परिवार की मौत मामले में भारतवंशी शिकागो से गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। मानव तस्करी की 2022 की एक घटना की जांच के दौरान शिकागो में एक भारतवंशी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में गुजराती परिवार के चार सदस्य कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के प्रयास में मृत पाए गए थे। पिछले हफ्ते द शिकागो ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि हर्षकुमार रमनलाल पटेल को शिकागो के ओ हेयर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। उसे 28 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाना है।

धोखाधड़ी मामले में फैसले के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ने की अपील

न्यूयॉर्क। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 45.4 करोड़ डॉलर के न्यूयॉर्क नागरिक धोखाधड़ी मामले के फैसले के खिलाफ अपील की है, जिसमें एक न्यायाधीश के इस फैसले को चुनौती दी गई है कि ट्रंप ने अपनी संपदा के बारे में झूठ बोला था और अपने रियल एस्टेट साम्राज्य को इस तरह बढ़ाया था जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई और राष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। ट्रंप ने अपील करते हुए कोर्ट से कहा कि न्यायाधीश आर्थर के फैसले को पलट दिया जाए।

जवान ने इजराइली दूतावास के बाहर खुद को लगाई आग, गंभीर

वाशिंगटन। अमेरिका के वाशिंगटन। में इजराइली दूतावास के बाहर एक वायुसेना के जवान ने खुद को आग लगा ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर को घटी। व्यक्ति ने इजराइल के दूतावास खड़े होकर खुद को आग लगा ली। इसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अफसरों और डीसी अग्निशमन दल ने आग बुझाई और शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जिस शख्स ने खुद को आग लगाई, उसका नाम एरॉन बुशनेल बताया गया है। यह व्यक्ति अमेरिकी वायुसेना का एक सक्रिय सैनिक है। इस घटना के एक वीडियो में एरॉन बोलता है कि वह नरसंहार में शामिल नहीं रहेगा।

मरियम नवाज बनीं पाकिस्तान के पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री

इमरान की पार्टी के नेता राणा को दी शिकस्त, पार्टी उपाध्यक्ष भी हैं नवाज की बेटी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री पीएमएलएन नेता मरियम नवाज को बनाया गया। बता दें कि मरियम तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सांसदों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता है।

पीएमएलएन नेता ने पीटीआई समर्थित एसआईसी के राणा आफताब को हराकर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुनाव जीता। मरियम ने पंजाब विधानसभा में जाने से पहले जती उमरा में अपनी मां की कब्र का दौरा किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएमएलएन ने बताया कि मरियम ने अपने नाना-नानी की कब्रों का भी दौरा किया। पीएमएल-एन ने चुनाव से पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'हमारे देश के इतिहास में पहली बार, एक महिला पंजाब की सीएम बनेगी। मरियम नवाज शरीफ पंजाब की सीएम पद की शपथ लेने वाली पहली महिला होंगी।

2012 में राजनीति में उतरीं, 2024 में मुख्यमंत्री बनीं मरियम

मरियम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरियम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरियम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरियम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

गौहर खान फिर चुने गए इमरान की पार्टी पीटीआई के अध्यक्ष

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने यू-टर्न लेते हुए बैरिस्टर गौहर खान को फिर से पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने पहले बैरिस्टर अली जफर को अध्यक्ष नियुक्त किया था। बैरिस्टर गौहर खान (45 वर्षीय) को बीते साल दिसंबर में भी पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि पार्टी के संगठन चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती दी गई। कोर्ट ने पीटीआई के आंतरिक चुनाव को रद कर दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया गया। इसके बाद गौहर खान पार्टी के अध्यक्ष पद से हट गए थे। बीते हफ्ते गौहर खान ने एलान किया कि पार्टी के नए अध्यक्ष बैरिस्टर अली जफर होंगे और उन्हीं की देखरेख में 3 मार्च को पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने पार्टी का चेयरमैन बनने से इनकार कर दिया। ऐसे में बैरिस्टर गौहर अली ने फिर से पार्टी के चेयरमैन बनने के लिए नामांकन किया। बैरिस्टर गौहर खान को पीटीआई चीफ इमरान खान ने नामांकित किया था, ऐसे में उनकी जीत तय मानी जा रही है।

साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

नई दिल्ली। साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है। एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे। वराइच ने नई दिल्ली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वराइच इससे पहले अफगानिस्तान, तुर्किए और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं।

हिंद प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तुवालु में फेलेटी टेओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। तुवालु के संसदीय सदस्यों ने पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टेओ को देश का अगला पीएम चुना। शीर्ष पद के लिए नामांकन करने वाले फेलेटी टेओ एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें निर्विरोध पीएम चुन लिया गया। तुवालु के पूर्व पीएम कोसिया नातानो की 26 जनवरी को हुए चुनाव में हार हुई थी। नातानो ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के पक्ष में थे। नातानो की हार के साथ ही तुवालु की ताइवान को लेकर नीति पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

इस्लामोफोबिया विवाद: पार्टी के बचाव में उतरे पीएम सुनक

लंदन, एजेंसी

● पार्टी के सांसद ने की थी विवादित टिप्पणी, कहा था- लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में

इस्लामोफोबिया को लेकर ली एंडरसन और सुएला ब्रेवरमैन की टिप्पणियों के बाद अब प्रधानमंत्री सुनक मजबूरन अपनी पार्टी के बचाव में उतर आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कंजर्वेटिव पार्टी में 'इस्लामोफोबिक प्रवृत्ति' है तो उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। इस दौरान सुनक ने यह भी कहा कि इस बहस को इस तरह से न भड़काया जाए जो दूसरों के लिए हानिकारक हो।

गौरतलब है कि यूके में इन दिनों लंदन के मेयर सादिक खान सुर्खियों में हैं। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद ली एंडरसन ने सादिक खान पर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में हैं।

इतना ही नहीं ली ने यह भी कहा था कि सादिक ने लंदन को आतंकियों को समर्पित कर दिया है। उनके इस बयान की खूब आलोचना की गई थी। बाद में उन्हें पार्टी से भी निलंबित कर दिया गया था। ली की ये टिप्पणियां तब आई थीं, जब गाजा में युद्धविराम को लेकर लंदन में इजराइल के विरोध में कई रैलियां निकाली गई थीं।

भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर अशोक को अमेरिका में सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कार से किया गया सम्मानित

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के अमेरिकी इंजीनियर और प्रोफेसर अशोक वीरराघवन को टेक्सास के सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। वीरराघवन को इंजीनियरिंग में एडिथ और पीटर ओ'डोनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी राज्य के उभरते शोधकर्ताओं को यह पुरस्कार प्रदान करता है। वीरराघवान राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आर. ब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। यह पुरस्कार उन्हें इमेजिंग तकनीक के विकास के लिए दिया गया है, जो अदृश्य को दृश्यमान बनाने का प्रयास करती है। यह पुरस्कार राज्य के चिकित्सा, इंजीनियरिंग, जैविक विज्ञान, भौतिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार में अच्छे प्रदर्शन के बाद दिया जाता है।

भोजन की आस...

गाजा : हताश लोगों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। मानवाधिकार की वकालत करने वाली संस्था 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने सोमवार को आरोप लगाते हुए गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि इजराइल बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में ईंधन उपलब्ध कराने की पर्याप्त सुविधा नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ गाजा के समुद्र तट पर मानवीय सहायता की प्रतीक्षा में बैठे फिलिस्तीनी नागरिक। ● एजेंसी

फिलिस्तीन के पीएम मोहम्मद शतयेह ने दिया इस्तीफा

गाजा । इजराइल हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने अपनी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। फिलिस्तीन की सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करती है।

इस्तीफे की जानकारी देते हुए शातयेह ने कहा, मैं सरकार का इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंपता हूं, उन्होंने कहा, यह गाजा के खिलाफ आक्रामकता और वेस्ट बैंक और यरूशलेम में तनाव से संबंधित घटनाक्रम के मद्देनजर लिया गया फैसला है। उन्होंने आगे कहा गाजा में युद्ध, नरसंहार और भुखमरी की वजह से मैंने इस्तीफा दिया है।

जब तक जिंदा हूं, बाल विवाह नहीं होने दूंगा

● मुस्लिम विवाह कानून निरस्त के बाद विस में विपक्ष के विरोध पर गरजे सीएम हिमंत बिस्व सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी

असम सरकार की ओर से मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसका जवाब सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में दिया। विपक्षी दलों पर गरजते हुए सरमा ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा।

मुस्लिम विवाह कानून के निरस्त होने पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने आज विधानसभा में भाजपा का विरोध किया। इस पर भड़कते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, "आप मुझे ध्यान से सुन लें। जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। जब तक हिमंत बिस्व सरमा जिंदा है, तब तक यह नहीं हो सकता। मैं आपको राजनीतिक तौर पर चुनौती देता हूं। मैं 2026 से पहले ये दुकान बंद कर दूंगा। इस बीच कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों ने असम विधानसभा में जमकर हंगामा किया। एआईयूडीएफ ने सरमा कैबिनेट के मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त करने के फैसले का विरोध करते हुए इसके खिलाफ स्थगन प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन के स्पीकर बिश्वजीत दयमारी ने इसे स्वीकार नहीं किया। दो दिन पहले ही असम सरकार ने राज्य में बाल विवाह पर रोक के लिए मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून, 1935 खत्म कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था।

सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

तालिबान ने हत्या के दोषी को गोली मारकर मौत की सजा दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

● अफगानिस्तान में पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली यह तीसरी मौत की सजा, दोषी को सरेआम मारी गोली

अफगानिस्तान में तालिबान शासन के दौरान एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से मौत की सजा देने की घटनाएं बढ़ गई हैं। उत्तरी अफगानिस्तान में सोमवार को हत्या के दोषी एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई। यह सजा एक खेल स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई। पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली तीसरी ऐसी मौत की सजा है।

मारे गए व्यक्ति के भाई ने दोषी को राइफल से पांच गोलियां मारीं। स्टेडियम के आसपास कड़ी सुरक्षा की गई थी। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद से यह पांचवीं सार्वजनिक मौत की सजा है। तालिबान सरकार की ओर से इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सजा पाने वाले व्यक्ति की पहचान फरयाब प्रांत के नजर मोहम्मद के रूप में हुई है। उसने फरयाब प्रांत के ही खल मोहम्मद की हत्या कर दी थी। इससे पहले दक्षिणपूर्वी गजनी प्रांत में गुरुवार को तालिबान ने चाकू मारकर हत्या करने के दोषी दो लोगों को मौत की सजा दी थी। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने दोनों को गोली मार दी थी। यह सजा भी एक स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने सार्वजनिक रूप से हत्याएं करने, कोड़े मारने और पथराव के लिए तालिबान की कड़ी आलोचना की है और देश के शासकों से ऐसी प्रथाओं को रोकने का आह्वान किया है।

विज्ञान हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने की अजीबो-गरीब घटना की खोज

आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: इन दिनों हमारी आकाशगंगा में अजीबो गरीब घटना हो रही है । इस घटना में तारों के बादल तरंग के साथ तैर रहे हैं। इसका कारण गुरुत्वाकर्षण लहर माना जा रहा है। अब खगोलशास्त्री इस तरह की घटना दूसरी आकाशगंगाओं में तलाश करने लगे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार तारों के ये बादल हमारी आकाशगंगा की भुजाओं के साथ चलते हैं।

हांलाकि 2020 में सिर्फ एक तरंग जैसी आकृति देखी गई थी। मगर अब इसे श्रृंखला के रूप में देखा गया है। जो रोमांचक तरंग बना रहे हैं। आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण के कारण यह संरचना दोलन करती है।



आकाशगंगा में तरंग के साथ तारों के तैरते बादल की तस्वीर।

कई और रहस्य होंगे उजागर

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कई अन्य रहस्य उजागर करने में मददगार साबित होगी, जो वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण भी होगी। यह अपनेआप में बड़ी खोज है। आकाशगंगा में अक्सर कुछ न कुछ घटित होते रहता है। जिनके बारे में वैज्ञानिक अभी भी नही जानते हैं।

हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस खोज में यह भी पता चला है कि यह संरचना आकाशगंगा की सर्पिल भुजा के साथ तारों के समूहों को जन्म दे रही है। तारों के बादलों की यह रेडक्लिफ तरंग न केवल एक लहर की तरह दिखती है, बल्कि उसी की तरह चलती भी है। पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह संरचना हमारे आकाशगंगा के पिछले हिस्से में 9,000 प्रकाश-वर्ष लंबी फैली हुई है और सूर्य से केवल 500 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद है। हमारी अजशगंगा में यह सबसे बड़ी संरचना है। बड़ी बात यह है कि अब हम इसके बारे में जानते हैं। अच्छी बात यह है कि यह वास्तव में हमारे बहुत करीब है।

किशोरों को सोशल मीडिया से अलग रखने का कानून पास

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य की विस में कानून पास, 16 साल से कम किशोर अकाउंट नहीं बना पाएंगे

अमेरिका में फ्लोरिडा राज्य की विधानसभा ने सोशल मीडिया के संबंध में कड़ा कानून पास किया है। इसके तहत 16 साल से कम आयु के किशोरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉमों पर अकाउंट नहीं बनाने दिया जाएगा। गवर्नर रॉन डी सेंटिस ने कहा, इस विधेयक से फ्लोरिडा में लाखों युवाओं का जीवन बदल जाएगा।

बता दें, विधेयक को कानूनी चुनौती मिल सकती है। पिछले साल फेडरल अदालतों ने अरकंसास और ओहायो में लागू सोशल मीडिया कानूनों को रोक दिया है। न्यायाधीशों ने उन मामलों में कहा, नए कानूनों से सोशल मीडिया कंपनियों की अभिव्यक्ति की आजादी, सूचना देने के अधिकारों का हनन होगा। इनसे युवाओं के अधिकार भी प्रभावित होंगे। फ्लोरिडा के नए नियमों के तहत सोशल नेटवर्क 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के अकाउंट नहीं बनाएंगे। वे ऐसे अकाउंट बंद कर देंगे।

यह प्रावधान फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसी साइट और एप्स पर लागू होंगे। फ्लोरिडा का कानून अन्य राज्यों के कानूनों के मुकाबले अधिक कठोर है। वैसे, सिविल लिबर्टी ग्रुप और टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के संगठनों ने सोशल मीडिया पर नए प्रतिबंधों का विरोध किया है।